RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 294
फरीदाबाद, रविवार, 05 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




सांसारिक जीवन का समायोजन
पेज - 12

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

## अंटार्कटिका में दिखाई दिया पूर्ण सूर्य ग्रहण

एजेंसी। नई दिल्ली

**साल** का आखिरी सूर्य ग्रहण शनिवार का हुआ। ये भारतीय समय के मुताबिक सुबह तकरीबन 10.59 पर शुरू हुआ, तब आंशिक सूर्य ग्रहण था। दोपहर साढ़े 12 बजे बाद पूर्ण सूर्य ग्रहण शुरू हुआ। उस वक्त सूर्य का ज्यादातर हिस्सा चंद्रमा के पीछे छुप गया। 1 बजे के बाद सूर्य पूरी तरह चंद्रमा से ढंका हुआ था। ये नजारा पूर्ण सूर्य ग्रहण के रूप में सिर्फ अंटार्कटिका में दिखा। सेंट हेलेना, नामीबिया, लेसेथो, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण जॉर्जिया, सैंडविच आइलैंड, क्रोजेट आइलैंड, फाल्कलैंड आईलैंड, चिली, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में आंशिक सूर्यग्रहण देखा जा रहा है। ये सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखा इसलिए देशभर में इसका धार्मिक महत्व नहीं है।



### तीन तरह के सूर्य ग्रहण

**पूर्ण सूर्य ग्रहण:** इस स्थिति में चंद्रमा धरती के ज्यादा करीब रहते हुए पूरी तरह सूर्य और पृथ्वी के बीच में आ जाता है। ऐसी स्थिति में सूर्य पूरी तरह से चंद्रमा के पीछे छुपा हुआ दिखता है और धरती के कुछ हिस्से पर चंद्रमा की घनी छाया पड़ती है। ऐसी छाया वाले हिस्से पूर्ण सूर्य ग्रहण में आते हैं।

**आंशिक सूर्य ग्रहण:** जब पृथ्वी और सूर्य के बीच में चंद्रमा आता है तब कुछ जगहों पर घनी छाया और उसके आसपास हल्की छाया बनती है। हल्की छाया को उपछाया कहते हैं। जहां ये उपछाया रहती है वहां आंशिक सूर्य ग्रहण होता है। आंशिक ग्रहण की स्थिति में सूर्य थोड़ा सा कटा हुआ नजर आता है।

**वलयाकार सूर्य ग्रहण:** ऐसी स्थिति में चंद्रमा धरती से ज्यादा दूर रहते हुए पृथ्वी और सूर्य के बीच में आ जाता है। ऐसे में सूर्य का बाहरी हिस्सा कंगन या वलय के रूप में चमकता हुआ दिखता है। कंगन आकार में बने हुए ऐसे सूर्य ग्रहण को ही वलयाकार सूर्य ग्रहण कहते हैं।

## ज्योतिष: 75 साल बाद पंचग्रही योग में सूर्य ग्रहण

4 दिसंबर को ग्रहों की जो स्थिति बन रही है वैसी ही 23 नवंबर 1946 को बनी थी। यानी 75 साल बाद अगहन महीने की शनैश्चरी अमावस्या पर सूर्य ग्रहण होने के साथ ही वृश्चिक राशि में सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बुध और केतु के साथ पंचग्रही योग भी बन रहा है। सितारों की इस स्थिति का असर देश-दुनिया सहित सभी राशियों पर पड़ेगा।

इस बार का सूर्य ग्रहण भी देशभर में नहीं दिखेगा। इसलिए इसका सूतक मान्य नहीं होगा। जिससे पूरे दिन पूजा-पाठ और स्नान-दान किए जा सकेंगे। इस ग्रहण के कारण मेष, वृष, कर्क, तुला, वृश्चिक, धनु और मीन राशि वालों को विशेष सावधानी रखनी होगी। अन्य राशियों के लिए ये सूर्य ग्रहण सामान्य फल देने वाला रहेगा।

**पांच ग्रहों का असर:** इन ग्रहों के प्रभाव से देश में बड़े राजनीतिक बदलाव और कूटनीतिक क्षेत्र में सफलता के संकेत मिल रहे हैं। देश में मौसमी बदलाव से लोगों की परेशानियां बढ़ सकती है। विवाद, दुर्घटनाएं और आंदोलन बढ़ सकते हैं। प्राकृतिक आपदाएं आ सकती हैं। देश में कई जगह आगजनी की भी घटनाएं होने का अंदेशा बना रहेगा।

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 25.01°C
न्यूनतम 15.00°C

## क्विक न्यूज

### मोदी ने किया 18 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तराखंड में 18 हजार करोड़ रुपये की 11 योजनाओं का शिलान्यास किया। उनकी मेगा रैली के लिए देहरादून के परेड ग्राउंड में हजारों लोगों की भीड़ पहुंची है, जिन प्रोजेक्ट्स का मोदी ने शिलान्यास किया, उसमें टूरिज्म, सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कई प्रोजेक्ट शामिल हैं। इसमें 8300 करोड़ का दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर भी शामिल है। इससे दिल्ली और देहरादून का सफर 6 घंटे से घटकर 2.5 घंटे हो जाएगा।

### पोस्ट कोविड के बाद पत्रकार विनोद दुआ का निधन



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ का शनिवार को निधन हो गया। उनकी बेटी मल्लिका दुआ ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनका अंतिम संस्कार रविवार को होगा। विनोद पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दूरदर्शन और एनडीटीवी में कई साल तक काम करने वाले दुआ साल की शुरुआत में कोरोना से संक्रमित हो गए थे। तब भी उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा था। उनकी पत्नी रेडियोलॉजिस्ट पद्मावती चिन्ना दुआ का भी जून में कोविड से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया था।

### स्वीडन-भारत नोबेल स्मृति सप्ताह-2021 सोमवार से

**नई दिल्ली।** स्वीडन-भारत नोबेल स्मृति सप्ताह के 14वें संस्करण (एसआईएनएमडब्ल्यू) की शुरुआत सोमवार को होगी, जिसमें लिंगभेद, नवोन्मेष और स्थायित्व मुख्य विषय होगा। इस वार्षिक समारोह का आयोजन स्वीडन का दूतावास, मुंबई स्थित महावाणिज्य दूतावास, अन्य स्वीडिश भागीदार कर रहे हैं, जिनमें भारत में कार्यरत स्वीडन की कंपनियां भी शामिल हैं। हालांकि, महामारी की वजह से इस साल आयोजन डिजिटल माध्यम से होगा।

### 65 लाख रुपये का सोना और सामान जब्त

**चेन्नई।** हवाई अड्डे पर दो अलग-अलग घटनाओं में 65.13 लाख रुपये का सोना, विदेशी मुद्रा और इलेक्ट्रॉनिक सामान की तस्करी में संलिप्तता के आरोप में तीन यात्रियों को गिरफ्तार किया गया। सीमा शुल्क अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि उपरोक्त गिरफ्तारियां सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा दो अलग-अलग घटनाओं में की गई है।

### जारी रहेगा किसान आंदोलन

# केंद्र से बातचीत के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनी

### सरकार को दो दिन का वक्त, सात दिसंबर को फिर बैठक

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**किसानों** की सभी मांगें पूरी होने तक किसान आंदोलन खत्म नहीं होगा। शनिवार को सिंघु बॉर्डर पर हुई संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में यह फैसला लिया गया। इसके अलावा आगे के संघर्ष की रणनीति और केंद्र सरकार से बातचीत करने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बना दी गई है, जिसमें बलबीर सिंह राजेवाल, गुरनाम चढ़ूनी, युद्धवीर सिंह, शिवकुमार कक्का, अशोक धावले शामिल हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार को दो दिन का वक्त दिया है, जिसमें वह एमएसपी कमेटी, किसानों पर दर्ज केस वापस लेने, मुआवजे और बाकी मांगों के बारे में स्थिति स्पष्ट करें। इसके बाद सात दिसंबर को फिर मोर्चे की बैठक होगी।

इससे पहले किसान नेताओं ने आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले 702 लोगों की लिस्ट संयुक्त कृषि सचिव को भेज दी है। जिनके बदले केंद्र से मुआवजा मांगा गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने संसद में कहा था कि उनके पास आंदोलन में मरने वाले लोगों के बारे में जानकारी नहीं है। बैठक के बाद किसान नेता जोगिंदर उगराहां ने कहा कि बिजली बिल 2020, पराली और एमएसपी को लेकर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। इसके अलावा किसानों पर दर्ज केस के मामले में भी केंद्र ने कोई बात नहीं की। लखीमपुर खीरी में किसानों को कुचलने का मामला भी अभी पेंडिंग है। किसान नेता अशोक धावले ने कहा कि किसानों को एमएसपी की गारंटी का कानून चाहिए। इसके अलावा लखीमपुर खीरी के जिम्मेदार केंद्रीय मंत्री को भी केंद्र सरकार मंत्रिमंडल से बर्खास्त करे।

राकेश टिकैत ने कहा कि एसकेएम ने तय किया है कि 5 सदस्यीय कमेटी भारत सरकार से बात करेगी। राज्य स्तर पर सरकार से कौन बात करेगा, यह तय करने का काम भी इसी कमेटी का होगा। कमेटी सरकार से जो भी बात होगी, उसे संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में बताएगी। टिकैत ने कहा कि 2 दिन में केंद्र सरकार आंदोलन को लेकर अपना एजेंडा स्पष्ट करे। देशभर में किसानों पर दर्ज हुए केसों को रद्द करने पर कार्रवाई के बारे में भी जानकारी दे।



संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में मौजूद सदस्य।

### किसान और उनको सहयोग देने वाले लोगों पर दर्ज केस वापस हो: कक्का

किसान नेता शिवकुमार कक्का ने कहा कि केंद्र राज्य सरकार को निर्देश दे कि किसान और उनको सहयोग देने वाले सभी लोगों पर दर्ज केस वापस लें। किसानों की मौतों के आंकड़ों के सवाल पर उन्होंने कहा कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो सभी मौतों का हिसाब रखती है। इसके बावजूद सरकार का इसके बारे में पता न होने की बात कहना गलत है। जिन कृषि सुधार कानूनों के विरोध में यह आंदोलन शुरू हुआ था, केंद्र सरकार उन्हें वापस ले चुकी है। लोकसभा और राज्यसभा में पास होने के बाद इनकी वापसी पर राष्ट्रपति की मुहर भी लग चुकी है। इसकी घोषणा करते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमएसपी को लेकर कमेटी बनाने की बात भी कही थी, जिसके बाद किसान नेताओं से संपर्क कर पांच नाम भेजने को कहा था, जिन्हें कमेटी में शामिल किया जा सके। बैठक में इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया।

## भूपेंद्र हुड्डा के घर में दिखाएंगे कि जजपा क्या है : अजय चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। अंबाला



### कार्यकर्ताओं को नौ दिसंबर को होने वाली रैली के लिए दिया न्योता

### ऐलनाबाद में पार्टी ने अपने दम पर हासिल किए 60 हजार वोट

**जजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला शनिवार को अंबाला शहर सेक्टर-8 में पहुंचे। कार्यकर्ताओं को 9 दिसंबर को जजपा के स्थापना दिवस पर झज्जर में होने वाली रैली को न्योता भी दिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजय चौटाला ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधा। बोले कि हुड्डा कहा करते थे कि जजपा नेता गांव में घुसकर दिखाए। अब 9 तारीख को हुड्डा के घर में उनको दिखाएंगे जजपा क्या है।

जबकि ऐलनाबाद चुनाव में हुई हार पर कहा कि पार्टी ने 60 हजार वोट हासिल किए है, आप छोटी बात समझते हैं। जो लोग यह कहते थे कि यह गांव में घुस कर दिखाए। सिर्फ 3 गांव में विरोध हुआ है। वो भी भारतीय जनता पार्टी का विरोध हुआ होगा, लेकिन उनका कहीं भी किसी ने विरोध नहीं किया। 60 हजार वोट पार्टी के दम पर हासिल किए है। समस्त हरियाणा में जजपा के प्रति जनता में भारी जोश और उत्साह नजर आ रहा है। इस बीच इनेलो में घर वापसी पर पूछे गए सवाल पर अजय चौटाला ने कहा कि बड़े चौटाला साहब अगर अपनी बात पर पुनर्विचार करेंगे, तो अब इसका स्वागत करेंगे। किसान आंदोलन पर कहा कि ज्यादातर मांगे सरकार ने मान ली है। शुक्रवार को भी मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई है और केंद्रीय स्तर पर भी मुलाकात है। जल्द ही संपूर्ण हल हो जाएगा।

### पार्टी छोड़ने वाले कार्यकर्ताओं का वापसी पर होगा स्वागत

झज्जर रैली का किसानों द्वारा विरोध करने की स्थिति पर उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में विरोध करने का अधिकार सबको है। किसान चाहे तो शांतिपूर्ण विरोध कर सकते हैं। साथ ही कहा कि किसान आंदोलन के दौरान पार्टी छोड़ने वाले कार्यकर्ताओं का वापसी पर स्वागत किया जाएगा। जजपा जिला प्रभारी कुलदीप सिंह मुलतानी ने तीन कृषि बिलों की वापसी पर कहा कि उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने खुद प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिख इन कानूनों पर दोबारा सोचने के बारे में लिखा था। इस पर प्रधानमंत्री ने फैसला लेते हुए अब वापस ले लिया है। किसानों के ऊपर दर्ज मामलों की वापसी पर उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि सरकार जल्द किसानों के ऊपर दर्ज हुए मुकदमें वापस लें।

### गोवा को कसीनो राजधानी का तमगा दे चुके: केंद्रीय मंत्री

**पणजी।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि गोवा को लोग पहले ही कसीनो राजधानी का तमगा दे चुके हैं। यह बात उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कही।

रेड्डी यहां तटीय राज्य के लिए विभिन्न पर्यटन प्रोत्साहन पहलों की घोषणा करने आए थे। केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक भी इस अवसर पर मौजूद थे। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार द्वारा गोवा को भारत की कसीनो राजधानी के रूप में घोषित किया जाएगा, उन्होंने कहा, जनता यहां (कसीनो के लिए) है। वे या तो यहां हैं या सिक्किम में (दोनों जगह जहां कसीनो की अनुमति है)।

## 'आज के नेता 1947 में होते तो कश्मीर पाकिस्तान में होता'

एजेंसी। जम्मू



**लगातार** विवादित बयानों के लिए मशहूर जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती का फिर एक विवादित बयान सामने आया है। एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में महबूबा ने केंद्र सरकार पर तंज कसा और कहा कि आज के नेता 1947 में होते तो आधा नहीं पूरा कश्मीर पाकिस्तान में चला गया होता।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा ने कहा, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने से कुछ नहीं बदला है। पर्यटकों के वहां जाने से नया कश्मीर नहीं बनेगा। हम नहीं कह रहे कि कश्मीर पाकिस्तान को दे दिया जाए। लेकिन कश्मीर को भारत-पाकिस्तान के बीच दोस्ती का पुल बनाया जाए। मुफ्ती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने अपना राजधर्म निभाया था। उन्होंने (आतंकवाद) संकट में फंसे कश्मीर को संभाला था। अब (नाथूराम) गोडसे का कश्मीर बनाया जा रहा है। मौजूदा हिंदुस्तान भी गांधी नहीं गोडसे का हिंदुस्तान है।

### एआई की फ्लाइट से न्यूयॉर्क जा रहे अमेरिकी की मौत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के न्यूयॉर्क जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में शनिवार को एक यात्री की मौत हो गई। हादसे के कारण फ्लाइट के टेकऑफ होने के 3 घंटे बाद उसे दिल्ली एयरपोर्ट पर दोबारा लैंड कराया गया। प्लेन के लैंड होते ही डॉक्टरों की एक टीम मौके पर पहुंची और यात्री का चैकअप किया। टीम ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मरने वाला व्यक्ति अमेरिकी नागरिक था, जो अपनी पत्नी के साथ ट्रैवल कर रहा था।

### मुख्यमंत्री खट्टर ने खेलो इंडिया युवा खेलों की तैयारियों का लिया जायजा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को कहा कि पंचकूला में पांच से 14 फरवरी तक होने वाले खेलो इंडिया युवा खेलों के चौथे संस्करण के सफल आयोजन के लिए 31 दिसंबर तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। इस दौरान पांच पारंपरिक सहित 25 विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर से लगभग 10,000 खिलाड़ी भाग लेंगे। खट्टर ने तैयारियों का जायजा लेने के बाद कहा कि उद्घाटन समारोह पांच फरवरी को पंचकूला के सेक्टर-तीन स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में होगा। इस संस्करण के दौरान पंजाब के गतका, मणिपुर के थांग-ता, केरल के कलारीपयट्टू, महाराष्ट्र के मलखंब और योगासन जैसे पांच पारंपरिक खेलों का भी आयोजन होगा।

### दिल्ली सीएम केजरीवाल ने कहा, राजनीति में कोई दुश्मन नहीं

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल का पंजाब कांग्रेस प्रधान नवजोत सिद्धू के प्रति प्रेम फिर उमड़ा है। उन्होंने कहा कि राजनीति में कोई दुश्मन या दोस्त नहीं होता। जब उनसे सिद्धू को पंजाब में सीएम चेहरा बनाने की बात पूछी गई, तो उन्होंने हंसकर टाल दिया। दिल्ली में मीडिया से केजरीवाल ने हंसते हुए कहा कि सिद्धू आप में नहीं आ रहे। हालांकि अगले ही पल सियासत में कोई दुश्मन न होने की बात कह उन्होंने सियासी चर्चाओं को गरमा दिया। इससे पहले भी केजरीवाल ने कहा था कि सिद्धू आप में आना चाहते थे और वे अब भी कांग्रेस छोड़ने को तैयार बैठे हैं।

## कोविड: सरकार ने राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा और मिजोरम को पत्र लिखकर कोविड-19 के प्रसार पर नियंत्रण के लिए जांच, पता लगाना, उपचार करना, टीका लगाना, कोविड उपयुक्त व्यवहार अपनाने की नीति के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। कुछ जिलों में संक्रमण के बढ़ते मामलों, साप्ताहिक संक्रमण दर और साप्ताहिक मृत्यु के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

नए ओमिक्रॉन स्वरूप को देखते हुए सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को 27 नवंबर को लिखे पत्र का जिक्र करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने शनिवार को कहा कि सभी राज्यों को सलाह दी गई है कि अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर कड़ी नजर रखें, उभरते हॉटस्पॉट की निगरानी करें, संक्रमित लोगों के संपर्क में आए लोगों का तुरंत पता लगाएं। साथ ही सभी संक्रमित नमूने को जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजने, मामलों की तुरंत पहचान करने और स्वास्थ्य ढांचे की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए भी कहा गया है।



राजेश भूषण, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव

### संभलकर रहें लोग : अगले दो दिन मौसम में बड़ा बदलाव

## पहाड़ों पर बर्फ और मैदानों में बारिश से बढ़ेगा ठंड का प्रकोप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद/शिमला

**पंजाब,** हरियाणा और हिमाचल में अगले दो दिन में मौसम में बड़े बदलाव का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार आंध्र प्रदेश में उठा चक्रवाती तूफान मौसम में बदलाव लेकर आएगा। विभाग ने 6 दिसंबर तक हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं इसका असर पंजाब और हरियाणा के मैदानी इलाकों पर भी पड़ेगा। यहां ठंड का प्रकोप बढ़ेगा। मैदानी इलाकों में छाये स्मॉग के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

पिछले दो दिन स्मॉग के कारण ज्याद परेशानी रही, लोग सूरज के भी दर्शन नहीं कर पाए। हालांकि शुक्रवार को कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी का असर भी दिखा और सूरज भी निकला। आसमान में कोहरा सा छाया हुआ है। बढ़ रहे वायु प्रदूषण ने लोगों का जीना बेहाल कर दिया है। हिमाचल प्रदेश लाहौल एवं स्पिति में पिछले तीन दिन से बर्फबारी का दौर शुरू होने से मौसम ने करवट ली है। पहाड़ों पर बर्फबारी से लोगों की चिंता और बढ़ रही है। एक-दो दिन में मौसम विभाग प्रदेशभर में हल्की बारिश की संभावना जताई है। ऐसे में बारिश और बर्फ गिरने से सप्ताह भर में ठंड और बढ़ जाएगी। मौसम विभाग ने 6 दिसंबर तक बारिश की भविष्यवाणी की है। लोग अभी भी गर्म कपड़ों में ही घरों से निकल रहे हैं। ऐसे में बारिश होती है तो सर्दी का सितम बढ़ेगा और स्मॉग से भी राहत मिलेगी।



हिमाचल प्रदेश के धौलाधार रेंज के ऊंचे इलाके में हुए ताजा हिमपात का दृश्य।

### स्मॉग से भी मिल सकती है राहत

मैदानी इलाकों में सूखी ठंड और आसमान में छाया मौसम लोगों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। इससे खांसी और जुकाम के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। बड़े बुजुर्ग और बच्चे इससे खासतौर पर परेशान हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक बारिश के बाद ही इस समस्या से छुटकारा मिल सकता है। बारिश होने से जहां स्मॉग खत्म हो जाएगा वहीं मौसमी बीमारियों पर भी अंकुश लगेगा। मौसम विभाग के अनुसार आंध्र प्रदेश में उठा चक्रवाती तूफान एकाएक मौसम में बदलाव लेकर आएगा। इससे मैदानी इलाकों में 6 दिसंबर तक बारिश होगी। हिमाचल में पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और अन्य जगह बारिश होने का पूर्वानुमान है। वहीं हरियाणा और पंजाब में भी दो दिन हल्की बारिश हो सकती है।

हिमाचल में बदल रहे मौसम का असर हरियाणा में भी अपना प्रभाव दिखाएगा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में हरियाणा के कुछ जिलों में हल्की बरसात का पूर्वानुमान लगाया है। हिसार, भिवानी, झज्जर, पलवल, फरीदाबाद गुरुग्राम आदि में 5 एमएम बारिश की उम्मीद है। जीटी रोड बेल्ट में मौसम को लेकर कोई अलर्ट फिलहाल नहीं है। ऐसे में यहां स्मॉग से भी अभी मुक्ति संभव नहीं है। पानीपत में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार पिछले दो दिन से तापमान में 1 डिग्री तक गिरावट हो रही है। अधिकतम तापमान में ज्यादा गिरावट न आने से फिलहाल सर्दी से कुछ राहत है।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, रविवार, 05 दिसंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 25.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 15.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- गुरु द्वारा उतली तौची साहिब दो ई में रक्तदान शिविर : सुबह 8.30 बजे
- 134 ए के तहत आठ परीक्षा केन्द्रों पर एग्जाम: दोपहर 12 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित: सुबह 8 बजे
- कालीबाड़ी मंदिर में वैक्सीनेशन कैम्प : सुबह 10
- एनएच- 5 स्थित फ्रूट गार्डन में रक्तदान शिविर : सुबह 10 बजे

## निवेश गुरु

**लंबी** अवधि में निरंतर एक प्रतिशत का सुधार संस्थाओं और व्यक्तियों के लिए वास्तविकता में अत्याधुनिक हो सकता है। जो दैनिक जीवन पर लागू होता है वह ही फंड प्रबंधन पर भी लागू होता है। अजीत मेनन के मुताबिक, एक फंड के लिए बेंचमार्क या इसके समकक्ष सूचकांक को मात देने के लिए, इसे नाटकीय रूप से बड़ा रिटर्न प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। एक छोटा सा बेहतर प्रदर्शन ही एक निश्चित अवधि में एक बड़ा प्रदर्शन बनता है। म्यूचुअल फंड उद्योग में समान दर्शन उपयोग करने के कई उदाहरण हैं जहां इंडेक्स ने इसी अवधि में 4 गुना रिटर्न दिया तो वहीं फंड ने पैसे को 6.5 गुना कर दिया। हम हमारे निवेशकों को एक सुखद निवेश अनुभव प्रदान करने के लिए लंबी अवधि में लगातार वृद्धिशील प्रदर्शन करके इसे हासिल करने का प्रयास करते हैं।

## यूटीलिटी न्यूज

### रविंद्र फागना ने जीता मैच

**फरीदाबाद।** अकादमी क्रिकेट लीग अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने स्मार्ट 2 क्रिकेट अकादमी को छह विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि । स्मार्ट 2 क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते 40 ओवर में नौ विकेट पर 143 रन बनाए। आदित्य ने 33 रन, प्रणव कुमार ने 27 रन, ध्रुव ने 14 रन, अग्रिम ने 11 रन बनाए। ऋषभ ने 3 विकेट, प्रदुमन, मयंक ने 2-2 विकेट, कृष्णा भड़ाना और युवराज सिंह ने एक-एक विकेट ली। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने 17.3 ओवर में 4 विकेट में 144 रन बनाकर जीत हासिल की। यश अधाना ने 40 रन, प्रिंस लोहिआ ने 36 रन, यश कुमार ने 18 रन, परम ने 15 रन बनाए। प्रणव और एकांश ने 2-2 विकेट ली। मैच में मैन ऑफ द मैच पुरस्कार ने ऋषभ को दिया गया।

## क्विक न्यूज

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना प्रबंधक कोतवाली के निरीक्षक के निर्देशों पर कार्य करते हुए पुलिस टीम कोतवाली ने गस्त के दौरान दो आरोपियों को स्कूटी पर अंग्रेजी शराब ले जाते हुए काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी प्रदीप उर्फ गुड्डू सेक्टर-58 की राजिव कॉलोनी का तथा आरोपी निखिल उर्फ विक्की फरीदाबाद के गांव सरुरपुर का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली की पुलिस टीम एनआईटी बस स्टैंड पर क्राइम गस्त पर थी। पुलिस टीम को देखकर स्कूटी पर सवार दो लड़के स्कूटी को वापस लेकर भागने लगे। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को अंग्रेजी शराब की 30 बोतल सहित एनआईटी बस स्टैंड से काबू कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में शराब बेचने की धारओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अवैध निर्माण की तरफ आंखें मूंद अतिक्रमण से दी जा रही है राहत

### कार्रवाई के अभाव में शहर में चारों तरफ धड़ल्ले से हो रहे हैं अवैध निर्माण

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम आयुक्त के आदेश पर आम जनता को जाम से राहत देने के लिए इन दिनों शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को एनएच तीन में नाले से कब्जे हटाने के साथ ही शनिवार को एनएच एक और पांच में दुकानों के आगे बनी रैम्प को तोड़कर अतिक्रमण हटाया गया है। लेकिन निगम के कुछ अधिकारी एक तरफ से कार्रवाई करने की बजाए अतिक्रमण हटाने में पक्षपात का रवैया अपना रहे हैं। नगर निगम के अधिकारियों की इस कार्यशैली के कारण निगमायुक्त की अच्छी योजना पर पलीता लग रहा है। बेशक अतिक्रमण हटा कर शहर के लोगों को जाम से मुक्ति देने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन वहीं दूसरी तरफ निगम ने शहर में धड़ल्ले के साथ चल रहे अवैध निर्माणों की तरफ से अपनी आंखें पूरी तरह मूंद रखी है। जबकि एनजीटी ने बढ़ते प्रदूषण की वजह से फिलहाल निर्माण पर प्रतिबंध भी लगाया हुआ है। अवैध निर्माणों के कारण शहर में पहले कई हादसे हो चुके हैं। अवैध निर्माण कभी भी शहर के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। साथ ही इनकी वजह से सरकार को भारी राजस्व का नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।



एनएच एक दो चौक के निकट अतिक्रमण हटाता निगम का दस्ता।



एनएच तीन में बने एक अवैध निर्माण का फाइल फोटो।

### राहत पर, भेदभाव पूर्ण कार्रवाई

**अतिक्रमण** शहर के लिए नासूर बन चुका है। शहर के बाजारों के साथ साथ सभी प्रमुख सड़कों पर लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। यहां तक कई नालों पर भी लोगों ने अतिक्रमण कर निर्माण किया हुआ है। चारों तरफ अतिक्रमण होने की वजह से जाम की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। जिसे ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त ने अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के आदेश दिये थे। जिसके तहत निगम द्वारा शुक्रवार को एनएच तीन में नाले पर बने अतिक्रमणों को हटाया गया था। शनिवार को एक दो चौक के निकट दुकानों के सामने बनी रैम्प को तोड़ा गया है। एनएच पांच में निगम द्वारा अतिक्रमण हटाए गए है। इससे पहले भी इस तरह की कार्रवाई होती रहती है। लेकिन निगम की तरफ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एक तरफ से नहीं की जाती। कहीं तोड़ दिया जाता है तो कहीं छोड़ दिया जाता है। जिससे जहां लोगों के विरोध का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी तरफ मकसद पूरा होने पर लोग फिर से अतिक्रमण कर लेते हैं।

### बिगड़ रही स्मार्ट सिटी की सूरत

**अवैध** निर्माण और अतिक्रमण के कारण स्मार्ट सिटी की सूरत लगातार बिगड़ती जा रही है। अवैध रूप से बनाए जाने वाले फ्लैटों में अवैध सीवर और पानी कनेक्शनों के कारण जहां निगम को शुल्क नहीं मिल पा रहा है, वहीं इससे शहर में सीवर जाम की समस्या भी लगातार गंभीर होती जा रही है। इसी तरह निगम के रिकॉर्ड में दर्ज संख्यां से कई गुणा ज्यादा पानी के अवैध कनेक्शन चल रहे हैं। जिससे पानी किल्लत भी लगातार बढ़ती जा रही है। पार्किंग के अभाव में फ्लैट खरीदने वाले लोग सड़क किनारे गाड़ियां खड़ी करते हैं। अनिवार्य होने के बावजूद पार्किंग न बनाए जाने से शहर में स्थित लगातार बिगड़ रही है। इसी तरह रिहायशी प्लॉटों में व्यवसायिक इमारत बनाए जाने से पार्किंग की समस्या शहर में गंभीर रूप धारण करती जा रही है। इन व्यवसायिक संस्थानों में आने वाले लोग अपने वाहन सड़कों के किनारे खड़े करते हैं। जिससे शहर की सड़के लगातार सकंरी होती जा रही है। जिसके कारण शहर के कई हिस्सों में जाम जैसी स्थिति हमेशा बनी रहती है। वहीं दूसरी तरफ शहर में हो रहे अवैध निर्माणों की वजह से राजस्व का नुकसान भी हो रहा है।



एनएच एक में चल रहे अवैध निर्माण का सांकेतिक फोटो।

### अदालत के स्पष्ट आदेश



**नगर** निगम पूर्व सलाहकार कृष्णलाल गेरा का कहना है कि हाईकोर्ट ने अवैध निर्माणों को तोड़कर शहर को पहले जैसी स्थिति में लाने के स्पष्ट आदेश दिये हुए हैं। लेकिन नगर निगम की तरफ से बार बार सिर्फ दिखावे की कार्रवाई कर अदालत को गुमराह करने का प्रयास किया जाता रहा है। इसी वजह से शहर में अवैध निर्माणों की संख्या हर रोज बढ़ती जा रही है। जिससे शहर की सूरत भी लगातार बिगड़ती जा रही है।

### नगर निगम से बेखौफ अवैध निर्माणकर्ता

**पिछले** दिनों नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव ने निगम अधिकारियों की बैठक में शहर में हो रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के आदेश दिये हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि अवैध निर्माणों को सील करने की कार्रवाई की जाए। सीलिंग के बाद भी निर्माण होता है तो उसे तोड़ दिया जाए। जबकि शहर में पहले ही निगम द्वारा सैंकड़ों अवैध निर्माणों को सील किया जा चुका है। सीलिंग के बावजूद इन इमारतों में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

वहीं कई अवैध निर्माणों के मामले में निगम द्वारा एफआईआर तक दर्ज करवाई जा चुकी है। लेकिन इनमें से किसी भी मामले में आज तक कार्रवाई नहीं हुई। वहीं शहर में चारों तरफ धड़ल्ले के साथ अवैध निर्माण किये जा रहे हैं। रिहायशी प्लॉट का नक्शा पास करवाने के बाद सरेआम व्यवसायिक इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। जबकि एनजीटी ने भी फिलहाल निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। चारों तरफ चल रहे अवैध निर्माणों को देखकर स्पष्ट लगता है कि निर्माण करने वालों को किसी का कोई डर नहीं है।

# एक कोशिश थैलेसीमिक बच्चों को खुश रखने की

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**होटल** डिलाईट बाटा चौक में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन थैलेसीमिया ग्रस्त सभी बच्चो का जन्मदिन एक साथ मनाया गया जो दिसम्बर माह में पैदा हुए है।

फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के प्रधान हरीश रतरा ने बताया कि संस्था की हमेशा ही कोशिश रही है बच्चे स्वस्थ तो रहें साथ ही साथ खुश भी रहे। बच्चों को खुश देख कर जो आनंद आता है वो कही नहीं आता। बच्चों को हर पल सुइयों व दवा की गोलियों के साथ ही खेलना पड़ता है। आज हम से बिछड़े एक साथी सौरभ गुप्ता का जन्मदिन था जिसके परिवार ने उस बिछड़ी पुण्य आत्मा को याद कर उनके जन्मदिन थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के साथ मनाया। बच्चों ने उनके नाम का केक काटा। गुप्ता परिवार की तरफ से सभी बच्चों को गिफ्ट पैकेट दिए गये। उन बच्चों को अलग से गिफ्ट दिए गए जिनका जन्मदिन दिसंबर माह में था। संस्था के महा सचिव रविंद्र डुडेजा ने बताया की समाज के बहुत सारे लोग हैं जो अपनी खुशिया दूसरों के साथ बांटकर आनंदित होते हैं। इस अवसर पर गुप्ता परिवार द्वारा बच्चों के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था की गयी थी। होटल डिलाईट के जितेंद्र भाटिया बंटी की शादी की साल गिरह भी थी। जितेंद्र बंटी ने बच्चों की दवाइयों के लिए संस्था को 21 हजार चेक दान स्वरूप दिया। अपने बच्चों को खुश देख उनके अभिभावकों आनंदित हुए।

संस्था द्वारा 85 बच्चों को निशुल्क दवा और फिल्टर वितरण किया गये। गुप्ता परिवार द्वारा बच्चों को सुरक्षित तरीके से रक्त चढ़ाने के लिए फिल्टर दान किये। जो फिल्टर बच्चों के लिए खरीदना मुश्किल होता है गुप्ता परिवार और जितेंदर भाटिया ने आश्वाशन दिया कि वो बच्चों को स्वस्थ रखने व् उनको खुश रखने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। इस अवसर पर शहर के जाने माने अधिवक्ता दीपक गेरा ने आश्वाशन दिया कि वो बच्चो की दवाइयों के लिए हर साल पच्चास हज़ार की राशि दान स्वरूप दिया करेंगे।



बाटा चौक स्थित होटल डिलाइट में आयेजित कार्यक्रम में थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के साथ अथिति।

# हरियाणा अकादमी ने 15 रन से जीता मैच

### हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने सेमी फाइनल में प्रवेश किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सातवां** ऑल इंडिया रविंद्र फागना यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में हरियाणा क्रिकेट अकादमी और रावल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। यह मुकाबला पाली रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया।

बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि मैच हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने रावल क्रिकेट अकादमी को 15 रन से हराया। रावल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्यण लिया। हरियाणा क्रिकेट अकादमी टीम के बल्लेबाजी ने 40 ओवर में आठ विकेट पर 264 रन बनाए। नमन ने 61 रन, जयंत लखलन ने 61 रन, केडी ने 40 रन, अवनीश सुधा ने 24 रन, अखिल कोहर ने 18 रन बनाए। रावल क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए सूरज कुंडू ने 4 विकेट ली। नमन और यतिन व् चैतन्या ने एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए रावल क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवर में 10 विकेट में 249 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। आयुष नेगी ने 53 रन, नमन शर्मा ने 50 रन, सूरज कुंडू ने 34 रन, पियूष गिरधर ने 26 रन, आकाश अंतिल ने 30 रन, योगेश बघेल ने 21 रन बनाए। हरियाणा क्रिकेट अकादमी टीम की और से गेंदबाजी करते हुए रविंद्र ने 3 विकेट, ध्रुव और कबीर ने 2-2 विकेट, हितेश और अवनीश सुधा ने एक-एक विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच पुरस्कार ने जयंत लखलन को दिया गया।



आल इंडिया रविंद्र फागना यूथ कन क्रिकेट टूर्नामेंट में मैन आफ दा मैच से जयंत लखलन को नवाजा।

# ग्रैंड कोलंबस में लगा दंत निरीक्षण शिविर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**दांत** शरीर का एकमात्र हिस्सा है जो खुद को ठीक नहीं कर सकता है उनकी रक्षा करें। विभिन्न शिविरों की श्रृंखला में वरिष्ठ नागरिकों के लिए टेक्नो शाला के बाद ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में 4 दिसंबर 2021 दिसंबर को दोपहर 1.30 बजे से 4:00 बजे तक दातों का निरीक्षण शिविर लगाया गया जिसमें 2 से 5 वर्ष तक के बच्चों के दांतों का निरीक्षण किया गया।

इस शिविर के माध्यम से छोटे बच्चों के दिनचर्या में दांतो की सफाई तथा देखभाल के बारे में जागरूक किया गया। इस प्रयास के द्वारा छोटे बच्चों को इस बारे में जानकारी दी गई कि वह किस प्रकार अपने दांतो को मोतियों के समान चमका सकते हैं और दांतों के बीच आए हए मध्यांतर को भर सकते हैं।

इसशिविर में लगभग 100 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। यह शिविर डॉक्टर चंचल यादव के नेतृत्व में किया गया। इस शिविर को लगाने का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों के जीवन में दांतों की सफाई के महत्व की जागरुकता देना था। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपिका शर्मा ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से हम बच्चों को स्वस्थ दांत रखने के तरीके और दांतों की देखरेख एवं सफाई के बारे में ज्ञानवर्धक बना सकते हैं। इस शिविर के माध्यम से जनसमूह को दांतों से संबंधित आने वाली समस्याओं के बारे में तथा उन्हें ठीक करने की विधियों की जानकारी मिली।



ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित शिविर में बच्चों के दांत चेक करती डॉक्टर।

# डीएवीएम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीएवीआईएम** के छात्र कल्याण विभाग ने रोटरीएक्ट क्लब ऑफ डीएवीएम के सहयोग से 1 दिसंबर से 4 दिसंबर 2021 तक अपने परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। पहले दिन डॉ ध्रुव शर्मा आर्थो व स्पाइन स्पेशलिस्ट द्वारा 47 से अधिक छात्र-छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को परामर्श देकर लाभान्वित किया। मरीजों के बीच मुख्य शिकायतें पीठ दर्द और घुटनों के दर्द से संबंधित थीं और इसका इलाज किया गया। इसके बाद दूसरे दिन डॉ नेहा गर्ग द्वारा त्वचा और बालों की जांच की गई। जिसमें 55 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया।

शिविर के तीसरे दिन दृष्टि और अन्य नेत्र समस्याओं के बारे में लगभग 70 शिकायतों की जांच की गई और दृष्टि के लिए केंद्र से नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा इलाज किया गया और 30 दंत समस्याओं का आकलन और लौंग दंत द्वारा इलाज किया गया। चौथे दिन संतोष मल्टी स्पेशिएलिटी अस्पताल की एक टीम ने सामान्य स्वास्थ्य जांच की जिसमें 100 से अधिक लोगों ने सेवाओं का लाभ उठाया। प्राचार्य डॉ सतीश आहूजा ने डॉ नीलम गुलाटी, विभागाध्यक्ष-पर्यावरण केंद्र, रीमा नांगिया, छात्र कल्याण विभाग की विभागाध्यक्ष और उनकी टीम के सदस्य डॉ. भावना शर्मा, वंदना जैन, डॉ. निधि तुरान, नेहा शर्मा, डॉ. गीतिका खुराना, डॉ. धृति गुलाटी, रितु गौतम व पूजा गोयल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने डीएवीएम के रोटारेक्ट के छात्र को शिविर को सफल बनने में उनके समर्थन के लिए सराहना की।



डीएवी इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट में आयोजित स्वस्थ्य जांच शिविर में जांच करतीं महिला डॉक्टर।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**नये दस ज़ख्म मिलते हैं पुराना एक भरता है**
**अजब सा खौफ़ है तारी जो अब दिल में उभरता है**
**किसी की कुछ है मजबूरी किसी के तर्क हैं अपने**
**किसी को बोलने से डर कोई सुनने से डरता है**

# ऑटो चालक जगाएंगे एड्स के खिलाफ अलख

### एचआईवी प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने कार्यक्रम में की शिरकत

### गुब्बारे आसमान में छोड़ दिया जागरुकता का संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में जहां एक तरफ एचआईवी नियंत्रण विभाग के कर्मचारियों ने अपनी नाराजगी दर्शाते हुए एचआईवी दिवस को काला दिवस घोषित कर दिया था। वहीं दूसरी तरफ विभाग की अधिकारी डॉ. शीला भगत एचआईवी दिवस को पखवाड़े के रूप में गत एक दिसंबर से ही मना रही है। इसी कड़ी में शनिवार कि उन्होंने 50 ऑटो को जागरुकता का जिम्मा सौंपा। इन 50 ऑटो चालकों को बीके अस्पताल में पहुंची एचआईवी, एड्स की प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. रेनू मलिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मौके पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. रेनू मलिक ने सभी कर्मचारियों और एचआईवी के प्रति लोगों को जागरूक कर रही एनजीओं के संग रिव्यू मिटिंग भी की। इसी के साथ पखवाड़े को आगे जारी रखने और जागरूकता का संदेश देते हुए उन्होंने आसमान में लाल और सफेद रंग के गुब्बारे भी छोड़े। ताकि शहर भर में एचआईवी के प्रति लोग जागरूक हो सके।

जानकारी के मुताबिक जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक से 15 दिसंबर तक एचआईवी जागरुकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को एचआईवी, एड्स की प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. रेनू मलिक ने जिला क्षयरोग विभाग के बाहर 50 ऑटो को हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया। वहीं आसमान में लाल और सफेद गुब्बारे छोड़ते हुए एचआईवी जागरुकता का संदेश दिया। इस मौके पर जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता, जिला एचआईवी, एड्स अधिकारी व डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत के अलावा डॉ. गजराज और डॉ. महेन्द्र मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इसके अलावा पहल फाउंडेशन, रेडक्रॉस सोसायटी, साथी एनजीओ, गंगा सोशल फाउंडेशन और अभिव्यक्ति फाउंडेशन समेत 10 एनजीओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने सभी की रिव्यू मिटिंग ली। जिसमें अधिकारियों के अलावा एनजीओं समेत कार्यालय के कर्मचारी जिसमें काउंसलर कविता, प्रीति के अलावा अनीता, सुमित, सुनीता, सुभाष गहलौत, विजेन्द्र, राजकुमार, विरेन्द्र आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



बीके अस्पताल में एड्स दिवस के अवसर पर जागरूक रैली को झंडी दिखा कर रवाना करते अथिति।

# संत सूरदास को समर्पित कार्यक्रम



सेक्टर 12 कन्वेशन हाल में कला और सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते परिवाहन मंत्री मूलचंद शर्मा और अन्य।

**फरीदाबाद।** कला और सांस्कृतिक विभाग और सुमधुर हंसध्वनि ट्रस्ट ने साथ जुड़कर संत सूरदास को समर्पित शास्त्रिय संगीत, नृत्य एवं हरियाणा लोग संगीत का एक सफल कार्यक्रम आयोजित किया।

इस कार्यक्रम में संस्कार भारती का भी सहयोग रहा। आयोजन का शुभारंभ परिवहन, खान एवं भू-विज्ञा विभाग के मंत्री मूलचंद शर्मा और हरियाणा के मुख्य मंत्री के मुख्य सलाहकार अनिल कुमार राव के साथ फरीदाबाद के डीसी जितेंद्र यादव ने दीप प्रज्वलन से किया। इसमे कला और सांस्कृतिक विभाग का प्रतिनिधित्व डॉ. दीपिका ने किया।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रिय गायिका विदुषी सुमित्रा गुहा के सुरों पर संगीत प्रेमी सेहेज भाव से मंत्रमुग्ध हो गए। सुमित्रा जी के साथ तबले पर सुमन चैटर्जी, हार्मोनियम पर ज़ाकिर ढोलपुरी और बांसुरी पर ओंकार प्रसन्ना ने संगत की। इसके पश्चात विदुषी शोवना नारायण के कथक ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का अंत हरविंदर राणा के लोक संगीत से हुई जिसे दर्शकों ने बहुत सरहा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में कला के प्रेमी जुड़े।

# परिवार उत्थान योजना से कोई नहीं रहेगा बेरोजगार

## मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का विधायक नयनपाल रावत ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बल्लभगढ़ बीडीपीओ कार्यालय में अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का रिबन काट कर उद्घाटन करते पृथला के विधायक हरियाणा भण्डारण निगम के चेयरमैन नयन पाल रवत ।

पृथला के विधायक एवं हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन नयनपाल रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के क्रियान्वयन से प्रदेश में कोई भी गरीब परिवार बेरोजगार नहीं रहेगा।

प्रदेश में रह रहे 180000 रुपये से कम वर्षिक आय वाले नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना एक बेहतरीन योजना है। यह जरूरतमंद परिवारों के उज्ज्वल भविष्य के लिये प्रभावी रूप से सहयोगी है।

नयनपाल रावत शनिवार को बीडीपीओ कार्यालय परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का उद्घाटन करने के उपरांत पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में आज भी कई नागरिक ऐसे हैं जिनके पास ना तो पर्याप्त रोजगार नहीं हैं या फिर उनकी आय बहुत कम है। जिसके कारण उन्हें विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रथम चरण में हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत उन परिवारों की आय में वृद्धि करने का प्रयास किया जा रहा है। जिनकी आए सालाना एक लाख रुपया से कम है। मेले के उद्घाटन के दौरान भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, टाउन कंट्री प्लानिंग विभाग के निदेशक, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों के नोडल अधिकारी केएम पण्डुरग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का लाभ, पात्रता, महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से विषयों के बारे में पात्र व्यक्ति को जानकारी हासिल कर योजना का लाभ लेने का आह्वान करते हुए कहा कि जिला में लाभार्थियों की संख्या को ध्यान में रखते रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की बेहतरीन योजना है।

### जिले में बनाए गए हैं पांच जोन

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार योजना के सही क्रियान्वयन के लिए जिला में पांच जोन बनाए गए हैं। मेला के दौरान उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि एक दिवसीय मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला बेहद सफल रहा है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ ग्रामीण क्षेत्र के पात्र 165 परिवारों का चयन कर लाभ प्रदान करने के लिए बल्लभगढ़ ग्रमीण जोन सहित जिला को पांच जोन में बांटा गया है ताकि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना में चयनित परिवारों के सहयोग के लिए परिवारों की पहचान कर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि यह योजना हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के द्वारा बनाई बेहतरीन योजना आरंभ की गई है।

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गीता जयंती समारोह

बल्लभगढ़। स्थानीय सेक्टर-3 के राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गीता जयंती महोत्सव 2021 का आयोजन किया गया। जिसमें बल्लभगढ़ खंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने श्लोकोच्चारण, संवाद, निबंध, कला (पेंटिंग), भाषण आदि प्रतियोगिताओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। खण्ड स्तरीय गीता जयंती समारोह की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रीतु चौधरी व खण्ड शिक्षा अधिकारी बलबीर कौर के द्वारा सयुंक्त रूप से की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रोत्साहित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोनाः जिले में एक पॉजिटिव, 10922 को टीका



सर्कस में लोगों को टीका लगाती स्वास्थ्य कर्मी।

फरीदाबाद। जिले में कोरोना के मामलों में कमी लाने के लिए वैक्सीनेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जहां लगातार जगह-जगह कैम्प लगाए जा रहे है। वहीं दूसरी तरफ अब बाजारों और अन्य स्थानों पर कैम्प लगाए जा रहे हैं। दशहरा ग्राउंड एनआईटी में लगे सर्कस में भी टीकाकरण कैम्प लगाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने कोरोना से बचाव का डोज लगवाई। शनिवार को जिले में 10922 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया। जिसमें 18 प्लस आयुवर्ग में सरकारी में 1967 को और निजी में 47 लोगों को प्रथम डोज लगाई गई। वहीं सैकेंड डोज सरकारी में 6907 को और 194 लोगों को निजी अस्पताल में डोज लगाई गई। 45 प्लस आयुवर्ग में सरकारी में 299 लोगों को लगी। सैकेंड डोज 1270 को सरकारी में और 4 को निजी अस्पतालों में लगाई गई। 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 34 को और निजी में दो लोगों ने डोज लगवाई। सैकेंड डोज 192 लोगों ने सरकारी में और 6 लोगों ने निजी अस्पताल में लगवाई। वहीं जिले में कोरोना का एक नया मामला सामने आया है। वहीं चार मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 28 पर पहुंच गया है। जिले में रिकवरी रेट 99.25 प्रतिशत पर पहुंच गया है। वहीं जिले में अब तक पॉजिटिव केसों की संख्या का आंकड़ा 99962 पर पहुंच गया है। अब तक 717 की मौत हो चुकी है तो 99217 मरीज पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं।

### ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगवाना उद्देश्य

फरीदाबाद। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, जय सेवा फाउंडेशन, रामा कृष्णा फाउंडेशन (रजि) व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ इंडियन ऑयल डेवलपमेंट सेंटर प्लॉट सेक्टर 67 फरीदाबाद में कोविड-19 वैक्सीन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जय सेवा फाउंडेशन के संरक्षक गंगा शंकर मिश्र कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार उपस्थित थे। गंगा शंकर मिश्र ने बताया कि जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव का उद्देश्य है बगैर वैक्सीन के हमारे शहर में यदि व्यक्ति ना रह जाए इसी को ध्यान में रखते हुए। सभी सामाजिक संगठनों, एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से टीकाकरण की मुहिम बहुत ही सुंदर तरीके से जोर शोर से चलाई जा रही है। प्रत्येक दिन हजारों की तादाद में लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। जिला प्रशासन के द्वारा बहुत ही शानदार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके लिए मैं सभी को धन्यवाद प्रेषित करता हूं। रेडक्रॉस सेक्रेटरी विकास कुमार ने बताया कि दूरदराज इलाकों में जाकर लोगों को व्यक्ति लगाई जा रही है। हम सभी का केवल एक ही लक्ष्य है अंतिम छोर तक लोगों को इसका लाभ मिल सके। जिसके लिए सामाजिक संगठन भी हमें भरपूर सहयोग कर रहे हैं।

### तेरापंथ महिला मंडल ने दिव्यांग बच्चों को दी मदद



सेक्टर 14 स्थित मंदबुद्धि विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के साथ तेरापंथ महिला मंडल की सदस्य।

फरीदाबाद। विश्व दिव्यांग जन दिवस तीन दिसंबर को तेरापंथ महिला मंडल की सदस्यों ने सेक्टर 14 स्थित मंदबुद्धि विद्यालय जाकर दिव्यांग बच्चों का हौसला बढ़ाया और बच्चों द्वारा प्रस्तुत खेल प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को उपहार देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। बच्चों को ड्राइंग बुक, कलर, स्टेशनरी और पौष्टिक मेवा वितरित की। बच्चों की देखरेख और पढ़ाई कराने वाली टीचर्स को भी उपहार देकर सम्मानित किया। दो बच्चों की चार महीने की फीस के रूप में 12 हजार रुपये भी महिला मंडल ने दिए। संरक्षक दुगदेवी लालानी, परामर्शक प्रेमलता गोलछा, कमला लुनिया, निवर्तमान अध्यक्ष सुनीता नाहटा, अध्यक्ष सुमंगला बोरड़ मंत्री चंदा दुगड़ सहित 21 बहनों, राजस्थान एसोसिएशन के अध्यक्ष एमएस लढा, गुलाब, मनोज भी मौजूद रहे। स्कूल की प्रिंसिपल वंदना मैडम ने तेरापंथ महिला मंडल के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नौसेना और नौसैनिकों पर भारत को गर्व



एनएस तीन के सरकारी स्कूल में नौसेना दिवस के अवसर पर पेंटिंग बनाती छात्रा।

फरीदाबाद। एनएच- तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में नौसेना दिवस पर जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में विजय प्राप्त करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और वीरता की स्मृति के प्रतीक में यह दिवस मनाया जाता है। ऑपरेशन ट्राइडेंट के अंतर्गत चार दिसंबर 1971 को भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान के कराची नौसैनिक अड्डे पर हमला किया था। ऑपरेशन की सफलता को ध्यान में रखते हुए चार दिसंबर नौसेना दिवस मनाया जाता है। भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो विश्व के सब से अच्छे कमांडो में सम्मिलित हैं, जिन्होंने मुंबई में होटल ताज में घुसे आतंकवादियों को मृत्यु के मुख तक पहुंचाने के लिए एनएसजी कमांडो के साथ मिलकर प्रमुख भूमिका निभाई थी। मार्कोस कमांडो ने 1988 में भारतीय जलक्षेत्र में अपहृत जहाज में मालदीव के तत्कालीन शिक्षामंत्री सहित बहुत से बंधकों की जान बचाकर ऑपरेशन कैक्टस सफलता तक पहुंचाया था। हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति में सुधार के लिए आधुनिक भारतीय नौसेना का तेजी से नवीनीकरण किया है। भारतीय नौसेना में 67,000 से अधिक कर्मी और लगभग 150 जहाज और पनडुब्बियां शामिल हैं। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा और कोआर्डिनेटर गणित प्राध्यापिका डॉक्टर जसनीत, छात्रा प्रीति, सिया ने भारतीय नौसेना, नौसैनिकों के अदम्य शौर्य, साहस के लिए और अनवरत भारतमाता की सेवा के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए बारंबार नमन किया।

### डीएवी कॉलेज ने निकाली स्वच्छता रैली



फरीदाबाद को स्वच्छ बनाने के लिए आयोजित जागरूकता रैली निकालते डीएवी के विद्यार्थी।

फरीदाबाद। डीएवी शताब्दी महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं यूथ रेड क्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना, तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्र छात्राओं ने 4 दिसंबर को एनएच तीन नंबर, एनआईटी, क्षेत्र में एक स्वच्छता रैली निकाली और स्वच्छ फरीदाबाद का नारा दिया। क्षेत्र के लोगों को एक स्वच्छ फरीदाबाद बनाने की दिशा में आगाह करने का प्रयास किया। यह रैली एमसीएफ कमिश्नर फरीदाबाद के तत्वाधान से निकाली गई और कॉलेज की प्राचार्या डॉ सविता भगत ने इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखा कर कॉलेज गेट से इस रैली का शुभारंभ किया और सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को ठोस कचरा प्रबंधन की अहमियत याद दिलाई और साथ ही यह भी बताया कि ठोस कचरा या सभी तरह के अवशिष्ट पदार्थ को स्रोत के स्तर पर ही सुनियोजित तरीके से इकट्ठा करना बहुत जरूरी है। नागरिकों की भागीदारी से ही हम सभी इस समस्या से निजात पा सकते हैं। महाविद्यालय के डीएसडब्लू डॉ नरेंद्र कुमार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। रैली के आयोजन में मुख्य तौर पर महाविद्यालय यूथ रेडक्रॉस यूनिट के इंचार्ज डॉ नीरज सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम अफसर डॉ जितेंद्र ढुल एवं कविता शर्मा, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैप्टन सुनीता डुडेजा तथा महाविद्यालय के एस्टेट अफसर अशोक मंगला का विशेष योगदान रहा। रैली में प्राध्यापकों में अ.प्रो. नीरज मलिक, तथा अ.प्रो. सारिका भी शामिल रहे।

# ओमिक्रॉन वायरस : बरती जा रही लापरवाही कहीं पड़ न जाए भारी

## दिल्ली में पॉजिटिव आने से फरीदाबाद में खतरा बढ़ा

कविता। फरीदाबाद





कोरोना जांच प्रयोगशाला में लगी भीड़। कोरोना लैब में जांच करा रही गीता के पीछे बिना मास्क के खड़े युवक।

राजधानी दिल्ली में कोरोना के ओमिक्रॉन वायरस की घुसपैठ हो चुकी है। इससे एनसीआर में ओमिक्रॉन के मामले सामने आने की संभावनाएं बढ़ गई है। जिसे देखते हुए, स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां की हुई है। लेकिन लोगों द्वारा बरती जा रही लापरवाही आने वाले समय में बड़ी समस्या खड़ी कर सकता है।

### स्वास्थ्य विभाग की पूरी तैयारी

जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा विदेशों से आ रहे सभी लोगों के सैम्पल जांच किए जा रहे हैं। यदि उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आती है, तो उन्हें यहां पर क्वारंटाइन करने की सुविधा है। विदेशों से लौटने वालों को होम आईसोलेशन में रहने की सलाह दी जा रही है। यदि वायरस फैलता है तो इसके लिए अस्थाई अस्पताल को शुरू किया जाएगा। जिसके लिए ऑक्सीजन से लेकर बीके सिविल अस्पताल और ईएसआई मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त सुविधाएं मौजूद हैं।

### अस्पतालों में खत्म डिस्टेंस

ओमिक्रॉन के देशभर में सामने आ रहे मरीजों की संख्या के बीच दिल्ली में इस वायरस के संदिग्ध मरीज मिलने से फरीदाबाद में भी इसका असर पड़ सकता है। लेकिन इसके बावजूद शहर के निजी और सरकारी अस्पतालों में मरीजों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग पूरी तरह से खत्म नजर आती है। ऐसे मरीजों और तीमादारों के जरिये यह वायरस किस-किस तक पहुंच सकता है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल होगा। लेकिन तीमारदार और मरीज सभी लापरवाही बरत रहे हैं।


### जांच केन्द्रों में भीड़

जिलेभर में ओमिक्रॉन वायरस के खतरे को देखते हुए लोग कोरोना की जांच को प्रयोगशालाओं में पहुंच रहे है। ऐसा ही बीके सिविल अस्पताल की प्रयोगशाला में देखने को मिल रहा है। रोजाना यहां सैकड़ों की संख्या में लोग अपनी जांच करा रहे हैं। यहां भीड़ अधिक होती है। लेकिन यहां भी बिना मास्क के ही अधिकांश लोग पहुंच रहे हैं। कर्मचारी लोगों को जागरूक करते हुए थक जाते हैं।

### बाजारों में मास्क नहीं

शहरभर में जगह-जगह और बाजारों में कोरोना गाइडलाईन की धज्जियां उड़ाते हुए लोगों को देखा जा रहा है। लोग बिना मास्क के ही घर से निकल रहे हैं। बाजारों में बिना मास्क और भीड़ के बीच सोशल डिस्टेंसिंग का नामों निशान नहीं दिख रहा है। जिससे आने वाले समय में लोगों द्वारा बरती जा रही यह लापरवाही जिलेवासियों के लिए खतरा पैदा कर सकती है।

# परीक्षाओं को सुविधाजनक बनाएगी जेसी बोस की व्यवस्था



जेसीबोस विवि में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते कुलपति राज नेहरू।

## लचीली' परीक्षा व्यवस्था से विद्यार्थी सशक्त होंगे, गुणवत्ता भी सुनिश्चित होगी

फरीदाबाद। कोरोना महामारी से उत्पन्न हालातों में परीक्षाओं को लेकर छात्रों की समस्याओं का समाधान करते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने 'लचीली' परीक्षा प्रणाली की शुरुआत कर एक नई पहल की है। 'लचीली' परीक्षा व्यवस्था छात्रों के हित एक अभिनव दृष्टिकोण है जो वर्तमान परिस्थितियों में परीक्षा को लेकर छात्रों की चिंताओं का निवारण करेगी। साथ ही, शिक्षा और परीक्षा के गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करेगी।

लचीली परीक्षा व्यवस्था में छात्रों को अधिसूचित परीक्षा केंद्रों पर ऑफलाइन परीक्षा (सब्जेक्टिव मोड) या ऑनलाइन परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्न - एमसीक्यू आधारित) देने का विकल्प प्रदान किया गया है। इसके लिए विद्यार्थियों को 8 दिसंबर, 2021 तक लिखित रूप में परीक्षा के विकल्प का चयन करना होगा। इन परीक्षाओं का अधिमान (वेटेज) कुल मूल्यांकन का 25 प्रतिशत होगा। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय 15 दिसंबर से अपनी अंतिम सेमेस्टर परीक्षा आयोजित कर रहा है। इसके अलावा, परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देने में असमर्थता जता रहे बाहरी राज्यों के विद्यार्थियों को राहत देते हुए विवि ने निर्णय लिया है कि दिल्ली, एनसीआर और हरियाणा को छोड़कर अन्य राज्यों से संबंधित सभी छात्रों और ऐसे छात्रों जो कोविड या क्वारंटाइन हैं, के लिए परीक्षाएं बाद में आयोजित की जाएगी।ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल न हो पाने की सूचना विवि की परीक्षा शाखा को संबंधित शिक्षण विभागों या संबद्ध कालेजों के माध्यम से 8 दिसंबर, 2021 तक लिखित रूप में देनी होगी।

# जरूरतमंद गरीबों को किया राशन वितरित

फरीदाबाद। बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने क्षेत्र की कल्याणपुरी व राहुल कॉलोनी में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) के तहत सैकड़ों जरूरतमंद गरीबों को राशन का वितरण किया।

विधायक सीमा त्रिखा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले साल देश में कोविड-19 के अप्रत्याशित प्रकोप के कारण पैदा हुए आर्थिक व्यवधानों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने मार्च 2020 में लगभग 80 करोड़ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) लाभार्थियों को अतिरिक्त मुफ्त खाद्यान्न (चावल/गेहूं) के वितरण की घोषणा की थी। इन लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) के तहत पांच किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिमाह की दर से खाद्यान्न दिया गया, जो इनकी नियमित मासिक एनएफएसए खाद्यान्नों यानी उनके राशन कार्ड पर नियमित पात्रता के अलावा है। इस प्रकार एनएफएसए परिवारों को सामान्य रूप से वितरित किए जाने वाले मासिक खाद्यान्न की मात्रा को प्रभावी रूप से दोगुना कर दिया गया है ताकि गरीब, जरूरतमंद और कमजोर वर्ग के परिवारों और लाभार्थियों को आर्थिक संकट के दौरान पर्याप्त खाद्यान्नों की कमी के कारण परेशानी न उठानी पड़े।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी विशेल सेहरावत, सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अंजू बाला, निरीक्षक हिमालय कौशिक एवं संदीप, सुरेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश ढींगड़ा, सुशील सेतिया, कपिल शर्मा, संजय महेंद्रू, संजय अरोड़ा, सुरेश, छक्कीराम, देवीलाल, मास्टर अयूब खान, सोनू मिश्रा, उदयभान मौजूद थे।

# गोल्डा मॉनीटाइजेशन पर गहन चर्चा

## अरबों भारतीयों के लिए विकास और ऋण की राह से बाधा दूर होगी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

अपनी तरह के पहले लीडरशिप कार्यक्रम रुपीक फॉर इंडिया के पहले संस्करण में देश के सबसे सम्मानित, मशहूर विशेषज्ञ और परिवर्तन लाने वाली शख्सियतों ने इस मामले पर अपने विचारों को साझा किया कि कैसे ईकोसिस्टम, तकनीक का लाभ उठाकर भारत के 2 ट्रिलियन डॉलर के गोल्ड का मौद्रीकरण कर सकता है। साथ ही अरबों भारतीयों के लिए ऋण की समस्या को राह में आने वाली बाधाओं को दूर कर सकता है।

आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर आर गांधी के विशेष मुख्य भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं में से एक और सेल्सफोर्स की चेयरपर्सन और सीईओ अरुंधति भट्टाचार्य और और रुपीक के संस्थापक और सीईओ सुमित मनियार के बीच चर्चा हुई, जिसमें सभी भारतीयों के लिए ऋण तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने के तरीकों और निवेश के रूप में गोल्ड (सोना) से जुड़ी धारणा में आए नाटकीय बदलाव की आवश्यकता पर विमर्श किया गया। इसके साथ ही, देश के सबसे तेजी से बढ़ते परिसंपत्ति समर्थित डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म के रूप में रुपीक ने दर्शकों और उद्योग के हितधारकों को तकनीक आधारित उत्पाद पेशकशों के मामले में अपनी दूरदर्शिता की झलक दिखाई। डोरस्टेप गोल्ड लोन बाजार में उपलब्ध हैं और डिजी लॉकर और बाय नाउ पे लेटर (बीएनपीएल) जल्द ही लॉन्च होने जा रहे हैं। गोल्ड पावर्ड कार्ड और गोल्ड टेलर मशीन (जीटीएम) अभी प्रायोगिक चरण में हैं। ये उत्पाद भारतीय घरों से बेकार पड़े सोने की क्षमता का इस्तेमाल कर भारत की कर्ज चुनौतियों का समाधान करने के मामले में बेहद प्रासंगिक हैं और सोने के मुद्रीकरण, वित्तीय समावेशन को सक्षम करने और आर्थिक विकास को तेज करके यथास्थिति में बदलाव लाने के लिए तैयार हैं।

भारत के लिए रुपीक के पहले संस्करण और गोमोन प्रॉडक्ट्स के बारे में बताते हुए रुपीक के संस्थापक और सीईओ सुमित मनियार ने कहा, तकनीक और नवाचार भारत के गोल्डी मॉनीटाइजेशन के बुनियादी ढांचे के लिए दो जरूरी बुनियाद हैं। गोल्ड टेलर मशीन, डिजिलॉकर, गोल्ड पावर्ड क्रेडिट कार्ड और बाय नाउ पे लेटर उत्पाद एक साथ मिलकर सही मायने में वह नींव तैयार करने जा रहे हैं, जिस पर इस देश का गोल्ड मॉनीटाइज होने जा रहा है। रुपीक में, हम इस विजन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और हम इसे अधिक से अधिक ग्राहकों तक लाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। तकनीक-समर्थित उत्पादों के निवेश और विकास के महत्व पर जोर देते हुए टेक्नोलॉजी एंड प्रॉडक्ट के प्रमुख जापान दोषी ने कहा, गोल्ड लेंडिंग के मामले में दशकों तक कोई प्रॉडक्ट आधारित नवाचार नहीं हुआ है। इसके कारण इनमें से अधिकांश भारतीय बड़ी मात्रा में सोना रखने के बावजूद अपनी जरूरत के ऋण से वंचित हो गए हैं।

## महाराजा अग्रसेन सेवा ट्रस्ट द्वारा परिचय सम्मेलन का आयोजन


फरीदाबाद। महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट द्वारा नीलम-बाटा रोड पर स्थित वैश्य भवन में अपने तृतीय परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य वैश्य समाज के पढ़े-लिखे युवा और युवतियों के लिए वैवाहिक रिश्तों का मिलन करवाना है।

संस्था के तृतीय परिचय सम्मेलन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने शिरकत की। इस मौके पर विपुल गोयल ने संस्था के फाउंडर चेयरमैन केदार नाथ अग्रवाल को संस्था द्वारा किये जा रहे नेक कार्यों के लिए बधाई दी। विपुल गोयल ने अपने सम्बोधन में आगे कहा कि आज परिवार छोटे हो गये है और काम में भागदौड़ की वजह और समय के अभाव के कारण से कोई रिश्तों को जोड़ने के लिए बिचोलिया नहीं बनता, ऐसे में इस तरह संस्था द्वारा रिश्ते तय कराना एक उचित और सराहनीय पहल है।

## आज रविवार को होगी परीक्षा, 12 को आ सकता है परिणाम

# 134ए के तहत परीक्षा के लिए प्रशासन तैयार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



उपायुक्त जितेंद्र यादव।

उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिला में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार नियम 134ए के तहत परीक्षा रविवार को होगी। इसके लिए शिक्षा विभाग पूरी तैयारी कर ली गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि जिला में आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए है। उन्होंने बताया कि आवेदन के दौरान मिले रजिस्ट्रेशन नंबर को ही रोल नंबर माना जाएगा। परीक्षा परिणाम का मैसेज 12 दिसंबर होने की सम्भावना जताई जा रही है।

बल्लभगढ़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ में दूसरी से पांचवीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-3 में छठी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की परीक्षा होगी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आईटी -3 में तीसरी, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चौथी, राजकीय ब्वाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चौथी, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 में आठवीं व नौवीं, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राजकीय ब्वाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 में छठी व सातवीं, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी -1 मट्रो में दूसरी और राजकीय ब्वाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिकोना पार्क में से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों की परीक्षा होगी।

परीक्षा के लिए आवेदकों के रोल नंबर आवेदन के दौरान मिले रजिस्ट्रेशन नंबर को ही माना जाएगा। रोल नंबर अलग से जारी नहीं किए जाएंगे। परीक्षा केंद्र के अलाटमेंट की सूची को गुरुवार को बीईओ कार्यालय में लगाया जाएगा। सीटिंग प्लान को परीक्षा केंद्र के समय ही बताया जाएगा। परीक्षा केवल उन्हीं विद्यार्थियों की होगी जिन्होंने प्राइवेट स्कूल से अपनी पिछली कक्षा पूरी की है। सरकारी स्कूल से अपनी पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए कोई परीक्षा नहीं होगी। ऐसे विद्यार्थियों को पिछली कक्षा में प्राप्त अंकों पर आवंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11वीं कक्षा में दाखिला दसवीं के परीक्षा परिणाम के आधार पर होगा। अगर विद्यार्थियों को स्कूल आवंटित किया जाता है। इस बार नियम 134ए के तहत स्कूलों की खाली सीटों के लिए बहुत ही कम आवेदन आए हैं। कुल सीटों के आधे आवेदन भी इस बार नहीं आए। अभिभावकों में भी नियम 134ए के तहत कोई उत्साह नहीं है।

## जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें विद्यार्थी : उपायुक्त

फरीदाबाद। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें। उन्होंने कहा कि मेहनत के बल पर बड़े से बड़े लक्ष्य को भी हासिल किया जा सकता है। उपायुक्त जितेंद्र यादव शनिवार को बाल भवन में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद ने एक सराहनीय कार्य किया है और वो इसके लिए बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर राज्य स्तर पर हुई प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह का शुभारंभ फरीदाबाद की प्रथम महिला एवं जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद की अध्यक्ष अंजुबाला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर बहुत से अध्यापकों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

# संगठन महामंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पढ़ाया पाठ

फरीदाबाद। भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों और मोर्चे के जिला अध्यक्षों के साथ भाजपा की संगठनात्मक बैठक सफल हुई।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन महामंत्री रवीन्द्र राजू, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मेहरचंद गहलोत, बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आरएन सिंह मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। प्रदेश संगठन महामंत्री रवीन्द्र राजू ने पदाधिकारियों के साथ फरीदाबाद की सभी विधानसभाओं में त्रिदेव सम्मेलन, जिला पदाधिकारियों का प्रशिक्षण, संगठन विस्तार, मोर्चों की कार्य समिति की बैठक, संगठन की कार्य पद्धति आदि संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। रविन्द्र राजू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विश्व का सर्वश्रेष्ठ लोकतांत्रिक, राजनीतिक संगठन है जिसके कारण देश और प्रदेश में हम सत्ता में हैं और यह भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं के कारण मुमकिन हुआ है। कार्यकर्ताओं को सम्पर्क और संवाद के जरिए संगठन को मजबूत करना का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि संगठन की मोर्चाबंदी को मजबूत रखें और अपनी सकारात्मक कार्य पद्धति से संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करें। महीने के आखिरी रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा के सभी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर सुने और हर बूथ पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सुनाएं। बैठक में फरीदाबाद की सभी विधानसभाओं में त्रिदेव सम्मेलन और जिला पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के आयोजन के लिए विस्तृत चर्चा कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मान सिंह, अनिल नागर, पंकज रामपाल, लखमी चन्द भारद्वाज, संजीव भाटी, जिला सचिव हरेन्द्र भडाना, मुकेश अग्रवाल, रविन्द्र त्यागी उपस्थित रहे।

बीमारी का पता लगने के एक साल के भीतर लगी वैक्सीन

# दिल्ली एम्स में बालक अयांश को लगी 16 करोड़ रुपये की वैक्सीन

### चाइल्ड न्यूरो सर्जन डा. शैफाली गुलाटी और उनकी टीम ने लगाई वैक्सीन

### रविवार तक एम्स में ही चिकित्सकों की निगरानी में रहेगा अयांश

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**आखिरकार** बालक अयांश को 16 करोड़ रुपये की वैक्सीन लग ही गई। अमेरिका से आई यह वैक्सीन शनिवार सुबह 10 बजे एम्स दिल्ली में लगाई गई। चिकित्सकों के दल ने कोरोना महामारी के बीच सभी ऐहतियात बरतते हुए वैक्सीन लगाई। इस प्रक्रिया में करीब एक घंटा लगा। रविवार तक अयांश चिकित्सकों की निगरानी में रहेगा। सोमवार को छुट्टी मिलेगी।

वैक्सीन लगने के दौरान अयांश की मां वंदना उसे गोद में ही लिए बैठी रहीं। उनकी आंखों में बेटे के ठीक होने की उम्मीद साफ देखी जा सकती थी। बेटे की बीमारी को लेकर बार-बार भावुक होने वाली मां वंदना को पिता प्रवीण मदान ने सदा हिम्मत रखने को प्रेरित किया। अपने आंसुओं को छिपाकर वे परिवार में अपनी जिम्मेदारियों को सदा मजबूती से निभाते रहे।

अयांश एसएमए (स्पाइनल मस्क्यूलर एट्रॉफी) नामक बीमारी से ग्रस्त है। अयांश इस बीमारी से ग्रस्त है, इसका उनके माता-पिता वंदना मदान एवं प्रवीण मदान को तब पता चला, जब वह मात्र आठ महीने का था। अभी उसकी उम्र 20 माह है। अयांश को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में लेकर गए। जहां डॉ. विश्वस्वरूप और डॉ. रिचा ने अयांश की जांच की। कुछ टेस्ट भी कराए गए। तब पता चला कि अयांश एसएमए नामक गंभीर बीमारी से ग्रस्त है। डॉक्टर्स की उस रिपोर्ट से परिजनों का तनाव बढ़ गया। फिर भी उनका दिल नहीं मान रहा था कि अयांश को इतनी गंभीर बीमारी है। अपना शक मिटाने को उन्होंने लाल पैथ लैब से दोबारा टेस्ट कराए। वहां की रिपोर्ट में भी एसएमए बीमारी की सामने आई। एम्स के डॉक्टर्स ने बताया कि इसका उपचार अमेरिका की दवाई से होगा, जिसकी कीमत 16 करोड़ रुपये है।



दिल्ली एम्स में अयांश को लगाई जा रही 16 करोड़ रुपये की वैक्सीन।

### क्राउड फंडिंग से इकट्ठे हुए 16 करोड़

**16 करोड़** का जुगाड़ करने के लिए उन्होंने प्रयास शुरू किए। धन जुटाने को उन्होंने लकी ड्रॉ तक के कूपन भरे, लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने क्राउड फंडिंग (जनता से दान) से धन जुटाने का काम शुरू किया। देश-विदेश के नागरिकों को अपनी नेक कमाई से दान करने की गुहार लगानी शुरू की। मीडिया से रूबरू होते हुए अयांश के माता-पिता की आंखों में अश्रुधारा के बीच बेटे का जीवन बचाने का सपना लिए हर किसी की तरफ उम्मीद की निगाह से देखते रहे। अयांश के पिता प्रवीण जैन ने डा. नीलू गुगलानी (एमडी पैथॉलोजी) और डा. अषिता जैन का भी धन्यवाद किया है, जिन्होंने फंड जुटाने उनकी मदद की।

### दो साल की उम्र तक ही लग सकती है यह दवा

**यह** दवा बच्चे की दो साल की उम्र के भीतर ही लगनी जरूरी है। अयांश इस मामले में लकी ही कहा जाएगा कि उसे एक साल में यह दवा लग गई। क्योंकि 16 करोड़ जुटाना आसान नहीं था। एक बार फिर से वंदना और प्रवीण मदान ने देश-दुनिया के दानियों का धन्यवाद किया है। सोशल प्लेटफार्म पर अयांश के लिए दवा खरीदने की रकम एकत्रित करने को उन्होंने चौबीसों घंटे अभियान चलाया। दवा के लिए 16 करोड़ एकत्रित करने में लोगों ने दिल खोलकर दान दिया। किसी ने अपने बच्चों के नाम से तो किसी ने खुद के नाम से पैसे दिए। आखिरकार 16 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि इकट्ठी हुई। बिना देरी के अमेरिका में दवा निर्माता कंपनी को 16 करोड़ रुपये डॉलर के रूप में भेजे गए। दो दिसम्बर को दवा दिल्ली एम्स पहुंची थी, जिसे चार दिसम्बर शनिवार को अयांश को लगा दिया गया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए करें आवेदन

**गुरुग्राम।** विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं से हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए 10 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने बताया कि इन पुरस्कारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट पर सपर्क किया जा सकता है।

उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को प्रदान किया जाते हैं। इन पुरस्कारों में इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के तहत एक लाख 50 हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नों देवी पंचायती राज पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र, लाइफटाईम अचीवर्स पुरस्कार के तहत 51 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र, एएनएम, महिला एपीएचडब्लू (दो पुरस्कारों) के तहत 21 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र, महिला खिलाड़ी पुरस्कार के तहत 21 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र, साक्षरी महिला समूह सदस्य के (दो पुरस्कार) के तहत 21 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र, सरकारी कर्मचारी के (दो पुरस्कार) के तहत 21 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र, सामाजिक कार्यकर्ता (दो पुरस्कार) के तहत 21 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

# लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करे न्यायपालिका : अजय तिवारी

### पटौदी को मिला नया न्यायिक एवं रिहायशी परिसर

### पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के खंड पटौदी में ज्यूडिशियल कोर्ट कांपलेक्स का उद्घाटन करते न्यायाधीश अजय तिवारी।

**पंजाब** एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति और गुरुग्राम सेशन डिविजन के प्रशासकीय जज अजय तिवारी ने कहा कि न्यायपालिका को लोगों की अपेक्षाओं के अनुसार कार्य करना चाहिए, ताकि न्यायपालिका पर लोगों का अटूट विश्वास बरकार रहे। वे शनिवार को पटौदी उपमंडल के नए ज्यूडिशियल कोर्ट कांपलेक्स व न्यायिक अधिकारियों के रेजिडेंस परिसर के उद्घाटन उपरान्त कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

यह ज्यूडिशल कॉम्प्लेक्स पटौदी-हेलीमंडी के बीच में 14.54 करोड़ की लागत से लगभग साढ़े छह एकड़ भूमि पर बनाया गया है। न्यायाधीश अजय तिवारी ने नए ज्यूडिशियल कोर्ट कांपलेक्स, रेजिडेंस कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण और निरीक्षण उपरान्त अपने जीवन के अनुभवों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले की तुलना में न्यायालय परिसर और उसमें मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि समय के साथ हो रहे बदलाव को ध्यान में रखते हुए हमें समय-समय पर हमारे द्वारा दी जी रही सेवाओं का भी मूल्यांकन करना होगा। हमें यह देखना होगा कि हम जो सेवाएं दे रहे हैं, वो लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप हैं या नहीं।

श्री तिवारी ने कहा कि अगर हम अपने कार्य को ईमानदारी व पूरी निष्ठा के साथ करेंगे तो न्याय स्वत: ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि न्याय पाना हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। इसलिए सभी अधिवक्ता अपने क्लाइंट को पूरी ईमानदारी व मेहनत के साथ न्याय दिलाएं। साथ ही सभी न्यायाधीश केसों का फैसला अविलम्ब कर न्यायपालिका में लोगों के अटूट विश्वास को कायम रखें।

कार्यक्रम में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजेश भारद्वाज, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के बिल्डिंग कमेटी के ओएसडी बीपी सिंगला, गुरुग्राम के एडिशनल एंड डिस्ट्रिक्ट सेशन जज एवं बिल्डिंग कमेटी गुरुग्राम के चेयरमैन डॉ. डीएन भारद्वाज, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज गुरुग्राम फलित शर्मा, सीजीएम अनिल कौशिक एसीजीएम मनोज राणा, पटौदी की एसडीजेएम तरन्नुम खान व ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट मोहम्मद सगीर, गुरुग्राम के उपायुक्त डॉ. यश गर्ग, पटौदी के एसडीएम प्रदीप कुमार, डीसीपी मानेसर मनबीर सिंह, एसीपी मानेसर वीर सिंह, पटौदी बार एसोसिएशन के प्रधान विशाल चौहान व सचिव राजेश कुमार राव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### 24 मई 2018 को आरंभ हुआ था निर्माण

**चार** साल पूर्व 18 नवंबर 2017 को शिलान्यास होने के उपरांत इसका निर्माण कार्य 24 मई 2018 को आरंभ हुआ था। कांपलेक्स में अब चार कोर्ट बनाए गए हैं। ये चार कोर्ट एसडीजेएम और जेएमआईसी के कोर्ट रूम होंगे। इन चारों में एक फैमिली कोर्ट भी शामिल है। ज्यूडिशियल कोर्ट कांपलेक्स परिसर में ही 4 आवास न्यायाधीशों के रहने के लिए बनाए गए हैं।

## बाइक सवार से चालीस हजार लूट ले गए बदमाश

**होडल।** नेशनल हाइवे उझीना ड्रेन के निकट कार सवार तीन बदमाश एक बाइक सवार से हजारों रुपये की नगदी लूटकर फरार हो गए। बाइक सवारों ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन वह उन्हें चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

गांव लालपुर जिला मथुरा यूपी निवासी विपिन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसके पिता राजेंद्र और मामा का लड़का बलदाऊ बाइक द्वारा पलवल से अपने गांव के लिए लौट रहे थे। वह उझीना ड्रैन के समीप पहुंचे तो पीछे से आ रही एक कार सवार तीन बदमाशों ने बाइक रुकवाकर उसके पिता की जेब से जबरदस्ती चालीस हजार रुपये निकाल लिए। उसने बताया कि बलदाऊ ने उनकी पीछा भी किया, लेकिन वह उन्हें चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर कार सवार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## खराब प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य पर डाल रहा है प्रभाव

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**सोहना** और आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण कम होने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्रवासियों को सांस लेने में परेशानी के साथ-साथ जुखाम और खांसी होने से दिक्कत आ रही है।

सोहना और आसपास के क्षेत्र में वायु प्रदूषण बिगड़ने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को जुखाम और खांसी होना आम बात हो गई है। बीमारी से ग्रसित बुजुर्गों को सांसें लेने में भी परेशानी हो रही है। वार्ड-5 के निवासी सुरेश कुमार का कहना है कि वह सुबह साढ़े पांच बजे मॉर्निंग वॉक पर जाता है। उसे चलते समय सांस लेने में परेशानी होती है। नाक की शुरुआत में काला कार्बन से जम जाता है। जिस दिन हवा रात के समय में चलती है, उस दिन प्रदूषण खराब नहीं होता है। चमनलाल का कहना है कि जुखाम और खांसी के रोग दवा लेने के बावजूद ठीक नहीं हो रहे हैं। जिसके होने से बुखार भी हो जाता है।



सोहना शहर में शनिवार की सुबह छाया प्रदूषण की झलक।

### क्या कहते हैं डॉक्टर

**नागरिक** अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि वृद्ध लोगों को सुबह के समय घूमना बंद कर देना चाहिए। पैदल चलते समय सांसें लंबी न लेकर छोटे-छोटे हिस्सों में लें। मास्क का उपयोग अवश्य करें। खान-पान में तले हुए खाद्य का उपयोग न करे। बीमारियों से ग्रस्त रोगी घर से कम से कम निकले।

## संक्षिप्त-समाचार

### पुलिस ने शराब पीने वालों के खिलाफ चलाया अभियान, 10 पकड़े

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने शुक्रवार रात पांच स्थानों पर छापामारी करते हुए 10 लोगों को सरेआम शराब पीकर हुड़दंग मचाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग पांच मामले दर्ज किए हैं। शुक्रवार रात भोंडसी थाना पुलिस ने सरेआम शराब पीकर लोगों के लिए परेशानियां पैदा करने और शराब की बोतलों को चौक-चौराहे पर तोड़कर गालियां देने वालों की धड़पकड़ की गई। चार टीम थाने से और एक टीम मारुति कुंज कॉलोनी स्थित पुलिस चौकी से तैयार कर अभियान चलाया गया। पांच अलग-अलग जांच तैनात किए गए अधिकारियों में एसआई मुकेश कुमार, एएसआई कृष्ण कुमार, एएसआई विनोद कुमार, एएसआई आमिर सहित एक अन्य को शामिल किया। पुलिस टीमों ने मारुति कुंज मोड़, बीएसएफ के सामने, वाटिका चौक पर छापामारी की। छापामारी में पांचों ही टीमों ने दो-दो शराबियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में वाटिका कुंज के पास बालाजी निवासी सेक्टर-12 आरके पूरम दिल्ली, इरफान निवासी जिला नूंह फिरोजपुर झिरका, मारुति कुंज मोड़ पर लोकेश निवासी घामडौज, हरकिशन निवासी मांडी खेड़ा जिला नूंह, इसी चौक के पास सोनू निवासी भोंडसी, मनोज यादव निवासी खुशीनगर उत्तर प्रदेश, बीएसएफ के सामने दीपक निवासी भैडौली जिला पलवल, गोविन्द, प्रदीप और आशीष निवासी ऑरियन्टल कैंप भोंडसी को गिरफ्तार किया। एसआई मुकेश ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज कर कोर्ट के आदेशानुसर कच्ची जमानत पर छोड़ दिया गया।

### 24 टीकाकरण केन्द्रों पर लगेगी कोविशिल्ड की डोज

**गुरुग्राम।** जिला में वैक्सीनेशन अभियान के तहत रविवार को ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बने 25 टीकाकरण केन्द्रों पर कोरोना रोधी टीका लगाया जाएगा। उपर्युक्त केंद्रों में 24 पर कोविशिल्ड की पहली व दूसरी व पॉलीक्लीनिक सेक्टर-31 में स्पूतनिक की दूसरी डोज लगाई जाएगी। जिन नागरिकों को कोविशिल्ड का पहला या दूसरा टीका लगवाना है वह अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी कोरोना रोधी वैक्सीन लगवा सकता है। रविवार को 24 टीकाकरण केंद्रों पर उपर्युक्त वैक्सीन की पहली व दूसरी डोज़ के रूप में कुल 8 हजार स्लॉट उपलब्ध कराए गए हैं। वैक्सीनेशन कार्य देख रहे गुरुग्राम के उप-सिविल सर्जन डॉक्टर एमपी सिंह ने बताया कि टीका लगवाने के लिए लाभार्थी को किसी प्रकार के पूर्व रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं है। सभी सेंटरों पर पहले आओ पहले लगवाओ की नीति के आधार पर वैक्सीन लगेगी।

### उत्तम भारद्वाज को व्यापार प्रकोष्ठ का सदस्य बनाए जाने पर स्वागत



नवनियुक्त पदाधिकारी उत्तम भारद्वाज का स्वागत करते जिलाध्यक्ष और महामंत्री।

**होडल।** उत्तम भारद्वाज को बीजेपी व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य बनाए जाने पर पार्टी समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पार्टी समर्थकों ने शनिवार को पुन्हाना-बावरी रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन कर नवनियुक्त सदस्य उत्तम भारद्वाज को फूलमालाओं से स्वागत किया। मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया और महामंत्री वीरपाल दीक्षित मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारी भारद्वाज ने पार्टी के मुख्यमंत्री और आला नेताओं का आभार व्यक्त किया है। उत्तम भारद्वाज को बीजेपी व्यापार प्रकोष्ठ हरियाणा प्रदेश का सदस्य बनाए जाने पर उनके समर्थकों ने उनके सम्मान में पुन्हाना-बावरी रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष तेवतिया और जिला महामंत्री दीक्षित ने नवनियुक्त सदस्य उत्तम भारद्वाज को फूलों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया और पार्टी की जिम्मेदारियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मौके पर उनके साथ मंडलाध्यक्ष प्रेमराज तंवर, जिला विस्तारक करमबीर यादव, जिला सचिव सुनील ठेकेदार, चुनाव प्रबंधक भूपराम पाठक, पार्टी प्रभारी हरिओम तिवारी, हसनपुर मंडलाध्यक्ष हेमदत्त पाठक, सहकारिता विस्तारक महेंद्र महाबर, मनेश गोयल, यतार्थ सौरोत, पदम सौरोत, महेंद्र बंचारी, हरीश चंद शर्मा, रामी सौरोत, दाताराम के अलावा दर्जनों समर्थक मौजूद थे।

### ट्रेड लाइसेंस कैम्प में 200 दुकानदारों ने मौके पर ही किया आवेदन

**गुरुग्राम।** व्यापारियों को मौके पर ही ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन करने की सुविधा के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा चार स्थानों पर विशेष कैम्प लगाए गए। इनमें लगभग 200 व्यापारियों ने मौके पर ही ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन किया।

जोन-4 क्षेत्र के टैक्स अधिकारी समीर श्रीवास्तव की टीम शनिवार को साऊथ सिटी-2 स्थित आर्केडिया मार्किट तथा सेक्टर-49 स्थित बानी स्क्रेयर मार्किट पहुंची। यहां विशेष कैम्पों का आयोजन करके व्यापारियों को ट्रेड लाइसेंस आवेदन की सुविधा उपलब्ध करवाई। दोनों स्थानों के लगभग 150 दुकानदारों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। वहीं ज़ोन-3 क्षेत्र के टैक्स अधिकारी देवेंद्र कुमार की टीम ने आरडी मॉल तथा कुतुब प्लाजा डीएलएफ-1 में कैम्प लगाए।

## दिव्यांगों को हर सुविधा देने के प्रयास : बोधराज सीकरी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**समाज** में हर व्यक्ति विशेष महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हर व्यक्ति हर वर्ग का सम्मिलित रूप ही समाज कहलाता है। इसी समाज में समानता और संतुलन बनाए रखना हर जन की जिम्मेदारी है। इसी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का प्रयास करते हुए ब्रिंगिंग स्माइल संस्था द्वारा अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस अवसर पर संस्था के गणमान्य सदस्यों द्वारा हर आयु वर्ग के दिव्यांगों को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया। इसके साथ ही उनकी मूलभूत और अनिवार्य आवश्यकताओं को मद्देनजर रखते हुए उन्हें विभिन्न उपहार वितरित किए, जिनमें उनके लिए विशेष रूप से तैयार करवाये स्मार्ट फोन, सिलाई मशीन, ट्राइसाइकिल, कम्बल, व्हील चेयर, गर्म इनरवेयर आदि शामिल रहे। कम्प्यूटर ट्रेनिंग के लिए चेक के रूप धनराशि भी प्रदान की गई। इस अवसर पर दिव्यांगों से मिलना जीवन के संघर्ष से लड़ने की प्रेरणा बना।



दिव्यांगों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन करते बोधराज सीकरी।

## 79 टीकाकरण केन्द्रों पर 8840 लोगों को लगाई वैक्सीन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**स्वास्थ्य** विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान के तहत शनिवार को गुरुग्राम में 79 स्थानों पर वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमे 08 हजार 840 लोगों को वैक्सीन की पहली व दूसरी डोज लगाई गई। आज के आंकड़ो को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल 38 लाख 98 हजार 227 डोज दी जा चुकी है।

जिला में वैक्सीनेशन अभियान की कमान संभाल रहे डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिला के 79 वैक्सीनेशन सेंटर्स में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 01 हजार 560 लोगों को पहली डोज़ दी गई। वहीं आज 06 हजार 300 लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई गई। डॉ. सिंह ने कहा कि आज 45 वर्ष से अधिक आयु के 214 नागरिकों को कोरोना रोधी वैक्सीन का पहला टीका लगाया गया। वहीं 759 लोगों ने वैक्सीन की अपनी दूसरी डोज़ लगवाई। आज 04 हेल्थ वर्कर्स व 3 फ्रंट लाइन वर्कर्स को कोरोना रोधी वैक्सीन की दूसरी डोज दी गई।



### गुरुग्राम में अब तक वैक्सीन की 38 लाख 98 हजार 227 डोज लग चुकी

## बाजार की कॉलोनियों में हो रही दूषित पेयजल आपूर्ति, विभाग मौन

### नलों से बदबू और कीचड़ युक्त आ रहा पानी

**कैलाश मंगला।** होडल

**पेयजल** विभाग की लापरवाही के चलते होडल बाजार की कई कॉलोनियों में पिछले चार-पांच दिनों से दूषित पेयजल आपूर्ति हो रही है। कॉलोनियों में घरों के नलों से बदबू और कीचड़ युक्त पानी आ रहा है जो कि पीना तो दूर अन्य किसी घरेलू कार्य के भी लायक नहीं है। दूषित पेयजल आपूर्ति के चलते कॉलोनी के लोगों को पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। कॉलोनी के लोगों ने कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों को घरों में हो रही दूषित पेयजल आपूर्ति की समस्या से अवगत कराया है, लेकिन इस ओर कोई अधिकारी और कर्मचारी ध्यान देने को तैयार नहीं हैं।

स्थानीय बाजार की जैन कॉलोनी, ताली मंडी रोड, बाईसी मोहल्ला, घासैडिया मोहल्ला, आर्य समाज रोड स्थित कॉलोनी में पिछले चार-पांच दिनों से दूषित पेयजल आपूर्ति हो रही है। कॉलोनियों के घरों में लगे नलों से कीचड़ व बदबू युक्त पानी आ रहा है। घरों में आ रहा पानी पीना तो दूर अन्य किसी घरेलू कार्य के भी योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि घरों में हो रही दूषित पेयजल आपूर्ति के कारण उन्हें खरतनाक बीमारी के फैलने का भय सताता रहता है। दूषित पेयजल आपूर्ति के चलते उन्हें मजबूरन बाजार से पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड रही है। कॉलोनी निवासी राजेश जैन, कपिल जैन, प्रमोद, सुनील, मोनू, गुलशन गर्ग, राकेश आदि अन्य लोगों का कहना है कि उनके घरों में पिछले चार-पांच दिनों से दूषित पेयजल आपूर्ति हो रही है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि पहले ही देश में महामारी चल रही है और यह दूषित पेयजल आपूर्ति के कारण कोई अन्य खतरनाक बीमारी न पनप जाए। लोगों का कहना है कि उनके घरों में हो रही दूषित पेयजल से आने वाली बदबू के कारण उनका अपने ही घरों के बाथरूमों में जाना दुर्लभ हो गया है। दूषित पेयजल के चलते उन्हें अपनी प्यास बुझाने के लिए बाजार से बीस से तीस रुपये का पानी का जार खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते के बावजूद उन्हें इस समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। इस मामले में पेयजल विभाग के जेई अजय कांगडा का कहना है कि उन्हें शिकायत मिल चुकी है वह विभागीय कर्मचारियों को मौके पर भेजकर कॉलोनी के लोगों को इस समस्या से निजात दिलाएंगे।

## छुआछूत समाज के विकास में अभिशाप: एडीसी

### देश और समाज के विकास में हर वर्ग भागीदार : मुकेश वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने कहा कि छुआछूत समाज के विकास में अभिशाप है। देश को विकसित करने के लिए इसे जड़मूल से खत्म करना है। मुख्यमंत्री के फरीदाबाद मण्डल के मिडिया कोआर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि देश और सामाजिक विकास में हर वर्ग के लोगों की अहम भूमिका रही है और आगे भी बनी रहेगी।

आपको बता दें स्थानीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 10 फरीदाबाद में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन जिला कल्याण विभाग फरीदाबाद द्वारा पीसीआर एक्ट 1955 की पालना में छुआछूत एक अभिशाप के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन गत सायं किया गया था। जिसमें विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करके अतिरिक्त उपायुक्त सतवीर सिंह मान व मुख्यमंत्री के मीडिया कोआर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ द्वारा विजेता विद्यार्थियों को नकद राशि ईनाम स्वरूप वितरित की गई। सेमिनार में जिलाभर के नौवीं से बारवीं कक्षाओं तक के लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र छात्राओं को नकद इनाम की राशि 1000 रुपये, 600 रुपये एवं 400 रुपये दी गई। सेमिनार में रितु चौधरी जिला शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी बल्लभगढ़ बलबीर कौर और स्कूल की प्रधानाचार्य रजनी भाटिया आदि मौजूद रहीं।



## छत पर कपड़े सुखा रही युवती को देख की अश्लील हरकत

**होडल।** छत पर कपड़े सुखाने गई युवती को देख एक युवक द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी और उसके परिजनों ने युवती द्वारा शिकायत करने पर उसका अपहरण करने की भी धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित युवती की शिकायत पर युवक सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गांव भुलवाना निवासी एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह अपने मकान की छत पर कपड़े सुखाने के लिए गई थी। उसने बताया कि पड़ोस में रहने वाला उधम सिंह भी अपने मकान की छत पर पहुंच गया। युवती ने बताया कि उधम युवती को देख अश्लील हरकत करने लगा। उधम को देख युवती अपने नीचे घर पर चली गई और आपबीती अपने परिजनों को बताई। परिजनों ने उधम की शिकायत उसके परिजनों से की तो उधम, रोहित और विनीता ने उसके माता-पिता को गाली-गलौज की साथ ही उपहरण कर ले जाने की धमकी दी।

## पशु डेयरी स्थापित कर अनुदान योजना का लाभ लें युवा: डीसी

### उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा डेयरी पर पाएं ब्याज पर छूट

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**हरियाणा** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेश की प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता में बढ़ोतरी करने तथा डेयरी व्यवसाय से बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार परक बनाने के उद्देश्य से दुग्ध एवं डेयरी से संबंधित कई नई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा हाईटेक मिनी डेयरी योजना के तहत सामान्य वर्ग के पशुपालक 4, 10, 20 तथा 50 दुधारू पशुओं की डेयरी लगा सकते हैं। विभाग द्वारा 4 व 10 दुधारू पशुओं (भैंस/गाय) की डेयरी स्थापित करने वाले व्यक्तियों को 25 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। इसी प्रकार, 20 व 50 दुधारू पशुओं की डेयरी पर ब्याज की सब्सिडी देने का प्रावधान दिया गया है। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति से जुड़े व्यक्तियों के लिए 2/3 दुधारू पशुओं की डेयरी स्थापित करने तथा सूअर पालन के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है।



पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. नरेन्द्र सिंह ने बताया कि भेड़ या बकरियों की डेयरी करने वाले व्यक्तियों को 90 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। डेयरी पालन का व्यवसाय करने के इच्छुक व्यक्तियों को सरल पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा।

पंजीकरण करते समय परिवार पहचान-पत्र,आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, कैंसल चेक तथा बैंक की एनओसी अपलोड करनी होगी। विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी भी कार्य दिवस में विभाग के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## गुरुग्राम नमाज मामले में विधायक ने की डीजीपी से बात





विधायक और डीजीपी का फाइल फोटो।

### विधायक ने मुख्यमंत्री से भी फोन से दो बार संपर्क साधा, मगर बात न हो सकी

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**नूंह** विधायक व हरियाणा कांग्रेस विधायक दल उप नेता चौधरी आफ़ताब अहमद ने गुरुग्राम नमाज मामले में प्रदेश के डीजीपी पीके अग्रवाल आईपीएस से बात की है। विधायक ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के चंडीगढ आवास पर भी फोन से दो बार संपर्क साधा लेकिन बताया गया कि मुख्यमंत्री मीटिंग में व्यस्त हैं। सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने डीजीपी से कहा कि गुड़गांव में जिस तरह से इस शुक्रवार को नमाजी लोगों को पुलिस की मौजूदगी में हाथ लगाकर व्यवधान डाला गया वो आपत्तिजनक है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

आफताब अहमद ने कानून व्यवस्था खराब करने वालों पर कार्रवाई करने व मंजूरशुदा जगहों पर नमाज पढ़ने वालों को सुरक्षा मुहैय्या कराने की मांग करते हुए कहा कि मामला दिन प्रतिदिन खराब किया जा रहा है। विधायक को हरियाणा के डीजीपी ने आवश्यक कदम उठाने का सकारात्मक आश्वासन दिया है। इसे प्रशासनिक मुद्दा समझने के बजाए सरकार की विफलता मानना चाहिए। आफताब अहमद ने कहा कि प्रशासन द्वारा मंजूरी देने के बावजूद नमाज में व्यवधान सरकार की मंशा को दर्शाता है। आफताब अहमद ने बताया कि उन्होंने महीने भर पहले भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र लिखकर मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने की मांग की थी, तीनों विधायकों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके भी मामले को सीएम के मेवात आगमन से पूर्व उठाया था, लेकिन उन्होंने मामले को गंभीरता से लेने के बजाए शरारती तत्वों को मौन समर्थन दे दिया ऐसा प्रतीत होता है।

## भाजपा देश दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन: प्रदेश महामंत्री

### बैठक में प्रदेश और जिला कार्यकारिणी के तमाम मोर्चों के सम्मानित सदस्यों से कहा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**भाजपा** प्रदेश महामंत्री (संगठन) रविंद्र राजू नूंह जिले के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं संग पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक करने पहुंचे। शनिवार को बैठक के दौरान प्रदेश महामंत्री ने कार्यकर्ताओं संग विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया। उनसे पार्टी के संबंध में फीडबैक लिया। रविंद्र राजू ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन देश ही नहीं दुनिया भर में कार्यकर्ताओं के बलबूते मजबूत है और सबसे बड़ा है।



नूंह जिले के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं संग बैठक करते भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) रविंद्र राजू।

उन्होंने कहा आगामी दिनों में केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश अनुसार जिले में संगठनात्मक बैठक, जिला कार्यसमिति की बैठक त्रिदेव सम्मेलन, पन्ना प्रमुखों से बातचीत और बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा जिला कार्यकारिणी के तमाम मोर्चों के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि वह आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तैयार कर उनके लिए जुट जाएं। प्रदेश महामंत्री संगठन ने त्रिदेव सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिले की तीनों विधानसभाओं में प्रस्तावित कार्यक्रमों के तहत त्रिदेव सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा आगामी समय में होने वाले नगर पालिका व पंचायत चुनाव को लेकर भी प्रदेश महामंत्री ने कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया। उनसे चुनावों के संबंध में जुट जाने का आह्वान किया।

इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नसीम अहमद, जिला प्रभारी समय सिंह भाटी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल प्रदेश, डॉक्टर महेंद्र गर्ग, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, जिला मीडिया प्रभारी मनीष जैन, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अंजू बाला, ताहिरा अजमत, शिवकुमार बंटी, दलबीर तंवर, जिला विस्तारक बलविंदर जोगी,सहित जिले के सभी पदाधिकारी मोर्चो के जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## मानव तस्करी के आरोप में एक रोहिंग्या गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**प्रभारी** अपराध जांच शाखा नूंह निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने बांग्लादेश से नाबालिग लड़कियों की मानव तस्करी कर शारीरिक एवं यौन शोषण कराने के आरोप में एक रोहिंग्या शरणार्थी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि दूसरे देश से अवैध तरीके से भारतवर्ष में नाबालिग लड़कियों को प्रवेश कराने एवं उनको अलग-अलग स्थानों पर बंधक बनाकर रखने एवं उन्हें पैसों में बेचने का षड्यंत्र रचने वाले आरोपियों की पहचान कर उनको गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस प्रवक्ता कृष्ण ने बताया कि राजबीर सिंह प्रभारी सुरक्षा शाखा नूंह को दो दिसंबर को सोर्स द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सितंबर माह में दो नाबालिग लड़कियां निवासी बांग्लादेश को नामालूम व्यक्ति ने मिजोरम कोलकाता के रास्ते भारतवर्ष में प्रवेश कराया था। इसकी एवज में दोनों से 25-25 हजार रुपये लिए गए थे। नूर कबीर पुत्र मोहम्मद हसन रोहिंग्या शरणार्थी हालाबाद शाहपुर नंगली इन दोनों नाबालिग लड़कियों को कोलकाता से दिल्ली तक रेल में लेकर आया था। उसके बाद दिल्ली से रोहतक मोहम्मद अयाज पुत्र फजल अहमद हालाबाद नजदीक बस स्टैंड नूंह लेकर आया था और घासेड़ा गांव में 5 दिन तक किसी अज्ञात स्थान पर छुपा कर रखा था। पुलिस के मुताबिक 5 दिन बाद अयाज का चाचा हाफिज अहमद इन दोनों लड़कियों को मालब गांव ले गया। जहां इन दोनों लड़कियों को 70-70 हजार रुपये में कश्मीर में बेचने का सौदा तय कर कर रहा था। कहा कि 15 हजार रुपये में वह उसकी बहन को वापस लौटा देगा। भाई ने हाफिज के किसी जानकार के खाते में 15 हजार रुपये भी डलवा दिए, लेकिन उसके बावजूद भी उसकी बहन को उसके हवाले नहीं किया। इसी दौरान इस बात की भनक बाल कल्याण समिति नूंह को गत 30 सितंबर को लगी। दोनों लड़कियों को उन्होंने अपने कब्जे में लेकर दीपालय अनाथ आश्रम घुस बैठी तावडू में छोड़ दिया।

## डीएवी स्कूल में स्पोर्ट्स मीट आयोजित

रिजवान कासिम। मेवात

**डीएवी** पुलिस पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का समापन शनिवार को हो गया। डीएवी स्कूल के प्रांगण में शनिवार को इनाम वितरण समारोह रखा गया।



विद्यालय के प्रधानाचार्य बलवंत विश्नोई द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी के बच्चों को इनाम वितरित किया गया। जिनमें से आठवीं कक्षा के अनस व छठी कक्षा की फराना को इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। इनाम वितरण के दौरान प्रधानाचार्य ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों से विनम्र निवेदन किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। सभी छात्रों के अभिभावकों ने उपस्थित रहकर उन्हें प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे। याद रहे की खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत वरुण सिंगला द्वारा की गई थी।

## जन सरोकार रैली के लिए दिया निमंत्रण

### जजपा जिला अध्यक्ष तावडू उपमंडल के 11 गांवों में पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**शनिवार** को शहर सहित उपमंडल के 11 गांव में जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ऋषि राज राणा ने दौरा किया। उन्होंने जजपा स्थापना दिवस के मौके पर आगामी 9 दिसंबर को झज्जर के आकूपुर में होने जा रही जन सरोकार दिवस रैली के लिए लोगों को निमंत्रण दिया।



क्षेत्र में जन सरोकार दिवस रैली के लिए निमंत्रण देते जिलाध्यक्ष ऋषि राज राणा।

तावडू जजपा हल्का प्रधान अख़्तर अली ने बताया कि जिला अध्यक्ष ऋषि राज राणा के साथ शनिवार को उपमंडल के गांव खोरी खुर्द सुनारी, गुरनावट, सेवका निजामपुर, ढ़ीढारा, जोरासी तावडू राधे नगर, चाहल्का, सुन्ध, बेरी और हसनपुर में पहुंचे। जहां पर उन्होंने पिछले 2 साल में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा किये गए समाज व प्रदेश के लोगों के हित में किये गए जनकल्याणकारी कार्यों के बारे में लोगों को बताया। सभी उपस्थित लोगों को जजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 9 दिसंबर को झज्जर में आयोजित किये जा रहे जन सरोकार दिवस रैली में पहुंचने का निमंत्रण दिया।

शनिवार को क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचकर उनसे जन सरोकार दिवस रैली में पहुंचने का आह्वान किया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी रामनिवास फौजी, साहब सिंह सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिविर में नि: शुल्क जांच कराएं आज

**पुन्हाना।** शहर के लाल चौक स्थित महावीर अस्पताल के प्रांगण में आगामी पांच दिसम्बर रविवार को दा साइट एवेन्यू द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डॉ मुंजाल सहित सात चिकित्सकों की टीम द्वारा लोगों की आंखों की नि:शुल्क जांच की जाएगी। शिविर के आयोजक डॉ महेश जैन ने बताया कि लोगों को सुविधा इस लिहाज से वे अपने अस्पताल पर ऐसे शिविरों का आयोजन करते हैं। इससे पहले अभी बीते दिन उनके नेतृत्व में नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग डेढ़ मरीजों ने शिविर का लाभ लिया। डॉ जैन ने बताया कि उनके द्वारा समाज में लोगों की सेवा करना उद्देश्य है। शिविरों के माध्यम से लोगों को आसानी से अपनी बीमारियों का इलाज मिल जाता है। बहुत लोग महंगे इलाज और संबधित डॉक्टरों के बारे में जागरूक नहीं होने के कारण अपना समय पर नही करा पाते है, ऐसे लोगों के लिए ऐसे लाभदायक साबित होते हैं। आंख इंसान का कीमती अंग है, इनकी देखभाल जरूरी है। यदि आंखें खराब हैं तो जीवन अधूरा है। समय समय पर आंखों की जांच कराएं। डॉ जैन ने कहा कि नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में लोग आकर सेवा का लाभ लें। उन्होंने बताया कि जिन चिकित्सकों द्वारा यह शिविर लगाया जा रहा है। उनके अस्पताल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन आधुनिक फेको मशीन व अनुभवी डॉक्टरों द्वारा तथा चश्मा उतरवाने का आपरेशन भी आधुनिक एबोट एचडी लेसिक तकनीक से कम दामों में किया जाता है। इसके अलावा कैशलेश मेडिक्लेयम की सुविधा उपलब्ध है।



डॉ महेश जैन।

### राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय कल करेंगे रक्तदान शिविर का उद्घाटन

**नूंह।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सोमवार को प्रात: 11 बजे नूंह जिला के शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेडी में रक्तदान शिविर का उद्घाटन करेंगे। ये जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि राज्यपाल इसके बाद दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर नलहड़ में शिव मंदिर में जायेंगे तथा एक बजकर 20 मिनट पर कोटला झील का अवलोकन भी करेंगे। राज्यपाल को सबसे पहले हरियाणा पुलिस की गारद सलामी देगी।राज्यपाल इस दिन तीन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने राज्यपाल के होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेडी, नलहड़ के शिव मंदिर व कोटला झील का निरीक्षण किया। इस मौके पर एसपी वरुण सिंगला व एडीसी डॉक्टर सुभीता ढाका, एसडीएम सलोनी शर्मा, नलहड़ मेडिकल कॉलेज के उपनिदेशक सतेंद्र दुहन भी मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, एक बच्ची घायल

**मेवात।** गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए पर बॉडी कोठी गांव के समीप एक दर्दनाक हादसा हुआ है। बाइक को ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार महिला सहित दो की मौत हो गई। जबकि एक बच्चे को मामूली चोट आई हैं। फिरोजपुर झिरका पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा भेज दिया है।

**पायनियर क्लासीफाइड**

**बेदखली सूचना**

मै यादराम पुत्र श्री राम प्रसाद निवासी मकान न0 594, संजय नगर, एन.आइ.टी फरीदाबाद हरियाणा, अपने पुत्र आकाश व पुत्रवधू प्रिया को अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता हूं। जो कि मेरी आज्ञा मे नहीं है। उनके द्वारा किये किसी सम्बन्ध, कार्य, पुराना व नया पैसे का लेन-देन, झगडा, मार-पीट, पुलिस केस, कोंट केस आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा। कोई कानूनी रिश्ता नहीं होगा।

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख (साउथ हरियाणा)
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

## सीवर लाइन चोक होने से जलभराव, रास्तों में फैला कीचड़



गांव के रास्तों में हुआ जलभराव और कीचड़।

### निजामपुर में सीवर निर्माण के बाद एक बार भी नहीं हुई सफाई

### ग्रामीणों का आरोप, सीवर निर्माण में बरती गईं अनियमितताएं

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**उपमंडल** के गांव निजामपुर में सीवर लाइन जाम होने के कारण गांव के रास्तों और गलियों में भारी जलभराव और भारी कीचड़ हो गई है। ग्रामीणों के मुताबिक सीवर लाइन निर्माण के बाद एक बार भी सफाई नहीं कराई गई। वहीं निर्माण में भारी अनियमितताएं भी बरती गई है।

ग्रामीणों ने कई बार पंचायत विभाग और प्रशासन को समस्या से अवगत कराया, लेकिन समाधान नहीं हो सका। निजामपुर निवासी ग्रामीण मुबारिक, असगर, रहमू, अब्बास, रमजान, मजीव आकिब आदि ने बताया कि लगभग साढ़े तीन वर्ष पहले कालरपुरी की ओर जाने वाले रास्ते पर श्मशान घाट तक छह मेन होल के साथ 800 मीटर लंबी सीवर लाइन डाली गई थी।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत निजामपुर के सरपंच पति और ठेकेदार ने मिलीभगत सीवर निर्माण में भारी अनियमितताएं बरतीं। सीवर लाइन डालने के दौरान तय पैमानों के मुताबिक खुदाई नहीं की गई वहीं जल निकासी के लिए उचित ढलान नहीं बनाया गया। निकासी की ओर ज्यादा ऊंचाई होने के कारण सीवर जाम होना शुरू हो गए। परिणाम स्वरूप पूरी सीवर लाइन चोक हो गई। जिसका गंदगी युक्त पानी गांव के रास्तों और गलियों में समा गया।

जिनमें अब भारी संख्या में मच्छर पनप रहे हैं। कीचड़ युक्त रास्ते होने के कारण आयेदिन दोपहिया वाहन चालक फिसल कर चोटिल होते रहते हैं। समस्या से पंचायत विभाग के प्रतिनिधि और अधिकारियों को भी अवगत कराया लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। मामले को लेकर दो बार सीएम विंडो में भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन विभाग की ओर से सही तरीके से जांच नहीं की गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सीवर और रास्ते निर्माण के दौरान लाखों रुपये का गबन किया गया है।

## फसलों के रजिस्ट्रेशन के बारे में चर्चा की

### फिरोजपुर झिरका के रिगड़ गांव में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**मुख्यमंत्री** के सुशासन सहयोगी राजूराम ने रिगड गांव में मेरी फसल मेरा ब्यौरा के बारे में किसानों से बात की। उनकी परेशानियों को सुना। उन्होंने ने कहा किसानों को अपनी फसल का ब्यौरे का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अवश्य करना चाहिए। इससे किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों की फसलों को विभिन्न आपदाओं से सुरक्षा देकर किसानों को आर्थिक आजादी दी जा रही है।

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प किया है। किसान इस योजना से जुड़कर अपनी फसलों को बीमा रूपी सुरक्षा कवच पहनाये। योजना के तहत किसानों की फसलों से जुड़े हुए जोखिमों की वजह से होने वाली भरपाई का प्रावधान है। उन्होंने ने कहा कि रबी सीजन की गेहूं, जौ, चना, सरसों व सूरजमुखी की फसलें इस योजना के लिए अधिसूचित की गई हैं। किसान 31 दिसंबर 2021 तक अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। योजना के तहत स्थानीय आपदा, फसल बुआई से कटाई तथा कटाई के बाद के नुकसान को बीमित जोखिम में शामिल किया गया है। किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नम्बर 1800-180-2117 पर सम्पर्क कर सकते है तथा पंजीकरण के लिए नजदीकी बैंक शाखा/कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी/कॉमन सर्विस सेंटर से सम्पर्क किया जा सकता है।

योजना के तहत फसल का बीमा करवाने के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या, भूमि एवं फसल बुआई संबंधित दस्तावेज आवश्यक है। राजू राम ने कहा कि गेहूं की फसल के लिए प्रति एकड़ 409.50 रुपये प्रीमियम निर्धारित की गई है। जौ के लिए 267.75 रुपये प्रति एकड़, सरसों के लिए 275.63 रुपये प्रति एकड़, चना के लिए 204.75 रुपये प्रति एकड़ तथा सूरजमुखी के लिए 267.75 रुपये प्रति एकड़ प्रीमियम निर्धारित किया गया है। किसानों की सुविधा के लिए फार्म मित्र ऐप भी शुरू किया गया है, जो स्थानीय भाषा में उपलब्ध है। इस ऐप पर पोलिसी एवं दावे की जानकारी, मौसम की जानकारी, कृषि सलाह एवं बाजार भाव की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध है।

## हरियाणा में ही मिलता 19 फल-सब्जियों पर भावांतर

### कहा, जन सरोकार रैली में पहुंचकर हरियाणावी लगाएंगे जेजेपी के किए कार्यों पर मोहर

### ताऊ देवीलाल के हरियाणा के विकास के लिए भी बनाई जाएगी आगामी योजनाएं

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**झज्जर** में 9 दिसंबर को जेजेपी रैली को सफल बनाने के लिए जेजेपी नेता लगातार लोगों से संपर्क कर रहे हैं। इसी कड़ी में नूंह एक बैठक में प्रदेश प्रवक्ता योगेश हिलालपुरिया ने बताया कि जेजेपी अपने तीसरे स्थापना दिवस को झज्जर में जन सरोकार दिवस के रूप में मना रही है। जिसमें लाखों की संख्या में प्रदेश के लोग शामिल होंगे। सक्रिय कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा सख्या में लोगों को साथ लेकर मेवात से 9 दिसंबर को रैली में पहुंचने अपील करते हुए कहा कि हरियाणा में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने विकास की झड़ी लगाई हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा इकलौता राज्य है, जहां 19 प्रकार की फल व सब्जियों पर भावांतर भरपाई योजना लागू की हैं।



बैठक करते हुए पदाधिकारीगण।

पिछले दो वर्षों में गठबंधन सरकार में भागीदार बन उन्होंने हरियाणा राज्य में प्रत्येक वर्ग, क्षेत्र के लिए विकास कार्य किए हैं। अब 9 दिसंबर को झज्जर में होने वाली पार्टी की जन सरोकार दिवस रैली में आगामी तीन वर्षों के विकास कार्यों की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

जिला प्रभारी आजाद मोहम्मद, जिलाध्यक्ष तैय्यब हुसैन घासेडिया व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बदरुद्दीन ने कहा कि 75 प्रतिशत रोजगार कानून चौ. देवीलाल द्वारा लागू की गई बुढ़ापा पेंशन की तरह ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में किसानों के हित में निरंतर कार्य किया है। जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन, वरिष्ठ प्रदेश युवा उपाध्यक्ष नासिर हुसैन, युवा जिला अध्यक्ष वसीम हलका प्रधान आस मोहम्मद, युवा प्रदेश महासचिव लुकमान खान ने बताया कि हरियाणा सरकार ने देशभर में सबसे ज्यादा फसलों की एमएसपी पर खरीद की है। उसका भुगतान सीधा किसानों के खातों में किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता गणेश दास अरोड़ा, अल्पसंख्यक जिला प्रधान सिराजुद्दीन सिराज, आईटी सेल प्रधान आशिक इलाही, जिला उपाध्यक्ष नियाजु वीरसिंह, राजू कटारिया समेत अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## स्वच्छ ऊर्जा में उपलब्धि

**भारत को भू-तापीय, ज्वारीय ऊर्जा जैसे अन्य गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों का रुख करना है। साथ ही उन्हें तकनीकी रूप से किफायती और सुलभ बनाने के लिए शोध करने की आवश्यकता है।**

**भारत** की स्थापित स्वच्छ ऊर्जा क्षमता 150 गीगावॉट से अधिक हो चुकी है। सरकार द्वारा 2022 तक निर्धारित 175 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में यह शानदार प्रगति है। इसमें 100 गीगावॉट सौर ऊर्जा, 60 गीगावॉट पवन ऊर्जा, 10 गीगावॉट छोटे स्तर पर पनबिजली और पांच गीगावॉट की बायोमास आधारित बिजली परियोजनाओं का लक्ष्य है। बीते महीने नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने दावा किया था कि देश में 1522.35 मेगावॉट स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ोतरी हुई है। स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों के विस्तार के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं पर काम कर रही है। इस सेक्टर के विस्तार से अलग-अलग स्तरों पर रोजगार के मौके भी बनेंगे। विशेषकर, ग्रामीण भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।



उम्मीद है अगले चार वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र 80 बिलियन डॉलर तक निवेश आकर्षित करेगा। इससे 2040 तक स्वच्छ ऊर्जा संसाधनों पर हमारी निर्भरता आधे से अधिक हो सकती है। साथ ही, सौर ऊर्जा की मौजूदा लागत में भी गिरावट आएगी। विकास की राह में आने वाली अनेक बाधाओं को दूर करते हुए ऊर्जा लागत में कटौती भी करना है। साथ ही कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की कोशिशें जारी रखना है। दूसरे शब्दों में, हमें टिकाऊ विकास के विकल्प को ही अपनाना है। देश में 2035 तक आबादी लगभग 150 करोड़ होगी, लिहाजा ऊर्जा मांग में बढ़त स्वाभाविक है। बीते तीन दशकों में हमारा आर्थिक विकास औद्योगिक विस्तार और ढांचागत विकास पर निर्भर रहा है। वहीं व्यक्तिगत जीवन सुधार परिवहन, खाना पकाने के ईंधन, अरामदेह वातानुकूलन और आधुनिक ऊर्जा सेवाओं तक पहुंच पर निर्भर है। यानी, ऊर्जा आधारित सेवाओं की मांग बड़े और सूक्ष्म दोनों स्तरों पर बढ़ रही है।

भारत को स्वच्छ ऊर्जा से कार्बन आधारित ऊर्जा को प्रतिस्थापित करना होगा। इसके लिए भू-तापीय ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा जैसे अन्य गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों का रुख करना है। साथ ही उन्हें तकनीकी रूप से किफायती और सुलभ बनाने के लिए अधिक शोध करने की आवश्यकता है। कृषि, आवास और परिवहन में ऊर्जा-कुशल प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने की जरूरत है। इसी के दृष्टिगत भारत ने पूर्व में म्यांमार, वियतनाम, पश्चिम में कजाकिस्तान, अनेक खाड़ी और मध्य एशियाई देशों के साथ ऊर्जा साझेदारी की पहल की है। संघाई सहयोग संगठन की सदस्यता से भारत की ऊर्जा साझेदारी मामले में महत्वपूर्ण स्थिति बनेगी। वैश्विक ऊर्जा सेक्टर अक्षय ऊर्जा संसाधनों के विस्तार पर फोकस कर रहा है। वहीं तेल उत्पादन में उथल-पुथल और प्राकृतिक गैस बाजारों में भी परिवर्तन आ रहा है। इस बदलाव के मद्देनजर भारत को शोध और कौशल विकास में क्षमता निर्माण करना होगा। साथ ही, पेरिस समझौते के संकल्पों को पूरा करने तथा समावेशी विकास को सुनिश्चित करने के लिए दीर्घकालिक और दूरदर्शी पहल को आगे बढ़ाना होगा।

# पर्यावरण के मुद्दे पर औपनिवेशिक सोच

**अमीर मुल्कों को अपनी इस औपनिवेशिक सोच से बाहर आना होगा कि वे दुनिया के शासक हैं और कुछ कर सकते हैं। नहीं भूलना चाहिए कि ग्लोबल वार्मिंग से ये अमीर मुल्क भी अछूते नहीं रहेंगे।**



**डॉ. अश्विनी महाजन**
(लेखक)



हाल ही में संयुक्त राष्ट्र का पर्यावरण सम्मेलन 'सीओपी-26' ग्लासगो में संपन्न हुआ। पर्यावरण के महत्व को समझते हुए स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसमें भाग लिया। प्रधानमंत्री ने पांच बिंदुओं में पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त किया, जिसे पंचामृत का नाम दिया गया। उसमें 2030 तक गैर जीवाश्म ऊर्जा की क्षमता को 500 गीगावॉट तक बढ़ाना, अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के 50 प्रतिशत की आपूर्ति नवीनीकरण स्त्रोतों से पूर्ण करना, कार्बन उत्सर्जन को एक अरब टन तक घटाना, कार्बन सघनता को 45 प्रतिशत तक कम करना और 2070 तक देश को 'कार्बन न्यूट्रल' बनाना शामिल है। पर्यावरण संकट मानवता के अस्तित्व से जुड़ा है। भारत में हिमालयी क्षेत्र उत्तराखंड के पहाड़ों पर बादलों के फटने, कहीं कम वर्षा और कहीं ज्यादा वर्षा, सूखा और बाढ़, धुएं के कारण अस्त-व्यस्त होता जीवन, आज देश के हर व्यक्ति को प्रभावित कर रहा है। बढ़ते समुद्र के स्तर के कारण छोटे द्वीपों पर जीवन संकट में है। पर्यावरण के कारण भी बड़ी मात्रा में विस्थापन बढ़ रहा है। समय रहते यदि नहीं चेते, तो आने वाले कुछ दशकों में ही पृथ्वी रहने योग्य स्थान नहीं रहेगी।

इसी के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र के तत्वाधान में पर्यावरण सम्मेलनों का आयोजन वर्ष 1994 से चल रहा है, जिसे 'यूनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क कन्वेशन ऑन क्लाइमेट चेंज' भी कहा जाता है। 'क्योटो प्रोटोकॉल' के अनुसार, विभिन्न देशों ने अपनी ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लक्ष्य निर्धारित किए। अल्प विकसित एवं विकासशील देशों को कुछ समय के लिए इन गैसों के उत्सर्जन को घटाने की जिम्मेदारी से छूट भी दी थी। पेरिस पर्यावरण सम्मेलन-2015 के बाद भारत ने गैसों के उत्सर्जन को कम करने का संकल्प लिया था, लेकिन भारत ने यह भी स्पष्ट किया था कि विकसित देश भारत पर पर्यावरणीय असंतुलन या ग्लोबल वार्मिंग का ठीकरा फोड़ने की कोशिश न करें। आज दुनिया पिछले 100 वर्षों में जो हुआ, उसका परिणाम भुगत रही है। जहां मौसम परिवर्तन के लिए अमेरिका की जिम्मेदारी 40 प्रतिशत है, यूरोप की 10 प्रतिशत, चीन की 28 प्रतिशत है, वहीं भारत केवल तीन प्रतिशत के लिए ही जिम्मेदार है।

भारत ने तब भी यह कहा था कि चीन समेत अमीर मुल्कों की जिम्मेदारी अधिक है। कोपेनहेगन में गरीब मुल्कों को पर्यावरण संकट से निबटने के लिए 100 अरब डॉलर उपलब्ध कराने का वचन दिया था, लेकिन वह राशि कहीं दिखाई नहीं दे रही। जहां सीओपी-26 के अंतिम दस्तावेज में उस 100 अरब डॉलर की सहायता की बात को तो तूल ही नहीं दिया गया है, बल्कि भारत (और चीन) पर सारा दोष मढ़ने की कोशिश हो रही है। ग्लासगो पर्यावरण सम्मेलन के अंतिम दस्तावेज में अमीर मुल्कों ने कोयले के उपयोग को समाप्त करने की शर्त को शामिल कर दिया और भारत ने जब उसके लिए मना किया, तो भारत को बेजा ही बदनाम करने की कोशिश शुरू हो गयी है कि वह पर्यावरण सुधार के रास्ते में रोड़ा बन रहा है।

**पर्यावरण संकट मानवता के अस्तित्व से जुड़ा है। भारत में हिमालयी क्षेत्र उत्तराखंड के पहाड़ों पर बादलों के फटने, कहीं कम वर्षा और कहीं ज्यादा वर्षा, सूखा और बाढ़, धुएं के कारण अस्त-व्यस्त होता जीवन, आज देश के हर व्यक्ति को प्रभावित कर रहा है। बढ़ते समुद्र के स्तर के कारण छोटे द्वीपों पर जीवन संकट में है। पर्यावरण के कारण भी बड़ी मात्रा में विस्थापन बढ़ रहा है। समय रहते यदि नहीं चेते, तो आने वाले कुछ दशकों में ही पृथ्वी रहने योग्य स्थान नहीं रहेगी।**


पश्चिम का मीडिया भारत द्वारा अंतिम दस्तावेज की शर्त नहीं मानने के कारण उसे पर्यावरण संकट का खलनायक बनाने की कोशिश कर रहा है। वास्तविकता यह है कि ऐतिहासिक रूप से पर्यावरण संकट के लिए अमेरिका, यूरोप और चीन आदि मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। भारत का कहना है कि केवल कोयला ही नहीं, बल्कि अन्य जीवाश्म ईंधन, जैसे पेट्रोलियम और गैस भी उतने ही जिम्मेदार है। चूंकि अमेरिका और यूरोप को उन्हें इस्तेमाल करने में फायदा है, उनके द्वारा उत्सर्जन को कम करने का कोई जिक्र भी अंतिम दस्तावेज में नहीं किया गया है, जो कि सर्वथा अनुचित है। आज जब विकसित देश पर्यावरण संधि में भारत को रोड़ा बता रहे हैं, उन्हें अपने गिरेबान में झांक कर देखना होगा कि वर्तमान पर्यावरण संकट का कारण उन देशों का अनियंत्रित उपभोग है। यह इस बात से परिलक्षित होता है कि केवल अमेरिका और यूरोप जहां दुनिया की कुल आबादी का मात्र 14 प्रतिशत ही हैं, पिछले 100 वर्षों के ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हैं। यही नहीं, आज भी भारत में प्रति व्यक्ति ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन मात्र 1.77 मीट्रिक टन है, जबकि अमेरिका में यह 14.24 मिट्रिक टन और इंग्लैंड में 4.85 मीट्रिक टन है, चीन में भी प्रति व्यक्ति ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन 7.41 मीट्रिक टन है, जो भारत से कहीं अधिक है।

विकसित देशों में अत्यधिक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन का मुख्य कारण अनियंत्रित उपभोग है, जो उनकी जीवनशैली के कारण है। वर्तमान पर्यावरण संकट विकसित देशों में जीवनशैली को न बदलने की जिद के कारण है। इन देशों के लोगों और उनके नेतृत्व को विचार करना होगा कि वर्तमान पर्यावरण संकट से पार पाने के लिए उन्हें अपने उपभोग पर नियंत्रण करना होगा। चाहे वह विषय विश्व के तापमान का हो, औद्योगिकीकरण से पूर्व के तापमान से 1.5 डिग्री से ज्यादा न बढ़ने देने की मंशा हो अथवा धुएं में कमी की बात हो, उसके लिए उपभोग पर नियंत्रण ही एकमात्र उपाय है। इसके अलावा, भारत एवं अन्य विकासशील देशों और अल्पविकसित देशों को ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने हेतु जो प्रयास करने पड़ेंगे, उसके लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग की जरूरत होगी। यह प्रौद्योगिकी विकसित देशों के पास ही उपलब्ध है, जिसे साझा करने के लिए वे भारी-भरकम कीमत चाहते हैं।

उधर, विकासशील एवं अल्पविकसित देशों को नवीकरणीय ऊर्जा जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा आदि का उपयोग बढ़ाना होगा, जिसके लिए उन्हें और अधिक निवेश तथा प्रौद्योगिकी की जरूरत होगी। समय की मांग है कि यदि धरती को जीवन योग्य रखना है, तो विकसित देशों को अपने संसाधनों और प्रौद्योगिकी को उसके लिए उपलब्ध कराना होगा। अमीर मुल्कों को अपनी इस औपनिवेशिक सोच से बाहर आना होगा कि वे दुनिया के शासक हैं और कुछ भी कर सकते हैं। नहीं भूलना चाहिए कि ग्लोबल वार्मिंग से ये अमीर मुल्क भी अछूते नहीं रहेंगे।

# बेहतर अर्थव्यवस्था की बढ़ती उम्मीदें

**प्रीतम बनर्जी**
(लेखक)



**चालू** वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) की वृद्धि दर 8.4 फीसदी रही है। इससे साफ जाहिर है कि हमारी अर्थव्यवस्था की सेहत बहुत अच्छी है। इस बढ़ोतरी से इंगित होता है कि उपभोक्ता का विश्वास बढ़ा है और लोग खर्च करने लगे हैं। महामारी की रोकथाम के लिए लगे लॉकडाउन और अन्य पाबंदियों को हटाने से औद्योगिक और कारोबारी गतिविधियों ने तेजी से रफ्तार पकड़ी है। बीती तिमाही में निर्यात के क्षेत्र में भी बढ़िया प्रदर्शन रहा है। इस वृद्धि की एक अन्य बड़ी वजह मॉनसून का अच्छा रहना भी है। इससे फसल अच्छी हुई और किसानों की आमदनी में बढ़त हुई। हमारे देश में अक्सर यह देखा गया है कि अगर बारिश ठीक होती है, तो ग्रामीण क्षेत्र में मांग बढ़ती है। इसका वृद्धि पर सकारात्मक असर होता है।

मैनुफैक्चरिंग में भी 5.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन यह अपेक्षा से कम है। इसका कारण आपूर्ति श्रृंखला के अवरोध रहे हैं। ये बाधाएं अभी भी मौजूद हैं। हमें याद करना चाहिए कि जुलाई से सितंबर तक की तिमाही पर कोरोना महामारी की दूसरी लहर की भी छाया रही है। इस लहर ने मैनुफैक्चरिंग और आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया था। औद्योगिक उत्पादन के लिए बहुत तरह के संसाधनों की आवश्यकता होती है। श्रमिकों के अलावा कच्चे माल तथा विभिन्न सहायक वस्तुओं की आपूर्ति भी निर्बाध ढंग से बनी रहनी चाहिए। इस कमी की वजह से फैक्ट्रियों में उम्मीद से कम उत्पादन हुआ है। अगर स्थिति सामान्य रहती और उत्पादन का स्तर अच्छा होता, तो वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत के आसपास हो सकती थी। लेकिन कुल मिलाकर यह उम्मीद तो बनती ही है कि इस वित्त वर्ष की सभी चार तिमाहियों की वृद्धि दर कम-से-कम सात से आठ प्रतिशत के बीच रह सकती है। हम कह सकते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था बीते साल की मुश्किलों से उबरते हुए सुधार की ओर अग्रसर है, जो वर्तमान तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) है, उसमें दीवाली और अन्य त्योहारों के मौसम में शानदार उपभोग देखा गया है और यह अभी भी जारी है। साल 2020 में इस तिमाही में महामारी के कारण बाजार बहुत धीमा रहा था, जिसका असर वृद्धि दर पर भी हुआ था, लेकिन इस बार लोगों ने खुलकर खर्च किया है।



**यह उम्मीद तो बनती ही है कि इस वित्त वर्ष की सभी चार तिमाहियों की वृद्धि दर कम-से-कम सात से आठ प्रतिशत के बीच रह सकती है।**

उपभोग में इस उछाल का प्रभाव हमें तीसरी तिमाही के नतीजों में जरूर देखने को मिलेगा। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संग्रहण के आंकड़े भी इसी ओर संकेत कर रहे हैं।

उपभोग के साथ निर्यात में वृद्धि के कारकों को एक साथ रख कर देखें और अगर आपूर्ति श्रृंखला की बाधाएं कम होती हैं, तो यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अगली दो तिमाहियों में भी हमें अर्थव्यवस्था का अच्छा प्रदर्शन देखने को मिलेगा। अनेक जानकार यह भी कह रहे हैं कि शायद आर्थिक वृद्धि दो अंकों में यानी 10 प्रतिशत से अधिक भी हो सकती है। इस अनुमान को एक ठोस आधार अक्टूबर में आठ मुख्य क्षेत्रों की संयुक्त बढ़ोतरी का 7.5 प्रतिशत होने से भी मिलता है। जिस तिमाही (जुलाई-सितंबर) की हम चर्चा कर रहे हैं, उसमें भी इन प्रमुख क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी है। इन क्षेत्रों में बड़ी मांग इंफ्रास्ट्रक्चर और कृषि से आती है। हम देख रहे हैं कि इंफ्रास्ट्रक्चर में विभिन्न परियोजनाओं में बड़ी तेजी के रुझान हैं और नयी परियोजनाओं की घोषणा भी हो रही है, जिसका प्रभाव बाद में दिखेगा। इस क्षेत्र में निजी निर्माण भी बड़ा कारक है। आवास और व्यावसायिक निर्माण के क्षेत्र में महामारी से पहले से ही सुस्ती थी। आपूर्ति की मात्रा मांग से कहीं अधिक हो गयी थी। महामारी के दौरान तो यह क्षेत्र लगभग बैठ ही गया था, लेकिन अब इसमें सकारात्मक बढ़त होने लगी है। तो, इन प्रमुख क्षेत्रों में आगे भी बढ़ोतरी होती रहेगी। आर्थिक वृद्धि के वर्तमान और भविष्य की चर्चा करते हुए हमें चुनौतियों का भी ध्यान रखना चाहिए। हमारी अर्थव्यवस्था के सामने अभी मुख्य रूप से दो चुनौतियां हैं। एक, कोरोना वायरस के नये वैरिएंट ओमिक्रॉन ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चिंताओं को बढ़ा दिया है। अगर इससे महामारी एक बार फिर बड़े पैमाने पर फैलती है, तो हमारे निर्यात तथा आपूर्ति श्रृंखला पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। आयात पर होनेवाला खर्च भी बढ़ जायेगा।

दूसरी चिंता यह है कि कहीं यह नया वायरस हमारे देश में घुसकर कोई तीसरी लहर जैसी स्थिति न पैदा कर दे। अभी कोरोना महामारी नियंत्रण में है और टीकाकरण अभियान भी संतोषजनक गति से चल रहा है। यदि लॉकडाउन की स्थिति पैदा होती है, भले ही वह स्थानीय स्तर पर भी करना पड़े, तो आर्थिक गतिविधियां धीमी हो जायेंगी। महामारी उन्हीं जगहों पर अधिक फैलती है, जहां अधिक लोग होते हैं। ऐसी जगहें औद्योगिक शहर, बंदरगाह आदि होती हैं। इन्हीं स्थानों पर उत्पादन और कारोबार भी केंद्रित होता है। दुनियाभर के विशेषज्ञ भी यही कह रहे हैं कि हर जगह आर्थिक बेहतरी हो रही है, चाहे यूरोप हो, अमेरिका हो, भारत हो या फिर दक्षिण-पूर्व एशिया हो. यदि नया वायरस बुरी तरह से फैल जाता है, तो हर जगह की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। मेरा मानना है कि हमें मुद्रास्फीति को लेकर अभी बहुत अधिक चिंतित नहीं होना चाहिए। हमारी मुख्य प्राथमिकता अर्थव्यवस्था को महामारी से पहले की स्थिति में लाना है। अभी हमें आर्थिक वृद्धि और रोजगार बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मुद्रास्फीति तो कुछ ऊपर रहेगी ही क्योंकि कोरोना महामारी से जूझने के लिए सरकार ने बड़े पैमाने पर खर्च किया है और यह आगे भी जारी रहेगा। जब भी सरकार खर्च करती है, तो मुद्रास्फीति में कुछ बढ़ोतरी स्वाभाविक है। तय सीमा से अगर यह दो-तीन प्रतिशत ऊपर-नीचे रहती है, तो हमें परेशान नहीं होना चाहिए। मुद्रास्फीति को नीचे लाने के लिए अगर मांग को नियंत्रित करने की कोशिश होगी, तो उसका सबसे खराब असर उन लोगों पर होगा, जिन्हें रोजगार चाहिए और जिनकी रोजी-रोटी उससे जुड़ी है। यह सही है कि मुद्रास्फीति बढ़ने से भी गरीब तबका ही सबसे अधिक प्रभावित होता है, लेकिन यह भी सच है कि इस समय अगर आप आर्थिक वृद्धि और रोजगार बढ़ाने पर जोर न दें, तो उससे भी वही लोग अधिक प्रभावित होंगे। कोशिश यह रहनी चाहिए कि मुद्रास्फीति खतरनाक स्तर पर न पहुंचे। सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर से जोड़कर खर्च करने की जो नीति बनायी है, यह सही दिशा में कदम है क्योंकि इससे वृद्धि भी हासिल हो रही है और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार हो रहा है। इस नीति को जारी रखना चाहिए।

## स्टार्टअप का विस्तार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उचित ही यह संभावना जतायी है कि भारत में स्टार्टअप का बढ़ता दायरा भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण कारक बन सकता है। उन्होंने इस तथ्य को भी रेखांकित किया कि देश में 70 से अधिक ऐसे स्टार्टअप उद्यम हैं, जिनका कारोबारी मूल्य एक अरब डॉलर से अधिक हो चुका है। साल 2015 तक ऐसे उद्यमों की संख्या 10 से भी कम थी। दुनियाभर में आधुनिक तकनीक पर आधारित उद्यमों की संख्या बढ़ रही है। भारत की आबादी में युवाओं की बड़ी संख्या है। उनके रोजगार के साथ उनकी आकांक्षाओं, उनके विचारों और नवोन्मेष के प्रति उनके रूझान को सही दिशा देने के लिए स्टार्टअप में बढ़ोतरी आवश्यक है। केंद्र सरकार ने डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया तथा वित्त उपलब्धता के कार्यक्रमों समेत कई ऐसी पहलें की हैं, जिससे तकनीक आधारित नवीन उद्यमों की ओर युवाओं का रूझान तेजी से बढ़ा है।

उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में शीर्षस्थ उद्योगपति भी स्टार्टअप को पूंजी देकर उत्साहित कर रहे हैं। ऐसे उद्यमों ने जहां सेवा क्षेत्र को दायरा बढ़ाया है, वहीं रोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं। वैश्विक स्तर पर देखें, तो भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। इसकी सालाना बढ़त की दर 12 से 15 फीसदी है। इसका मतलब यह है कि अभी यह क्षेत्र बहुत बड़ा होगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, सूचना आदि के साथ विभिन्न समस्याओं के समाधान में भी इनकी भूमिका बढ़ रही है। इसका अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि हर दिन दो-तीन तकनीक आधारित स्टार्टअप जन्म ले रहे हैं। परंपरागत रूप से उद्योग और उद्यम जगत में महिला उद्यमियों की बहुत कम भागीदारी रही है., लेकिन स्टार्टअप ने आधी आबादी के लिए भी मौका मुहैया कराया है। आज इस क्षेत्र में महिला उद्यमियों की भागीदारी 15 फीसदी के आसपास है और बड़ी संख्या में महिलाएं इन उद्यमों में कार्यरत भी हैं। इन उद्यमों ने देशी और विदेशी पूंजी निवेश को भी आकर्षित किया है। शिक्षण-प्रशिक्षण के कार्यक्रमों द्वारा स्टार्टअप के लिए अधिक युवाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। अभी आम तौर पर ये उद्यम बड़े शहरों में पैदा हो रहे हैं तथा उन्हीं जगहों से संचालित हो रहे हैं।




**देश में 70 से अधिक ऐसे स्टार्टअप हैं, जिनका मूल्य एक अरब डॉलर से अधिक है। ऐसे उद्यमों की सालाना बढ़त की दर 12 से 15 फीसदी है।**

अपेक्षाकृत छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्र को भी विकास की इस आधुनिक धारा के साथ जोड़ने की दिशा में प्रयास होने चाहिए। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उद्यमिता पर विशेष जोर दिया गया है। आशा है कि हमारी शिक्षण संस्थाएं इस नीति के प्रावधानों को समुचित ढंग से लागू करेंगी तथा केंद्र और राज्य सरकारें इस संबंध में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराएंगी। विभिन्न सरकारी विभागों तथा लघु उद्योग विकास बैंक समेत अन्य वित्तीय संस्थानों को नवोन्मेषी विचारों के लिए आधार पूंजी देने की प्रक्रिया को सरल बनाना चाहिए ताकि अधिक युवा उद्यमी योजनाओं का लाभ उठा सकें तथा देश के विकास में अपना योगदान कर सकें। साथ ही, संकटग्रस्त उद्यमों को सहारा भी दिया जाना चाहिए।

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**pioneerhry@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




" हमें भारतीय नौसेना के उत्कृष्ट योगदानों पर गर्व है। हमारी नौसेना का उसके पेशेवराना अंदाज और अदम्य पराक्रम के लिए सर्वत्र सम्मान किया जाता है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

2019 में अनुच्छेद 370 के प्रावधान निरस्त होने के बाद से कश्मीर में शांति है, वहां व्यवसाय के लिए अच्छा निवेश हो रहा है और पर्यटक आ रहे हैं।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री





यह देश का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस ने देश के इतिहास में केवल नेहरू-गांधी खानदान को स्थापित किया और इसी खानदान को महिमामंडित किया।

– **शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश "

# दिव्यांग जन हैं समाज के प्रमुख अंग : जेपी दलाल



फिजिकली चैलेंज क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के खिलाड़ियों के साथ खड़े मंत्री और अन्य लोग।

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

## कहा, केंद्र व प्रदेश सरकार दिव्यांग जनों के लिए बना रही है लाभकारी नीति

**फिजिकली** चैलेंज क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा भिवानी के जी लिट्रा वैली मैदान में दीपक लोहिया मेमोरियल कप टी-20 मुकाबले का आयोजन करवाया गया। जिसका शुभारंभ हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक घनश्याम सर्राफ ने की। इस अवसर पर स्वागत अध्यक्ष एपीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया रहे। सानिध्य बाल योगी महंत चरण दास महाराज का रहा।

टी-20 दिव्यांग क्रिकेट मुकाबले में हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर के खिलाड़ियों आज पहले दिन दमखम रहा। तीनों प्रदेशों की टीमों का मुकाबला दो दिन तक चलेगा। तीनों प्रदेशों की टीमों को बधाई देते हुए हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ी आज किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। वह अपनी प्रतिभा के बल पर देश और विदेश में अपने खेल के माध्यम से देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होने कहा कि पैरा ओलंपिक खेल में दिव्यांग खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर सामान्य खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार दिव्यांग खिलाड़ियों को विश्व स्तर की सुविधा देने के लिए नीतियां बना रही है। हरियाणा सरकार दिव्यांग जनों के साथ है और दिव्यांग खिलाड़ियों को अपने मनोबल के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में मनोबल के साथ ही आगे बढ़ा जा सकता है, यदि मनोबल के दम पर आगे पढ़ोगे तो कामयाबी मिलेगी। पूर्व मंत्री घनश्याम सर्राफ एवं पीसीसीएआई के अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों को मजबूती देने के लिए देशभर में पीसीसीएआई के द्वारा मुकाबले करवाए जाते हैं, ताकि दिव्यांग खिलाड़ी अपने आप की प्रतिभा को और मजबूत कर सके।

# रेल कोच फैक्ट्री के जरिए जिला के विकास को मिलेगी नई गति: सांसद कौशिक

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

## रेल कोच फैक्ट्री के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को मिलेंगे रोजगार के नए अवसर

## कहा, रेल कोचों का नवीनीकरण, मरम्मत होगी सोनीपत रेल कोच फैक्ट्री में

**रेल** कोच फैक्ट्री की स्थापना इस क्षेत्र की तस्वीर व तकदीर बदलने का कार्य करेगी। यह रेल कोच फैक्ट्री लोगों को नया रोजगार देगी व यहां के उद्योग धंधों को नई गति देगी। रेल कोच फैक्ट्री के शुरू होने से जिला को पूरे देश में अलग पहचान मिलेगी। सांसद रमेश कौशिक शनिवार को रेलवे अधिकारियों के साथ रेल कोच फैक्ट्री में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। सांसद ने रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेल कोच फैक्ट्री का कार्य समय सीमा के अंदर पूरा कर इसे शुरू किया जाए, ताकि इस क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें।

उन्होंने कहा कि इस रेल कोच कारखाने में रेल के डिब्बों का नवीनीकरण व सुधारीकरण होगा। जिससे अब दिल्ली व आस-पास के क्षेत्रों के रेल के डिब्बों को सुधार के लिए दूरदराज के कारखानों में नहीं भेजना पड़ेगा। सांसद ने कहा कि यह रेल कोच कारखाना ट्रेन के डिब्बों को नया रूप देने के साथ-साथ क्षेत्र की तस्वीर बदलने का कार्य भी करेगा। इस रेल कोच फैक्ट्री के साथ में जो सहायक उद्योग स्थापित होंगे। उनमें पंखा, पेंट, बिजली फिटिंग सहित कई सहायक फैक्ट्री होंगी जो क्षेत्र के लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार देंगे। उन्होंने इससे पहले रेलवे अधिकारियों के साथ सोनीपत रेलवे स्टेशन का दौरा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वार देश के रेलवे स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं के रूप में विकासित किया गया जा रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री ने भोपाल में बनाए गए रानी कमलापति रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया है।

उन्होंने कहा कि सोनीपत रेलवे स्टेशन को भी ऐसी सुविधाओं से विकसित करने के लिए वे लगातार रेलवे मंत्री तथा रेलवे अधिकारियों से मुलाकात कर रहे है। जल्द ही सोनीपत रेलवे स्टेशन को भी वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से विकसित किया जाएगा।

# किसान पराली को खेत में मिलाएं और उर्वरा शक्ति बढ़ाएं

**कुरुक्षेत्र।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के अधीन कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र द्वारा गांव पलवल के राजकीय कन्या महाविद्यालय में फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना की जागरुकता के बारे में निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का संचालन कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र की जिला विस्तार विशेषज्ञ (हॉम साइंस) डॉ ललिता रानी द्वारा किया गया एवं अध्यक्षता राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ मीनाक्षी ने की।

कृषि विज्ञान केंद्र की डॉ ममता एवं पलवल कॉलेज की रेडक्रॉस प्रभारी अमिता द्वारा जागरूकता अभियान को सफल बनाने मे पूर्ण सहयोग किया गया, जिसमे 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। जागरूकता अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ ललिता रानी ने बताया गया कि किसान पराली को खेत में मिलाएं तथा खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाएं एवं अपनी पराली में बिल्कुल भी आग ना लगाएं। फसल अवशेष प्रबंधन पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में बी.कॉम तृतीय वर्ष की कुमारी कुलजीत कौर ने प्रथम, बी.कॉम तृतीय वर्ष की सोनिया ने द्वितीय, बी.कॉम प्रथम वर्ष की गुणगुण वर्मा को तृतीय पुरस्कार जीता, सांत्वना पुरस्कार कुमारी रमनजीत एवं कल्पना ने संयुक्त रूप मे प्राप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### गीता विद्यालय में लगाया एनएसएस शिविर



विद्यालय परिसर में सफाई करते एनएसएस के स्वयंसेवक।

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद् भागवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने स्वच्छ भारत अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी स्वयंसेवकों को इस अभियान में बढ़चढ़ कर अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमें अपने आप को बीमारियों से बचाने के लिए शरीर को स्वच्छ रखना आवश्यक है। उसी प्रकार समाज और देश को रोगमुक्त करने के लिए हमें अपने आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ व साफ रखना आवश्यक है। स्वयंसेवक होने के नाते यह हमारा दायित्व बनता है कि हम स्वयं भी इस स्वच्छ भारत अभियान में अपना योगदान दें। अन्य लोगों को भी इसके लिये प्रेरित करे। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता रैली निकाली व विद्यालय में सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य श्रवण अत्री, नीरज शर्मा व बलविंदर उपस्थित रहे।

### हवन-यज्ञ में डाली आहुति



विद्यालय परिसर में सफाई करते एनएसएस के स्वयंसेवक।

**कुरुक्षेत्र।** वात्सल्य वाटिका प्राथमिक पाठशाला में गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष में चल रहे सप्ताहिक हवन यज्ञ के तृतीय दिवस में मुख्य यजमान दीपक चोपड़ा बीआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट कुरुक्षेत्र, दीपिका चोपड़ा डेंटल क्लीनिक और सुमन बाला प्राचार्य गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रहे। दीपक चोपड़ा ने कहा कि वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र में आकर मुझे सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने बताया कि इस हवन यज्ञ में रोजाना सामाजिक सज्जन आहुति डाल कर पुण्य के भागीदार बन रहे हैं। इस अवसर पर वात्सल्य वाटिका संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक, दीवान चंद अरोड़ा, शिखा राणा, आशुतोष, मानवी सेतिया, विजयलक्ष्मी, पूनम सलूजा, सोनिया अग्रवाल, शिवानी शर्मा और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### चित्रकला प्रतियोगिता में अरविंद प्रथम

**सोनीपत।** जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जल शक्ति अभियान के तहत कैच दी रैन कार्यक्रम के अंतर्गत उपायुक्त ललित सिवाच के निर्देशानुसार एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश अनुसार नेहरू युवा केंद्र सोनीपत के तत्वावधान में युवा स्पोर्ट्स क्लब द्वारा राजकीय कन्या उच्च विद्यालय गढी घसीटा में जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र जिला युवा अधिकारी नवीन गुलिया ने कहा कि कैच दी रैन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले भर में अलग-अलग स्थानों पर वर्षा जल संरक्षण के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों जैसी कि वॉल पेंटिंग, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, जल संवाद, वेबिनार, शपथ, नुक्कड़-नाटक आदि कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक एवं युवा क्लबों के सहयोग से आम जनमानस को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम अरविंद, द्वितीय मुस्कान, तृतीय भावना ने स्थान पाया। इस दौरान प्राचार्या राजबाला व सुशीला ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों में जुटा नगर निगम

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

## सफाई व्यवस्था में बेहतर काम करने वाले सफाई कर्मी किए जा रहे हैं सम्मानित

**नगर** निगम की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों में कई तरह की गतिविधियां प्रारम्भ कर दी हैं। इसके तहत शहर की सफाई व्यवस्था में अच्छा कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित किया जा रहा है। ऐसा ही एक कार्यक्रम गुरुवार सायं को जोन-2 में स्थित अशोका नर्सरी में किया गया। कार्यक्रम में सफाई व सैग्रीगेशन के लिए श्रेष्ठ कार्य करने वाले रिंकू व सोनू को सम्मानित किया गया।

बता दें कि जोन-2 में गत 6 महीने से सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों पर जोर दिया जा रहा है। इसे लेकर कूड़े को 5 भागों में विभाजित करके उसकी कॉलैक्शन की जा रही है, यानि सोलिड व लिक्विड, बायोमैडिकल वेस्ट, ई-वेस्ट और हैजर्ड्स यानि हानिकारक वेस्ट को अलग-अलग लेकर उसका निस्तारण किया जा रहा है। दूसरी ओर लोगों को अपने आवासीय परिसरो में ही कूड़े-कचरे व पेड़-पौधों के पत्तों से कम्पोस्ट पिट बनाकर उसमें उमदा खाद तैयार करने बारे जागरूक किया जा रहा है। इस कार्य में अशोका नर्सरी का अच्छा-खासा योगदान मिल रहा है।

**सफाई कर्मियों को दी जा रही ट्रैनिंग: डॉ. मनोज कुमार** : नगर निगम आयुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि शहर में काफी समय से हाऊस होल्ड को गीला व सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया जा रहा है और इसमें काफी सफलता भी मिली है। ऐसा करने से सोलिड वेस्ट प्लांट पर कचरे का अच्छे से निस्तारण सम्भव हो जाता है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के सफाई कर्मियों को घर-घर से गीला व सूखा अलग-अलग लेने और हाऊस होल्ड को जागरूक करने की ट्रेनिंग भी दी गई है।

**अब कार्यक्रमों में वेस्ट मिलना हुआ बंद: निगमायुक्त** : दूसरी ओर स्वच्छ भारत मिशन की नई गाइड लाइन के अनुसार हाल ही में शहर के सेक्टर-12 में एक धार्मिक कार्यक्रम में जीरो वेस्ट का थीम लेकर उसे सफल बनाया गया। उप निगमायुक्त धीरज कुमार ने बताया कि सेक्टर-12 में खाटू श्याम कीर्तन का कार्यक्रम था, इसमें जिस तरह का आयोजन और जलपान के लिए जो भी प्रबंध किए गए थे, उनसे किसी तरह का वेस्ट नहीं मिला।

# शादी समारोह में हुई कहासुनी पर रंजिशन गोली मारकर की थी हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

## सीआईए टू टीम ने आरोपी को पकड़ा

## दिल्ली-यूपी में कई जगह छुपा था आरोपी

**पुलिस** की सीआईए टू टीम ने रंजिशन गोली मारकर हत्या करने की वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमाण्ड पर लिया जाएगा। दौराने रिमाण्ड आरोपी से गहनता पूछताछ की जायेगी। वारदात में इस्तेमाल हथियार व गाड़ी आदि को बरामद किया जायेगा।

एसपी गंगाराम पूनिया ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की आगामी तफ्तीश सीआईए-2 शाखा करनाल को सौंपी। दौराने तफ्तीश निरीक्षक मोहनलाल इंचार्ज सीआईए-2 के नेतृत्व में कार्य करते हुये टीम द्वारा शुक्रवार देर रात मुख्य आरोपी आरोपी अजित सिंह उर्फ जीत गांव गौंदर जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर सेक्टर-4 करनाल से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने कहा कि उसने वारदात को शादी समारोह में हुई कहासुनी के कारण बदला लेने के लिए अंजाम दिया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद दिल्ली व उत्तर प्रदेश में अलग-2 जगह पर पुलिस से बचने के लिये छुपा था।

वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता अमित कुमार गांव गौंदर ने थाना निसिंग में एक शिकायत दी। जिसमें उसने बताया कि दो दिसम्बर को वह व उसका छोटा भाई गोल्डी गांव के ही एक पूर्व सरपंच के लडके की शादी में शामिल होने जीत पैलेस निसिंग में गए थे। उस शादी समारोह में उसके भाई गोल्डी व आरोपी अजित सिंह उर्फ जीत की किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई। जिसके बाद वह व उसका भाई गोल्डी अपने घर आ गये, लेकिन जब अमित कुमार व गोल्डी शाम के समय अपने खेतों की तरफ जा रहे थे तो उसी समय आरोपी अजीत कुमार गांव गौंदर के बीचोंबीच गुजर रही नहर के पुराने पुल के पास गोल्डी को शादी समारोह में हुई बहस का मजा चखाने के लिए जान से मारने की धमकी देता हुआ गोली मारकर मौके से फरार हो गया। इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# मेले में आने वाला हर व्यक्ति को कराएं सरकारी योजना से लाभान्वित: एडीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

## अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा, आय बढ़ाने में मेला महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा

**अतिरिक्त** उपायुक्त योगेश कुमार ने मेले में लगाए गए विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी योजना से लाभान्वित होकर जाना चाहिए। मेले में आने वाले व्यक्ति की जरूरतों के अनुसार उनकी सहायता की जाए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि लोगों की आय बढ़ाने में यह मेला महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। इस मेले में आने वाले सभी लोगों को उनकी जरूरतों के अनुसार योजनाओं की जानकारी तथा बैंकों से आवश्यकता अनुसार ऋण उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने विभागों की स्टॉल का निरीक्षण करते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हर हित स्टोर, महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, मनरेगा, सक्षम युवा योजना, मत्स्य विभाग एवं उद्यान विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे योजनाओं के संबंध में न केवल लोगों को जागरूक करें तथा उनके कागजात पूरे करवाकर व्यक्ति की आवश्यकता अनुसार मदद करें।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि असंध में लोगों में मेले के प्रति काफी उत्साह है और यहां आने वाले व्यक्ति अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए काफी सजग हैं।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

छोटी सोच आदमी को कभी बडा होने नहीं देती,
चिंता मनुष्य को चैन की नींद सोने नहीं देती,
पॉजिटिव सोचो तो कोई काम असंभव नहीं होता,
नेगेटिव सोच मनुष्य को सफल होने नहीं देती।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सवः हस्त शिल्पकला ने महोत्सव की छठा में भरा रंग

## ब्रह्मसरोवर के तट पर सजीं हैं शिल्पकारों की तमाम कलाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव में सरस और क्राफ्ट मेले में ब्रह्मसरोवर के तट पर हस्त शिल्पकला ने इस भव्य महोत्सव की छठा में रंग भर दिए हैं। दूसरे राज्यों से आए शिल्पकारों ने अपनी हस्त कला से मेले में आने वाले पर्यटकों के मन को मोह लिया है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में आए हुए पर्यटक जमकर खरीददारी कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शिल्पकारों की कला ने महोत्सव में आए हुए सभी लोगों को आश्चर्य चकित कर दिया है। इस महोत्सव में सुंदर-सुंदर हाथ से बनी हुई आकृतियों के सामान को देखने के लिए हजारों पर्यटक आ रहे है।

ऐसे ही नाजिर मुज्जफर शिल्पकार ने बताया कि वे भोपाल से आए हैं। अपने साथ वे रेगजीन व चमड़े से बनी जयपुरी जूती लेकर आए हैं। वे हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आते हैं। उन्होंने अपना यह सामान स्टॉल नम्बर 276 पर लगाया है।

यह जयपुरी जूती रेगजीन की सीट से तैयार की जाती है। यह जूती पानी में भी पहनी जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस तरह की जुती सरस मेले में आए हुए पर्यटकों को बहुत पसंद आ रही है। इस जूती को बनाने के लिए 20 से 30 मिनट लगते हैं। एक दिन में लगभग 500 जूती के जोडे तैयार कर लेते है। हाथ से बनी सुंदर-सुंदर जुती मेले में आए हुए पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है तथा मेले में आने वाले पर्यटक इनकी जमकर खरीददारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने इसकी कीमत 250 रुपए रखी है।

**मोहम्मद की शिल्पकला के विदेशी भी कायल** : अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय शिल्पकार अपनी शिल्पकला प्रदर्शित कर रहे हैं। इनमें से एक है काष्ठ नक्काशी कारीगर मोहम्मद इमरान। मोहम्मद इमरान लकड़ी की शिल्पकला में माहिर हैं। मोहम्मद को अपने हुनर की बदौलत वर्ष 2007 में राष्ट्रीय अवार्ड मिल चुका है। महज छठी पास मोहम्मद की शिल्पकला के विदेशी भी कायल है। इसके साथ ही लकड़ी पर तांबे की नक्काशी को लेकर बनाई गई गांधी की मूर्ति 25 हजार की बिक्री है। मोहम्मद इमरान बताते हैं कि शीशम, सागवान, नीम, आम व पापुलर की लकड़ी पर सबसे बेहतर काष्ठकारी होती है। वे यहां पर 50 रुपये से लेकर 25 हजार रुपये तक के लकड़ी से बना सामान लेकर आए हैं। इनमें फ्लावर पोर्ट, मूड़े, सोफा सेट, डायनिंग टेबल, झूला, कुर्सी व छोटे खिलौने शामिल हैं। मोहम्मद का कहना है कि कोरोना काल में उनको सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। नौबत यहां तक आ गई थी कि उन्हें अपनी शिल्पकला को बचाए रखने के लिए उधार लेना पड़ा।



**महज 25 ग्राम वजनी पश्मीना शाल देखकर पर्यटक हो रहे हैरान** : अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कश्मीरी शिल्पकारों की पश्मीना शाल के अच्छे खासे कद्रदान हैं। पश्मीना शाल लेकर पहुंचे शिल्पकार मुस्ताक अहमद व जहूर का कहना है कि देश भर में आधा दर्जन शिल्प मेलों में उनका हुनर प्रदर्शित होता है। वर्ष 2012 के राष्ट्रीय अवार्डी मुस्ताक अहमद बताते हैं कि कश्मीर की पसीना शाल को शिल्प मेलों में खूब पसंद किया जाता है। देश में बिकने वाली शाल का वजन तकरीबन 400 से 500 ग्राम के बीच रहता है। उनके स्टॉल पर मौजूद महज 25 ग्राम वजनी पश्मीना शाल देखकर पर्यटक हैरान हो रहे है। पश्मीना शाल दुबई, सऊदी अरब व इराक सहित अन्य देशों में पश्मीना शाल निर्यात होती होती है।

**बम्बू से निर्मित कलात्मक वस्तुएं बनी आकर्षण का केंद्र** : मेले के स्टॉल नम्बर 129 पर कैनन बम्बू से निर्मित कलात्मक वस्तुएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। अहम पहलू यह है कि यह वस्तुए इको फ्रेंडली व प्रदूषण मुक्त मैटेरियल से बनी हुई है तथा आम दिनचर्या में प्रयोग होने वाली है।

स्टॉल पर मौजूद आसाम के बरपेटा के रहने वाले दस्तकार हसन अली ने स्टॉल पर कैनन बम्बू आर्ट से बनी फूड बास्केट, लैंप, सर्विस ट्रे,फ्लावर पॉट, मैगजीन होल्डर, पेन स्टैंड, कप तथा गमला इत्यादि वस्तुएं उपलब्ध हैं, जिन पर पॉलिश कर सुंदर व आकर्षक बनाया गया है और कीमत मात्र 25 रुपये से शुरू होकर 3 हजार रुपये तक है। उन्होंने कहा कि वह पिछले 25 वर्ष से इस कला से जुड़े हैं और तीन पीढ़ियां इस व्यवसाय में लगी है। हसन अली ने बताया कि वह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ट्रेड फेयर में अपनी इस कला के लिए वर्ष 2013 व 2016 में सम्मानित हो चुके है तथा विभिन्न राज्यों में भी हैंडीक्राफ्ट मेलों के दौरान कई बार सम्मानित हुए हैं।



बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को देखते पर्यटक।

## बच्चों की हस्तकला की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

**कुरुक्षेत्र।** हुनर और मेहनत रंग लाती है इसका उदाहरण है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में लगाया गया 476 नंबर स्टाल। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग की एक अनूठी पहल की झलक दिखी कुरुक्षेत्र के गीता महोत्सव में दरअसल यहां महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत चल रहे राज्य के सभी बाल देखरेख संस्थानों में आश्रित बच्चों के हस्तकला की प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसमें बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों को आमजन के लिए बेचने के लिए लगाया गया है। महिला एवं बाल विकास निदेशालय से पहुंची ट्रेनिंग मैनेजर शैफी परुथी ने बताया की विभाग की और निदेशक हेमा शर्मा और संयुक्त निदेशक राज बाला कटारिया के निर्देशन में पहली बार करुक्षेत्र गीता महोत्सव में बच्चों की हस्तकला की प्रदर्शनी लगाई गयी है।

**टैराकोटा की मिट्टी से बना सजावटी सामान बढ़ा रहा महोत्सव की शोभा** : अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में टैराकोटा की मिट्टी से बना सजावट का सामान महोत्सव में आए पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इस टैराकोटा की मिट्टी से बना यह सामान महोत्सव में आए पर्यटकों को बहुत ही पसंद आ रहा है और इस शिल्पकार के हाथों से बनी कारागिरी के पर्यटक कायल हो चुके है। चंडीगढ से आए मामचंद ने बताया कि वे हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पिछले कई वर्षों से टैराकोटा की मिट्टी से बना सामान लेकर आते हैं। स्टाल नम्बर-115 पर उन्होंने अपना यह सामान लगाया हुआ है। वे इस सामान को टैराकोटा की मिट्टी से बनाते है तथा इस टैराकोटा की मिट्टी को जमीन से लगभग 20 फीट से निकाला जाता है और पहले इस मिटट्ी को अच्छी तरह छानने के बाद चॉक पर सजावट के सामान को सुंदर-सुंदर हस्त शिल्प रूप देते है। इसके बाद इसे कुछ समय के लिए पकने उपरांत इस पर फिनिशिंग का कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस सामान को हाथ से अच्छी पॉलिश करके इस सामान को सुंदर-सुंदर रूप दिया जाता है।

**एक लाख साठ हजार रुपये की गौतम बुद्ध की ये मूर्ति** : अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को पीतल से बना सामान खूब पसंद आ रहा है। शिल्पकार दिलीप का कहना है कि वे शुरू से ही गीता जयंती महोत्सव में अपना स्टॉल लगा रहे हैं।

# नये साल में प्रदेश को मिलेगी 77 नई पुलिस चौकियों की सौगात

### गृह मंत्री अनिल विज ने कहा, सात साल में पुलिस की छवि निखरी, जनता का भरोसा बढ़ा

### नई पुलिस चौकियों में स्टाफ भी होगा नया भर्ती, जवानों के अतिरिक्त बोझ को कम करने पर फोकस

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**सेवा,** सुरक्षा और सहयोग के सूत्र वाक्य पर शत-प्रतिशत खरा उतरने के लिए प्रयासरत हरियाणा पुलिस के लिए एक और राहतभरी खबर है। प्रदेश सरकार ने पुलिस पर बढ़ते बोझ को ध्यान में रखते हुए 77 नई पुलिस चौकियां स्थापित करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। खास बात ये कि नई पुलिस चौकियों के लिए स्टाफ भी नया भर्ती किया जाएगा।

इन आदेशों की जानकारी देते हुए राज्य के गृहमंत्री अनिल ने कहा कि वर्ष 2014 में जब भाजपा ने सत्ता संभाली तो जनता से वायदा किया था कि प्रदेश को अपराध और भ्रष्टाचारमुक्त शासन प्रदान करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक स्तर पर नवीन प्रयास किए जाएंगे। सात वर्ष के शासन में भाजपा सरकार ने इस दिशा में अनेक ठोस कदम उठाए हैं। अब इससे आगे बढ़ते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों में काम कर रही 70 अस्थाई पुलिस चौकियों को न केवल स्थायी किया जाएगा बल्कि 7 और नई पुलिस चौकियां भी खोली जाएंगी।

उन्होंने कहा कि इस नई योजना का भार पुराने पुलिस स्टाफ पर नहीं डाला जाएगा। जनसंख्या के हिसाब से पुलिसकर्मियों के अनुपात को ध्यान में रखते हुए नई पुलिस चौकियों के लिए 1232 पदों को भी मंजूरी दी गई है ताकि जवान लोगों को बेहतर और तनावरहित सेवा प्रदान कर सकें।



**सीएम सिटी करनाल में 13 तो अहीरवाल के नारनौल में 7 चाकियां बनेंगी** : गृहमंत्री अनिल विज के मुताबिक, जिन जिलों में पुलिस चौकियों को स्थापित किया जाएगा, उसके तहत करनाल में 13 पुलिस चौकी, कैथल में एक, हांसी में पांच, जींद में 9, नूह में तीन, सिरसा में 10, भिवानी में 7, पलवल में एक, चरखी दादरी में तीन, अंबाला में चार, पानीपत में एक, यमुनानगर में 7, फतेहाबाद में दो, नारनौल में 7, फरीदाबाद में एक, हिसार में एक, पंचकूला में एक और कुरुक्षेत्र में एक पुलिस चौकी स्थापित की जाएगी। इस संबंध में तमाम सरकारी प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया गया है। नए साल में ये पुलिस चौकियां आम जनता की सेवा में सुपुर्द कर दी जाएंगी।

**डायल 112 से बढ़ा सुरक्षा का भरोसा** : घंटों की बजाय मिनटों में आम जन को उनकी दहलीज पर सुरक्षा मुहैया कराने की नीयत से शुरू की गई डायल 112 सेवा के अच्छे नतीजे सामने आए हैं। राज्य की कानून व्यवस्था में आमूलचूल सुधार देखा गया है। पब्लिक से भी डायल 112 सर्विस के बेहतर फीडबैक मिल रहे हैं। पुलिस की छवि और सुरक्षा के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ा है। गृहमंत्री के मुताबिक, डायल 112 सेवा के तहत प्रदेश में 600 गाडियां हर वक्त लोगों की सुरक्षा के लिए फील्ड में तैनात हैं। अब लोगों को लगता है कि पुलिस हर पल उनके साथ है। इससे क्राइम पर भी नियंत्रण हुआ है।

**सब इंस्पेक्टर से लेकर सफाईकर्मियों तक की होगी नई भर्ती** : सरकार ने जिन 77 नई पुलिस चौकियों को सृजित करने की मंजूरी प्रदान की है। उनके संचालन व कार्यान्वयन के लिए 1232 पदों की भर्ती को भी मंजूरी दी गई है। इनमें सब-इंस्पेक्टर के 77 पद, एएसआई के 77, हैड कांस्टेबल के 308, कांस्टेबल के 616, स्वीपर के 77 और कुक के 77 पद शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री ने 130 करोड़ देशवासियों को देशहित में सोचने को प्रेरित किया: दलाल

### भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग के जिला कार्यालय में शुरू होने पर कहा

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



कि

**भारतीय** जनता पार्टी भिवानी का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आज शनिवार से भाजपा जिला कार्यालय में शुरू हुआ। जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ की अध्यक्षता में शुरू हुए इस सम्मेलन का शुभारंभ कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया।

उद्घाटन सत्र में जयप्रकाश दलाल के अतिरिक्त सांसद रेडमैन धर्मबीर सिंह, प्रदेश महामंत्री पूर्व विधायक पवन सैनी, प्रदेश कोषाध्यक्ष विधायक पलवल दीपक मंगला, राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग की सदस्या सुधा यादव, जिला प्रभारी मनीष मित्तल, युवा आयोग के चेयरमैन मुकेश गौड़ ने अलग-अलग विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण वर्ग के पहले सत्र में प्रदेश महामंत्री पवन सैनी ने कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के इतिहास विकास व विचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दूसरे सत्र में कृषि मंत्री ने हरियाणा सरकार की सात वर्ष की उपलब्धियों के बारे में बताया तथा जन कल्याणकारी सरकार की योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 130 करोड़ भारतवासियों को देशहित में सोचने को प्रेरित किया। तीसरे सत्र में युवा आयोग के चेयरमैन मुकेश गौड़ ने आजादी का अमृत महोत्सव विषय पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को आजादी की लड़ाई में शहीदों के योगदान पर विस्तार से बताया। चौथे सत्र में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद रेडमैन धर्मवीर सिंह ने मोदी सरकार ने जो जनहितकारी जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई वह जनता की भलाई के लिए जो काम की है उनके बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का अपना महत्व है इससे कार्यकर्ता अपडेट रहता है और उसमें धार आती है। आज के छठे सत्र में राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग की सदस्या सुधा यादव ने आत्मनिर्भर भारत के विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

## मनताज मिन ने कान्हा गोरिए और पंजाबी बोलियां सुना मन मोहा

**कुरुक्षेत्र।** कान्हा गोरिए...के भक्ति रस में गाते समय पूरी तरह कलाकार मनताज मिन कृष्ण भक्ति में डूब जाती है। इस युवा कलाकार का जुड़ाव अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से बहतु ज्यादा है। हालांकि इस महोत्सव में अभी तक उन्हें कोई मंच तो नहीं मिला, लेकिन ब्रहमसरोवर के घाटों पर उनकी सुरीली आवाज को सहजता से सुना भी जा सकता है। यह कलाकार मनताज मिन कुरुक्षेत्र मोहन नगर की है, लेकिन कुरुक्षेत्र की इस बेटी का अब पड़ाव पंजाब के खरड़ शहर में है।

इस महोत्सव की तरंगे उन्हें हर बार कुरुक्षेत्र खींच कर ले आती है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2021 में अपनी गायकी की यादों को तरो ताजा करने के लिए ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर मनताज मिन पहुंची है। इस होनहार कलाकार ने लोगों के आह्वान पर कान्हा गोरिए और कुछ पंजाबी बोलियां गाकर सुनाई, जैसे ही यह गायिका ब्रह्मसरोवर के तट पर अपने चाहने वालों के साथ अपनी सुरीली आवाज को साझा कर रही थी, उसी समय उनकी आवाज को कैमरों में बंद कर लिया गया। एकाएक यह आवाज वायरल हो गई। यह आवाज वायरल होते ही चाहवानों द्वारा शेयर करनी शुरु कर दी गई। इसके बाद पंजाब की गायिका मनताज मिन ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत की और अपने अनुभवों को साझा किया।

# जनहितकारी विकास कार्यों को पूरा करने में देरी स्वीकार्य नहीं : सांसद कौशिक

### डी प्लान से संबंधित सभी कार्यों को एक सप्ताह में करवाएं शुरू

### कबीरपुर रोड से बिजली खंभों को तुरंत हटवाने को दिए निर्देश

### गन्दे पानी की निकासी के लिए ड्रेनों की निरंतर करवाएं सफाई

**सोनीपत।** जनहितकारी विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। आमजन से सीधे जुड़े विकास कार्यों को समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। हर प्रकार के सहयोग के लिए वे उपलब्ध हैं, किंतु विकास कार्यों में देरी नहीं होनी चाहिए। सांसद रमेश कौशिक जिला विकास समन्वयन एवं मूल्यांकन समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे डी-प्लान से संबंधित सभी कार्यों को एक सप्ताह के अंदर शुरू करवाएं, ताकि विकास कार्यों को समय पर करवाया जा सके। क्योंकि केन्द्र व राज्य सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है इसलिए सभी अधिकारी पूरी ईमानदारी व समयबद्ध तरीके से अपने कार्यों को पूरा करवाएं। सांसद ने कहा कि शहर में कबीरपुर रोड बनकर तैयार किया जा चुका है, लेकिन कई जगह कबीरपुर रोड़ पर बिजली के खंभे आज भी वहीं की वहीं है। इसलिए बिजली विभाग के अधिकारी आज ही कबीरपुर रोड़ का मौका मुआयाना करें और तुरंत उन बिजली खंभों को हटवाएं, ताकि बिजली खंभों के कारण कोई दुर्घटना न हो सके। इसके अलावा उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बहुत से गांवों में लोगों द्वारा बरसाती ड्रेनों में कूड-करकट डाला जा रहा है। जिसके कारण वे ड्रेन बिल्कुल ब्लॉक हो जाती है और उनमें पानी की निकासी नहीं हो पाती। जिसके बाद गांवों व खेतों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसलिए सभी अधिकारी ऐसे लोगों को कबाड़ा न डालने के लिए नोटिस दें अगर फिर भी न माने तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें और ड्रेनों की सफाई का कार्य निरंतर करवाएं। उन्होंने कहा कि एचएसआईआईडीसी राई क्षेत्र में गन्ने पानी की निकासी की समस्या काफी रहती है, इसलिए संबंधित सभी अधिकारी आज ही उस क्षेत्र का दौरा करें और उस क्षेत्र के गन्दे पानी की निकासी के लिए कोई प्लान बनाएं और उनके सामने प्रस्तुत करें। ताकि तुरंत इस कार्य को शुरू किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### बिना मास्क 47 व्यक्तियों के किये चालान



बिना मास्क के व्यक्ति के चालान काटता एक पुलिसकर्मी।

**सोनीपत।** कोविड-19 महामारी के नए प्रारूप ओमिक्रान वायरस ने भारत में दस्तक देने के उपरान्त बिना मास्क घूमने वालों व्यक्तियों के चालान किये गये है। यह वायरस पहले की अपेक्षा अधिक संक्रामक है। यदि पूर्व में जारी कोविड दिशा निर्देशों की पालना नहीं की गई तो आने वाले दिनों में दोबारा से यह महामारी का प्रकोप भयंकर रूप ले सकता है। जिसकी रोकथान के लिए आवश्यक कदम उठाने अति आवश्यक है। जिसको मध्येनजर रखते हुये सार्वजनिक स्थानों पर मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों के विरूध सख्त कदम उठाया जाना आवश्यक है। सार्वजनिक स्थानों पर बिना फेसमास्क घुमने वाले व्यक्तियों को फेसमास्क लगाने के लिए प्रेरित किया और उलंघना करने वाले 47 व्यक्तियों के चालान किये गये और उन्हें मास्क भी वितरित किये गये।

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए उपायुक्त ने की सहयोग की अपील

**सोनीपत।** हरियाणा सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने एनसीआर में शामिल सोनीपत सहित चार जिलों नामत: गुरुग्राम, फरीदाबाद व झज्जर में एयर क्वालिटी में सुधार के लिए निर्देश जारी किए है। उपायुक्त ललित सिवाच ने जारी निर्देशों की सोनीपत जिला में अनुपालना सुनिश्चित करने की बात कही है। उपायुक्त सिवाच ने जारी निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि वायु की गुणवत्ता में सुधार के लिए जिला के भीतर आगामी निर्देशों तक सभी निजी व सरकारी स्कूल बंद रहेंगे। वहीं इस अवधि के दौरान निर्माण कार्यों (गैर प्रदूषित गतिविधियां जैसे पलंबिंग, इंटीरियर डेकोरेशन, इलेक्ट्रिकल वर्क्स, कारपेंटरी व एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन द्वारा छूट प्राप्त गतिविधयों को छोड़कर) रोक रहेगी। इसी प्रकार डीजल चालित जनरेटर (आवश्यक एवं आपातकाल सेवाओं को छोडक़र) के इस्तेमाल पर भी रोक रहेगी। उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से भी प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

### श्रीगुरु रविदास मंदिर के प्रधान और पदाधिकारियों का स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** आल इंडिया अंबेडकर महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश बहादुर व महासभा की हरियाणा इकाई की अध्यक्ष रीना बाल्मीकि ने शनिवार को श्रीगुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा के प्रधान सूरजभान नरवाल व अन्य पदाधिकारियों का गुलदस्ता व फूलमाला भेंट कर स्वागत किया। महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश बहादुर ने श्रीगुरु रविदास मंदिर धर्मशाला सभा के उप प्रधान रामलाल मेहरा, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप ढांडा का भी फूलमाला के साथ स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि सूरजभान नरवाल की अगुवाई में बनी श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा की नवनियुक्त कार्यकारिणी मंदिर के कार्यों को आगे बढाने का काम करेगी। श्रीगुरु रविदास की शिक्षाओं और संदेश को आगे बढाने के साथ साथ समाज के लोगों को जागरूक करने का भी काम करेगी, ऐसी उन्हें नई कार्यकारिणी से उम्मीद है। उन्होंने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि हम सब का दायित्व है कि हम डॉ. भीमराव अंबेडकर के संदेश को भी जन जन पहुंचाने का काम करें। आल इंडिया अंबेडकर महासभा हरियाणा इकाई की अध्यक्ष रीना बाल्मीकि ने कहा कि सूरजभान नरवाल की अगुवाई में बनी नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी कार्यों में रुचि लेने वाले हैं और उम्मीद है कि वे भविष्य में समाज के कार्यों के साथ साथ समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। इसके साथ साथ बाबा साहेब के संदेश और श्री गुरु रविदास जी की वाणी का भी प्रचार करने का काम करेंगे। इस मौके पर जितेंद्र बहादुर, राजेश बहादुर, महासभा जिला कुरुक्षेत्र इकाई के सचिव जोरा सिंह घराड़सी व अन्य मौजूद रहे।

### डेरा की संगत कर रही 135 समाज हित के कार्य : कलेर

**कुरुक्षेत्र।** डेरा सच्चा सौदा की हरियाणा कमेटी के सदस्य जसबीर कलेर ने कहा कि 5 दिसंबर दिन रविवार को कुरुक्षेत्र जिले की साध संगत द्वारा सर्दी के मौसम को ध्यान में रखकर जरूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र वितरित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम थानेसर अनाज मंडी में सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें सैंकड़ों जरूरतमंदों को कंबल, जूते, जर्सी, जुराब व अन्य गर्म वस्त्र भेंट किए जाएंगे। वे रेलवे रोड स्थित एक निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पत्रकारों से वातालर्प करते हुए जसबीर कलार ने कहा कि डेरा सच्चा सौदा द्वारा अनेकों ऐसी मुहिम है। जिससे प्रेरणा लेकर अनेकों लोगों की जिदंगी बदल गई है। 135 समाजहित के कार्य लगातार साध संगत द्वारा किए जा रहे हैं। कुल का क्राऊन मुहिम से प्रभावित होकर तो अनेक लोगों ने बेटे की लालसा छोड़कर बेटी को ही बेटे का दर्जा दिया है। कुल का क्राऊन मुहिम के तहत शादी में दुल्हन दुल्हे को ब्याहकर ले जाती है, जिससे बेटी का भी वंश चलेगा। इस मुहिम ने बेटा-बेटी एक समान व बेटी बचाओ बेटी पढाओ नारे को सफल बनाने का काम किया है। इसके अलावा डेरा सच्चा सौदा के मानवता भलाई के कार्यों में शरीर दान भी एक कार्य है। इसके तहत हजारों लोगों ने मरणोपरांत शरीर दान किया है। डा. आरके चौहान ने कहा कि कोरोना काल में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ व पत्रकारों सहित अन्य कोरोना योद्धाओं ने अपनी जान की परवाह किए बगैर डयूटी का निर्वहन किया। ऐसे में डेरा सच्चा सौदा द्वारा कोरोना योद्धाओं की सेवा की व इम्युनिटी बुस्टर भेंट किए। इस मौके पर डा. डीडी अरोड़ा, प्रवीण इन्सां, अश्वनी, पिंकी, शगुन मैहता, प्रवीण कडामी, सुरेंद्र, कृष्ण, दर्शन, सौरभ माटा मौजूद रहे।

### विश्व शांति के लिए किया श्रीअखंड रामायण पाठ

**कुरुक्षेत्र।** नर नारायण सेवा समिति के 11 वर्ष पूरे होने पर विश्व शांति हेतु श्रीअखंड रामायण पाठ आरंभ किया गया। इसमें मुख्य अतिथि कृष्ण बेदी राजनीतिक सचिव, मुख्यमंत्री हरियाणा, विशिष्ठ अतिथि बलदेव राज सेठी, राज सतीजा, मुख्य यजमान ललित बत्रा, पायल बत्रा रहे। समिति संस्थापक मुनीश भाटिया ने बताया कि समिति को जरूरतमंदों की सेवा करते आज 11 वर्ष पूरे हो गए है, ऐसा सभी सहयोगियों और साथियों की मदद से संभव हुआ है। समिति प्रधान राकेश मुल्तानी ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पंडित कृष्णानंद, मुकुल आहूजा, दीपक आनंद, मुलख राज गुंबर, विनोद कुमार, यश मघ, हरीश विरमानी, अरुण कंसल, करनैल सिंह, पंकज मित्तल, अमित कालरा, लव छाबरा, नरिंदर सिंगला, बिट्टू बत्रा, राजेश सागर, लक्की चिटकारा, सुशील ठुकराल, भूपिंदर बत्रा, हैप्पी सुनेजा, विनोद अरोड़ा, प्रिंस आनंद, निर्मल सिंह मौजूद रहे।

### कलोत्सव की पेंटिंग में दीपांशी, पोस्टर मेकिंग में तमन्ना अव्वल

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्ज कालेज में आयोजित दो दिवसीय कला उत्सव के अंतर्गत हुई पेंटिंग स्पर्धा में दीपांशी तथा पोस्टर मेकिंग में तमन्ना अव्वल रही। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को तराशने की है, जिसमें जीवीएम कोई कमी नहीं छोड़ता। जीवीएम में 3 व 4 दिसंबर को दो दिवसीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्या डा. रेनू भाटिया व नीलम परूथी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस दौरान आयोजित पेंटिंग स्पर्धा में दीपांशी ने प्रथम, शगुन ने द्वितीय व रजनी ने तृतीय, पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में तमन्ना ने प्रथम, आंचल ने द्वितीय व भावना ने तृतीय तथा कार्टूनिंग प्रतियोगिता में पारूल ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय व अनुराधा ने तृतीय तथा कोलाज मेकिंग स्पर्धा में सान्या कामरा ने विजेता व छवि ने उप-विजेता का पुरस्कार जीता और फोटोग्राफी स्पर्धा में रचना ने विजेता व छवि ने उप-विजेता का खिताब कब्जाया। हरियाणवी कविता पाठ में नैन्सी ने विजेता व रिया ने उप-विजेता, हिंदी कविता पाठ में तमन्ना ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय व दीक्षा ने तृतीय, पंजाबी कविता पाठ में आरजू ने प्रथम व रिंकी ने द्वितीय तथा तमन्ना ने तृतीय, उर्दू काव्य पाठ में तमन्ना व मानसी संयुक्त रूप से अव्वल रही।

# पंजाबी बिरादरी भवन के किशोर नागपाल पहुंचे कर्ण गेट मार्केट में न्यौता देने

**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा करनाल में पंजाबी बिरादरी भवन के लोकार्पण अवसर पर पांच दिसम्बर को अधिक संख्या पहुंचने और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता तथा पंजाबी बिरादरी भवन के सदस्य किशोर नागपाल व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जे.आर कालड़ा आज कर्ण गेट मार्केट में पंजाबी बिरादरी को न्यौता देने के लिए सन्नी मैहता की दुकान पर पहुंचे।

आल इंडिया पंजाबी विरादरी के पदाधिकारियों के साथ जीटी रोड मार्केट एसोसिएशन, कर्ण गेट मार्केट एसोसिएशन, गुड़ मंडी एसोसिएशन सर्राफा बाजार एसोसएिशन , चौड़ा बाजार एसोसिएशन स्वर्णकार एसोसिएशन के सदस्य पदाधिकारी मौजूद थे। सभी ने सैकड़ों की संख्या में मुख्यमंत्री को सुनने के लिए पंजाबी बिरादरी भवन पहुंचने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश व्यपार मंडल के प्रवक्ता किशोर नागपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लालपंजाबी बिरादरी की शान है। ईमानदारी मुख्यमंत्री को सुनने के लिए अधिक संख्या में सुनने के लिए पंजाबी बिरादरी भवन सुबह 10 बजे पहुंचें। जेआर कालड़ा ने कहा कि पंजाबी बिरादरी का भवन को लोकर्पण पंजाबी बिरादरी के लिए शान की बात हैं। इस अवसर पर आल इंडिया पंजाबी बिरादरी के प्रधान बीरेंद्र सरदाना ने कहा कि पंजाबी विरदरी शहीदों महापुरुषों की प्रतिमाओं को गंगा जल से साफ करेगी। सभी पार्कों में सप्लाई अभियान चलाएगी। उन्होंने भी सभी पंजाबी भवन से पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर सन्नी मैहता, विष्णु शर्मा, कर्ण गेट मार्कीट एसोसिएशन के प्रधान रवि चौधरी, दीपक चौधरी, नीरज उप्पल,विजय खेड़ा, दीपक आहुजा, गोपाल कृष्ण, पवन रहेगा, पम्मी तियाल, दीपक दुआ, अशोक खेड़ा, जीटी रोड मार्कीट ऐसोसिएशन के प्रधान मनमीत बाबा, स्वर्ण कार एसोसिएशन के प्रधान सुरेश वैद्या, बजवेत धीर, विक्की व निखिल गांधी, अविनाश बजाज, पुनीत बजाज, विकास ढींगड़ा आदि मौजूद थे।

## सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

**क्या जमाना है**

**गुफ्तगू किससे करें दिल की ये न जाना है,**
**रुपया हर जिक्र में शामिल है क्या ज़माना है,**
**पूछी हमने जो तबीयत ज़नाब की इक दिन,**
**तो कहते हैं कि फर्क रुपये में आठ आना है।**

# प्रदेश को शीघ्र मिलेंगे 1096 डॉक्टर

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



### चिकित्सा अधिकारियों के 98 तो वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों के 116 पदों पर होगी नियमित भर्ती

### नए वेरिएंट को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को बुनियाद मजबूत कर रही सरकार

**किसी** भी प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक विकास का आकलन वहां रहने वाले नागरिकों की सेहत के आधार पर होता है और नागरिकों की सेहत का पूरा जिम्मा सरकार के कंधों पर होता है। प्रदेश की भाजपा सरकार इस जिम्मेदारी का बोझ न केवल ईमानदारी से वहन कर रही है, बल्कि कर्तव्यनिष्ठा के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी सुधार भी कर रही है। यह सुधार स्थायी तभी रहेगा जब राज्य में चिकित्सकों की संख्या रोगियों के अनुपात में अनुकूल होगी। भाजपा सरकार स्वास्थ्य सिस्टम के स्थायित्व के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।

इस संकल्प के साथ हरियाणा सरकार ने प्रदेश में 1096 चिकित्सकों की भर्ती को मंजूरी दी है। इनमें चिकित्सकों अधिकारियों के 980 और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों के 116 पदों पर नियमित भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया को अतिशीघ्र और सुचारू ढंग से पूरी करने के लिए सरकार की तरफ से डॉ. प्रवीण सेठी डीएचएस (डेंटल) को विभागीय चयन समिति का सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। हरियाणा की स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. वीना सिंह ने इस आशय की जानकारी दी है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के हाथ में जब से स्वास्थ्य विभाग की बागडोर आई है, वह युद्धस्तर पर सेवाओं को चुस्त-दुरूस्त करने में जुटे हैं। वहीं, पिछले दो साल में जब से कोरोना महामारी के नए-नए वैरियेंट सामने आए हैं, तब से तो स्वास्थ्य क्षेत्र में जमीनी स्तर पर निगरानी के साथ काम किया जा रहा है। सरकार समय-समय पर न केवल डॉक्टरों की भर्ती कर रही है बल्कि पैरामेडिकल स्टॉफ, स्वास्थ्य उपकरणों की खरीद समेत अन्य जरूरी संसाधनों की भी बिना देरी किये पूर्ति करने का काम रही है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, सरकारी अस्पतालों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने की दिशा में काफी हद तक सफलता भी हासिल हुई है। यही वजह है कि कोरोना काल में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टॉफ के सराहनीय कार्यों की सरकार जगह-जगह प्रशंसा कर रही है। सरकार द्वारा मंजूर की गई 1096 डॉक्टरों की नियमित भर्ती से स्वास्थ्य क्षेत्र को बुनियादी स्तर पर मजबूती मिलेगी।

# क्रीमीलेयर का दायरा सीमित न करे सरकार

### दिनेश कश्यप ने कहा क्रीमीलेयर का दायरा छह लाख करने से पिछड़ा वर्ग के अधिकारों का हनन होगा

### संशोधन वापस नहीं लिया तो चुनावों में गंभीर परिणाम भुगतने होंगे

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



पिपली में टीम के साथ पदयात्रा का स्वागत करते दिनेश कश्यप और अन्य।

**कांग्रेस** पार्टी युवा नेता दिनेश कश्यप राजपूत ने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार पिछड़ा वर्ग आरक्षण में क्रीमीलेयर का दायरा छह लाख रुपये तक सीमित करके उनके अधिकारों का हनन करने का प्रयास कर रही है। यदि प्रदेश सरकार द्वारा अपने इस संशोधन का वापस नहीं लिया तो आने वाले समय में गठबंधन सरकार को प्रदेश में ही नहीं देश के अन्य राज्यों में भी होने वाले चुनावों में गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

वे शनिवार को उमरी के नजदीक पिपली में पिछड़ा वर्ग के अधिकारों के लिए निकाली जा रही पदयात्रा का स्वागत करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछड़ा समाज सरकार के तुगलकी फरमानों के विरोध में अपने हकों व अधिकारों के महान समाज सुधारक और शिक्षा की अलख जगाने वाले ज्योतिबा फूले की पुण्यतिथि पर रोहतक से चण्डीगढ़ ओबीसी पदयात्रा कर रहा है। जो प्रदेश के विभिन्न शहरों से होकर गुजरेगी। जिसका उद्देश्य राजनीतिक रुप से वंचित एवं हर तरह से शोषित तबके को जागरुक कर एकजुट करने साथ अपनी विभिन्न मांगों को पूरा करवाना है।

उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग का उद्देश्य जनसंख्या अनुपात के मुताबिक पंचायत से लेकर संसद तक राजनीतिक हिस्सेदारी सभी प्रकार की सरकारी व गैर सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण व मंडल आयोग की पूरी रिपोर्ट लागू करवाना। इसके इलावा बैकलॉग की भर्ती करवाना एवं प्रदेश सरकार द्वारा जारी किया गया असवैंधानिक क्रीमीलेयर नोटिफिकेशन का रद् करवाना शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को देखते हुए तुरंत प्रभाव से अपने इस फैसले का वापिस ले। नहीं तो देशभर का पिछड़ा वर्ग समाज भाजपा सरकार के खिलाफ न्याय के लिए बिगुल बजाने का काम करेंगे। इस मौके पर कुलदीप, तेलूराम जांगडा, लोकीराम प्रजापत, योगेन्द्र योगी, हरप्रीत सिंह चीमा, कर्मपाल कश्यप, सुनील कुमार जांगडा, सुरेश जोगी, जितेन्द्र जांगडा, राम सिंह नंबरदार, गुरदेव वैरागी, फूल कुमार शामणिया सहित अनेकों पिछड़ा वर्ग के लोग मौजूद थे।

# बूस्टर खुराक की बजाय टीके की दोनों खुराक देने पर अधिक ध्यान दें: विशेषज्ञ

**वसंत नागवेकर ने कहा, मास्क आज की जरूरत और टीकाकरण का कोई विकल्प नहीं**

एजेंसी। नई दिल्ली

**वैज्ञानिकों** का कहना है कि भारत में अभी जनसंख्या के एक बड़े हिस्से को संक्रमण के प्रति आधारभूत सुरक्षा मिलनी बाकी है। इसलिए कोविड-रोधी टीके की बूस्टर खुराक देने की बजाय लाभार्थियों को दोनों खुराक देने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के सामने आने से उपजी चिंता और टीके से संक्रमण के प्रति मिली सुरक्षा में कमी होने से बूस्टर खुराक देने की जरूरत समझी जा रही है। बहुत से देशों में भले ही बूस्टर खुराक देना पहले से शुरू कर दिया गया हो, लेकिन कई विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में चूंकि बड़े स्तर पर टीकाकरण अभियान छह से आठ महीने पहले ही प्रारंभ हुआ था, इसलिए यहां की प्राथमिकता अलग होनी चाहिए। वसंत नागवेकर ने कहा, मास्क आज की जरूरत है। टीकाकरण का कोई विकल्प नहीं है।

भारतीय सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स सिक्वेंसिंग कंसोर्टियम (इंसाकोग) ने, जोखिम वाले इलाकों और संक्रमण के ज्यादा करीब रहने वाली जनसंख्या के 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को टीके की बूस्टर खुराक देने की वकालत की है, लेकिन विशेषज्ञों की राय इससे अलग है। इंसाकोग,



राष्ट्रीय जांच प्रयोगशालाओं का एक नेटवर्क है जिसे सरकार ने कोविड-19 के परिवर्तित होते जीनोमिक स्वरूप पर निगरानी के उद्देश्य से बनाया है। रोग प्रतिरोधक क्षमता वैज्ञानिक विनीता बल ने कहा, हमारे यहां 18 साल से कम उम्र के लोगों की बड़ी आबादी है। जब तक इन्हें टीका नहीं दिया जाता, दूसरी खुराक के लिए एक समान नीति या तीसरी खुराक का सुझाव देना बेमानी है। उन्होंने कहा कि भारत में बड़े स्तर पर टीकाकरण मार्च 2021 में ही शुरू हुआ है। हमें भारत में सभी लाभार्थियों को टीके की दोनों खुराक देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के लोगों को बड़े स्तर पर टीका लगाने पर जोर देना चाहिए।

पुणे के भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान में अतिथि शिक्षक बल ने कहा, टीके की दोनों खुराक ले चुके लोगों में संक्रमण होने की लगातार सामने आ रही खबरों से पता चलता है कि ऐसे लोगों में बीमारी उतनी गंभीर नहीं है जितनी उन लोगों में जिन्होंने टीके की एक भी खुराक नहीं ली है। इससे भी इसकी पुष्टि होती है कि भारत में टीका लगवा चुके लोगों में रोग प्रतिरक्षा क्षमता है।

नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान (एनआईआई) के सत्यजीत रथ ने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि दुनिया में किसी भी टीके के लिए बूस्टर की जरूरत है या नहीं। उन्होंने कहा, हाल के अध्ययन में प्रतिरक्षा की अवधि और सुरक्षा में अंतर दिखने लगा है। इसलिए मैं इन आंकड़ों के आधार पर बूस्टर खुराक के बारे में जल्दबाजी में कोई निश्चित राय नहीं दे सकता। मुंबई के एक अस्पताल में संक्रामक रोग विशेषज्ञ और महाराष्ट्र सरकार के कोविड-19 कार्यबल के सदस्य वसंत नागवेकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि टीके की बूस्टर खुराक काम करती भी है तो यह अस्थाई रूप से समस्या का समाधान होगा और इसकी बजाय मास्क लगाने पर जोर देना चाहिए। उन्होंने एक बयान में कहा, वैज्ञानिक आंकड़ों से पता चला है कि मास्क के कारण कोविड-19 का प्रसार 53 प्रतिशत तक घट सकता है। टीके की बूस्टर खुराक, काम करती भी है तो यह केवल एक अस्थाई समाधान होगा। हम हर छह महीने पर और वायरस के हर स्वरूप के लिए बूस्टर खुराक नहीं ले सकते। मास्क लगाना आज की जरूरत है और टीकाकरण का कोई विकल्प नहीं है।

# मोदी ने किया 18,000 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

**पीएम ने दून पहुंचकर देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस वे का शिलान्यास किया**

**मोदी ने वर्चुअल तरीके से जिन 11 परियोजनाओं की आधारशिला रखी**



एजेंसी। देहरादून

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शनिवार को यहां पहुंचे और देहरादून-दिल्ली के बीच महत्वपूर्ण एक्सप्रेस वे के शिलान्यास सहित 18000 करोड़ रुपये की कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री दोपहर बाद अपराहन एक बजे के बाद परेड ग्राउंड पहुंचे। जहां वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

मोदी ने वर्चुअल तरीके से जिन 11 परियोजनाओं की आधारशिला रखीं। उनमें आर्थिक गतिविधियों को बढावा देने तथा निवेश को प्रोत्साहन देने के उददेश्य से 8700 करोड रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाला 175 किलोमीटर लंबा दूनदिल्ली एक्सप्रेस वे भी शामिल है। इसके बनने से दिल्ली से देहरादून की दूरी ढाई घंटे की हो जाएगी। इस पर वन्यजीवों के आवागमन के लिए अवरोध मुक्त एशिया का सबसे बडा 12 किलोमीटर लंबा वन्यजीव एलिवेटेड कारिडोर भी प्रस्तावित है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने 220 करोड़ रुपये की लागत से बदरीनाथ धाम तथा 54 करोड़ रुपये की लागत से गंगोत्री और यमुनोत्री में कई विकास योजनाओं तथा लक्ष्मणझूला सेतु के समीप गंगा नदी पर 69 करोड़ रुपये की लागत से 132 मीटर लंबे पुल की भी आधारशिला रखी।

लोकार्पण की गई सात प्रमुख परियोजनाओं में यमुना नदी पर 120 मेगावाट की व्यासी पन बिजली परियोजना और चारधाम आलवेदर सडक परियोजना का राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर देवप्रयाग और श्रीकोट के बीच 38 किलोमीटर सडक चौडीकरण परियोजना भी शामिल है। इसके अलावा, वह आल वेदर सड़क परियोजना के तहत ऋषिकेश बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्रहमपुरी और कौडयाल के बीच 33 किलोमीटर सडक तथा 67 करोड़ रुपये की लागत से देहरादून में हिमालयन संस्कृति केंद्र का भी उदघाटन किया।

## मोदी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता रोसैया के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कोनिजेति रोसैया के निधन पर शनिवार को शोक प्रकट किया। कहा कि जन हित में किए गए उनके कार्यों व उनके योगदानों को याद किया जाएगा। रोसैया का शनिवार सुबह हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।

प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, के. रोसैया के निधन से दुखी हूं। मुख्यमंत्री के रूप में और फिर तमिलनाडु का राज्यपाल बनने के बाद हुई हम दोनों की मुलाकातें मुझे याद आ रही हैं। जन हित में किए गए कार्यों व योगदानों के लिए उन्हें याद किया जाएगा। उनके परिजनों और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ज्ञात हो कि रोसैया 31 अगस्त, 2011 से 30 अगस्त, 2016 तक तमिलनाडु के राज्यपाल भी रहे। रोसैया ने अपनी राजनीतिक यात्रा 1968 में विधान परिषद के सदस्य के रूप में की थी। वाई एस राजशेखर रेड्डी के निधन के बाद वह तीन सितंबर से 25 नवंबर तक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।


## भारतीय नौसेना के उत्कृष्ट योगदान गौरवान्वित करने वाले: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नौसेना दिवस पर बल के कर्मियों के उत्कृष्ट पराक्रम और पेशेवराना अंदाज की सराहना की। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, नौसना दिवस की बधाई। हमें भारतीय नौसेना के उत्कृष्ट योगदानों पर गर्व है। हमारी नौसेना का उसके पेशेवराना अंदाज और अदम्य पराक्रम के लिए सर्वत्र सम्मान किया जाता है। नौसेना के हमारे कर्मी प्राकृतिक आपदा जैसे संकटों की घड़ी में भी हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते हैं। भारतीय नौसेना दिवस प्रत्एक वर्ष चार दिसंबर को मनाया जाता है। यह 1971 की जंग में भारतीय नौसेना की पाकिस्तानी नौसेना पर जीत की याद में मनाया जाता है।

# कांग्रेस ने आजादी में जनजातीय शहीदों का योगदान भुलाया

**शिवराज सिंह ने कहा, कांग्रेस ने केवल नेहरू-गांधी परिवार को महिमा मंडित किया**

एजेंसी। इंदौर



**मध्यप्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि लम्बे समय तक देश की सत्ता में रही इस पार्टी ने टंट्या भील सरीखे आदिवासी शहीदों का योगदान भुलाकर केवल नेहरू-गांधी परिवार को महिमामंडित किया। चौहान ने टंट्या भील के बलिदान दिवस पर इंदौर से करीब 35 किलोमीटर दूर पातालपानी में आयोजित कार्यक्रम में कहा, इस क्षेत्र की जनता टंट्या भील को भगवान मानकर पूजती है। लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि लम्बे समय तक देश और मध्यप्रदेश पर राज करने वाली कांग्रेस ने टंट्या भील की इस पवित्र धरती को कभी प्रणाम क्यों नहीं किया और उनकी याद में स्मारक क्यों नहीं बनवाया?

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, यह देश का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस ने (देश के इतिहास में) केवल नेहरू-गांधी खानदान को स्थापित किया। इसी खानदान को महिमामंडित किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस को टंट्या भील जैसे आदिवासी क्रांतिकारियों की कभी याद नहीं आई। जिन्होंने देश के लिए शहादत के जरिए सर्वोच्च बलिदान दिया। चौहान ने टंट्या भील को भारत मां का वीर सपूत करार देते हुए कहा कि उन्होंने देश की गुलामी के दौर में अंग्रेजों के शोषण के खिलाफ हथियार उठाए थे और अंग्रेजों ने उन्हें एक गद्दार की मदद से धोखे से गिरफ्तार कर मृत्युदंड दिया था। मुख्यमंत्री ने पातालपानी में टंट्या भील की अष्टधातु की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इस मौके पर सूबे के राज्यपाल मंगु भाई पटेल भी मौजूद थे। माना जाता है कि पातालपानी में टंट्या भील का अंतिम संस्कार किया गया था। चौहान ने घोषणा की कि प्रदेश सरकार पातालपानी में टंट्या भील के स्मारक का विकास करेगी और इन आदिवासी क्रांतिकारी पर आधारित आराधना वाटिका, पुस्तकालय आदि स्थापित करेगी।

आदिवासियों का राबिनहुड भी कहा जाता है टंटया भील को जानकारों का कहना है कि अंग्रेजों ने टंट्या भील को चार दिसंबर 1889 को राजद्रोह के जुर्म में जबलपुर के जेल में फांसी दी थी। जानकारों के मुताबिक टंट्या भील को आदिवासियों का रॉबिन हुड भी कहा जाता है क्योंकि वह अंग्रेजों की छत्र-छाया में फलने-फूलने वाले अमीरों से लूटे गए माल को जनजातीय समुदाय के गरीब लोगों में बांट देते थे।

# ओमिक्रॉन: टीकों और बूस्टर खुराक के अनुसंधान के लिए संसदीय पैनल की सिफारिश

**स्वास्थ्य पर संसदीय स्थाई समिति ने पेश अपनी रिपोर्ट में कहा**

**कहा, इम्यूनोस्केप तंत्र विकसित कर रहे नए स्वरूप से गंभीरता से निपटा जाए**

एजेंसी। नई दिल्ली

**कोविड**-19 के नए स्वरूप ओमिक्रोन पर बढ़ती चिंताओं के बीच संसदीय समिति ने कोविड-रोधी टीकों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किए जाने तथा कोरोना के नए स्वरूप पर काबू पाने के लिए बूस्टर खुराक की आवश्यकता की जांच के लिए अधिक अनुसंधान करने की सिफारिश की है।

स्वास्थ्य पर संसदीय स्थाई समिति ने शुक्रवार को पेश अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि इम्यूनोस्केप तंत्र विकसित कर रहे नए स्वरूप से गंभीरता से निपटा जाना चाहिए। कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के दौरान हुई जानमाल की क्षति के मद्देनजर समिति ने कहा है कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सार्स-कोव-2 के प्रसार पर अंकुश लगाने या रोकने के लिए किए गए उपाय पूरी तरह से अपर्याप्त साबित हुए हैं। समिति ने स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, बिस्तरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा ऑक्सीजन सिलेंडर और आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी है।

तीसरी लहर के खतरे के मद्देनजर सरकार को इस समय का इस्तेमाल सार्वजनिक स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे



को मजबूत करने में करना चाहिए। समिति ने पाया कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में परीक्षण सुविधाओं में सुधार की सख्त आवश्यकता है। इसने राज्यों में वीआरडीएल के साथ पीएचसीसीएचसी के बीच समन्वय स्थापित करने की भी सिफारिश की है। पैनल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, समिति का मानना है कि महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए संभावित संक्रामक लोगों का समय पर पता लगाना और उन्हें अलग-थलग करना बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए निदान संबंधी परीक्षण के महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, समिति ने अपनी अन्य सिफारिशों में सरकार को अधिक टीकों को मंजूरी देना, वैक्सीन उत्पादन में तेजी लाना, वितरण क्षमता बढ़ाने और टीकाकरण दर में वृद्धि के साथ इस कार्यक्रम को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाना शामिल है।

समिति ने कहा है कि कोरोना की दूसरी लहर पहली लहर के चरम के लगभग छह महीने बाद आई, लेकिन भारत का जांच संबंधी बुनियादी ढांचा बेहद कमजोर और अत्यधिक अपर्याप्त रहा। समिति ने महामारी की तैयारियों के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के वास्ते आवंटित 64,179.55 करोड़ रुपये के इस्तेमाल के संबंध में कार्य योजना से भी अवगत कराने की मांग की है।

## गुजरात: जिम्बाब्वे से लौटा जामनगर का व्यक्ति ओमीक्रोन से संक्रमित मिला

**अहमदाबाद।** जिम्बाब्वे से लौटा गुजरात के जामनगर शहर का 72 वर्षीय एक व्यक्ति कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित पाया गया है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी।

विभाग ने कहा कि इस व्यक्ति के बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद उसका नमूना जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजा गया था। गुजरात के स्वास्थ्य आयुक्त जयप्रकाश शिवहरे ने पुष्टि की कि संबंधित व्यक्ति कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित पाया गया है। इससे पहले, कर्नाटक में दो व्यक्ति वायरस के इस स्वरूप से संक्रमित मिले थे।

# ग्वालियर नगर निगम खुले में कचरा फेंकने वालों के घरों के बाहर राम धुन बजाएगा

**नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने दी जानकारी**

एजेंसी। ग्वालियर

**इस** साल की राष्ट्रीय स्वच्छता रैंकिंग में पिछड़ने के बाद हरकत में आते हुए ग्वालियर नगर निगम ने सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों को समझाने के लिए उनके घर के सामने रामधुन बजाने का फैसला किया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि राम धुन का जाप करने वाले भजन गायकों को घरों के बाहर भेजने का कदम उठाने का उद्देश्य सड़कों या खुले में कचरा फेंकने के कृत्य पर शर्मिंदा कर लोगों को सुधारने का है। उन्होंने कहा कि शहर को साफ रखने में प्रशासन के साथ सहयोग करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। यदि इसके बावजूद लोग नियम तोड़ते रहे तो ऐसे लोगों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। ग्वालियर नगर निगम (जीएमसी) के आयुक्त किशोर कान्याल ने कहा कि निगम के कर्मचारी वाहनों के जरिए घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करते हैं लेकिन कई लोग अब भी अपने घरों के बाहर, सड़कों पर या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंक रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से अनुरोध किया जाएगा कि वे अपने घरेलू कचरे को निगम के वाहनों में डालें लेकिन यदि वे अपने तरीके नहीं बदलते हैं तो भजन गायकों के एक समूह को राम धुन सुनाने के लिए उनके घरों में भेजा जाएगा और यदि स्थिति में तब भी सुधार नहीं हुआ तो ऐसे लोगों पर जुर्माना लगाया जाएगा। कान्याल ने कहा कि पिछले एक सप्ताह के दौरान जीएमसी ने सड़क पर कूड़ा फेंकने वाले लोगों से पांच लाख रुपए का जुर्माना वसूला है। उन्होंने कहा कि निगम लोगों के सहयोग से शहर में घर-घर से शत-प्रतिशत कूड़ा उठाने का अभियान चला रहा है। मालूम हो कि राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में ग्वालियर पिछले साल के 12वें स्थान से फिसलकर इस साल 15वें स्थान पर आ गया है। मध्य प्रदेश के इंदौर ने लगातार पांचवीं बार देश के स्वच्छता सर्वेक्षण में शीर्ष स्थान हासिल किया है जबकि प्रदेश की राजधानी भोपाल ने इस साल सातवां स्थान हासिल किया है।

# अनुच्छेद 370 के प्रावधान निरस्त होने के बाद कश्मीर में शांति, हो रहा निवेश : शाह

**ऑक्सीजन की कमी से सफलतापूर्वक निपटने को संसाधनों का उचित इस्तेमाल सुनिश्चित किया**

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 के प्रावधान निरस्त होने के बाद से कश्मीर में शांति है, वहां व्यवसाय के लिए अच्छा निवेश हो रहा है और पर्यटक आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी से सफलतापूर्वक निपटने के लिए संसाधनों का उचित इस्तेमाल सुनिश्चित किया।

यहां आयोजित एचटी लीडरशिप समिट में अपने संबोधन में शाह ने कहा कि देश ने पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे सीमा पार आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए पाकिस्तान के घर में घुसकर



मारा गया। शाह ने कहा कि किसी को विश्वास नहीं था कि अनुच्छेद 370 और 35 ए को हटाया जा सकता है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में यह कर दिखाया। शाह ने कहा, मैं कह सकता हूं कि अब कश्मीर में शांति है, निवेश हो रहा है और पर्यटक आ रहे हैं। धीरे-धीरे कश्मीर में हालत सामान्य हो रहे हैं और वह देश के साथ एक होकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए यह स्पष्ट कर दिया कि भारतीय सीमा में घुसना इतना आसान नहीं है। शाह ने कहा कि अब तक इस काम को करने के लिए इजराइल और अमेरिका का ही नाम लिया जाता था लेकिन अब भारत भी उस सूची में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा, हम सबके साथ शांति चाहते हैं। हमारी सीमाओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हमने इस संदर्भ में एक स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने कहा, इसके कारण भारत को अब दुनियाभर में एक अलग तरह की स्वीकार्यता मिली है।

कोविड-19 के बारे में हाल की चुनौतियों पर केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रभावी नीतियों के कारण महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था शीघ्र उबरने में कामयाब हुई है। शाह ने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था अब दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है। मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए शाह ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ जब भारत की सुरक्षा नीति उसकी विदेश नीति की छाया से बाहर आई।

# संक्षिप्त समाचार

## कानपुर में चिकित्सक ने पत्नी और दोनों बच्चों की हत्या की

**कानपुर।** कानपुर में 61 वर्षीय चिकित्सक ने शुक्रवार को कल्याणपुर स्थित फ्लैट में अपनी पत्नी, बेटे और बेटी की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि एक निजी मेडिकल कॉलेज में फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख सुशील कुमार ने परिजनों की हत्या करने के बाद अपने जुड़वां भाई सुनील को संदेश भेजकर घटना के बारे में पुलिस को सूचित करने के लिए कहा। संदेश मिलने के बाद सुनील कुमार कल्याणपुर स्थित अपार्टमेंट पहुंचे तो देखा कि फ्लैट बाहर से बंद है। पुलिस आयुक्त असीम अरुण ने बताया कि सुरक्षा गार्डों की मदद से सुनील कुमार का ताला तोड़कर फ्लैट में दाखिल हुए, जहां मकान के अलग-अलग कमरों में तीनों शव खून से लथपथ पाए गए। उन्होंने बताया कि सुनील कुमार ने तुरंत पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। मकान में चिकित्सक की पत्नी चंद्रप्रभा (48), इंजीनियरिंग का छात्र बेटा शिखर सिंह (18), हाईस्कूल की छात्रा बेटी खुशी सिंह के शव मिले। पुलिस आयुक्त अरुण ने बताया कि ऐसा लगता है कि चिकित्सक मानसिक रूप से काफी परेशान था। चंद्रप्रभा को हथौड़े से मारा गया था, जबकि शिखर और खुशी की गला घोंटकर हत्या की गई थी। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि पीड़ितों को बेहोश करने के लिए चाय में नशीली दवा मिलाई गई थी। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हत्या शुक्रवार सुबह की गई और मामले की जानकारी शाम को सामने आई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार डॉक्टर ने घटनास्थल पर एक नोट छोड़ा है जिसमें कहा है कि वह अवसाद का शिकार हैं और अपने परिवार को मुसीबत में नहीं छोड़ सकते। उन्होंने इस नोट में लिखा कि वह सभी को मुक्ति के मार्ग पर छोड़कर एक ही क्षण में सभी संकटों को दूर कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि वह कोविड-19 महामारी के कारण यह कदम उठा रहे हैं और कोविड किसी को भी नहीं बख्शेगा। पुलिस के मुताबिक सुशील कुमार ने नोट में लिखा कि मेरी लापरवाही की वजह से मैं अपने कॅरियर के उस पड़ाव पर फंस गया हूं, जहां से निकलना नामुमकिन है। इसमें कुमार ने कहा कि वह लाइलाज बीमारी से पीड़ित हैं और भविष्य कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। इसके अलावा उनके पास और कोई चारा नहीं है। पुलिस ने सुशील कुमार को पकड़ने के लिए कई टीमें बनाई हैं।

## अप्राकृतिक यौनाचार और हत्या मामले में दो लोगों को उम्रकैद

**फूलबनी ( ओडिशा )।** यहां की एक अदालत ने पांच साल पहले ओडिशा के कंधमाल जिले में नौ साल के एक बच्चे के साथ अप्राकृतिक यौनाचार करने और उसकी हत्या करने के मामले में दो लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) अदालत के विशेष न्यायाधीश भास्कर चंद्र साहू ने शुक्रवार को 21 और 20 वर्ष की आयु के दोषियों पर 1.65 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। दोनों, नाबालिग बच्चे को 14 मार्च 2016 को फूलबनी सदर थाना क्षेत्र के एक सुनसान स्थान पर ले गए। उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए। बच्चे ने जब उन्हें इस घटना के बारे में लोगों को बताने की चेतावनी दी, तो उन्होंने एक तौलिए से उसका गला घोंट दिया। सूत्रों ने बताया कि उसके बाद शव को दफना दिया गया और उसके कपड़े भी जला दिए गए। लोक अभियोजक के अनुसार, अदालत ने निर्देश दिया कि पीड़ित परिवार को कुल 3.3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## नौसेना रही कोविड संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि देश की समुद्री सुरक्षा और समुद्र में उसके हितों को सुरक्षित रखने के अलावा भारतीय नौसेना ने कोविड संबंधी संकट से निपटने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रपति ने नौसेना दिवस पर सभी नौसैन्य कर्मियों, पूर्व नौसैनिकों और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा, आपकी सेवा के लिए समस्य भारतीय कृतज्ञ हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच 1971 में हुए युद्ध के दौरान कराची बंदरगाह पर बल के हमले की याद में हर साल चार दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है। कोविंद ने ट्वीट किया, नौसेना दिवस पर, सभी नौसेना कर्मियों, पूर्व नौसैनिकों और उनके परिवारों को बधाई। समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा करने और समुद्र में हमारे हितों की रक्षा करने के अलावा, हमारी नौसेना ने कोविड-19 संबंधित संकटों से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय आपकी सेवा के लिए आभारी हैं।

## परमबीर समेत तीन पर जबरन वसूली में आरोप पत्र दाखिल

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने उपनगरीय गोरेगांव में दर्ज जबरन वसूली के एक मामले में शहर के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह और तीन अन्य के खिलाफ शनिवार को आरोपपत्र दाखिल किया। जबरन वसूली के कई मामलों का सामना कर रहे सिंह के खिलाफ यह पहला आरोपपत्र है। दो दिन पहले महाराष्ट्र सरकार ने सिंह को जबरन वसूली के आरोप में निलंबित कर दिया था। आरोप पत्र में परमबीर सिंह के अलावा बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे, सुमित सिंह और अल्पेश पटेल को आरोपी नामजद किया गया है। आरोप पत्र मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट एसबी भाजीपाले के समक्ष दाखिल किया गया। यह मामला बिमल अग्रवाल की शिकायत से संबंधित है। इस शिकायत के अनुसार आरोपी ने दो बार और रेस्तरां पर छापेमारी नहीं करने के लिए उससे नौ लाख रुपये की उगाही की और अपने लिए लगभग 2.92 लाख रुपये के दो स्मार्टफोन खरीदने के लिए मजबूर किया। शिकायतकर्ता के अनुसार वह साझेदारी में इन प्रतिष्ठानों को चलाता था। पुलिस ने पहले बताया था कि यह घटना जनवरी 2020 और मार्च 2021 के बीच हुई। इसके बाद छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

## मप्र: नक्सल प्रभावित तीन जिले बालाघाट जोन में शामिल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने नक्सलवाद से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए नक्सल प्रभावित तीन जिलों को बालाघाट पुलिस जोन में शामिल किया है। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ राजेश राजोरा ने शनिवार को कहा कि माओवादी विरोधी प्रभावी अभियानों के लिए प्रदेश के नक्सल प्रभावित सभी तीन जिलों को एक पुलिस जोन में मिला दिया गया है। ये तीन जिले डिंडोरी, बालाघाट और मंडला हैं। उन्होंने कहा कि अब तक डिंडोरी जिला शहडोल पुलिस जोन में था लेकिन अब यह बालाघाट पुलिस जोन का हिस्सा बन गया है। इससे तीनों नक्सल प्रभावित जिलों को एक ही-बालाघाट पुलिस जोन में मिला लिया गया है। उन्होंने कहा कि बालाघाट पुलिस जोन में अब डिंडोरी, मंडला और बालाघाट जिले शामिल रहेंगे। राजोरा ने बताया कि इस आशय का गजट नोटिफिकेशन एक दिसंबर को जारी कर दिया गया है। इससे पहले, 29 नवंबर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में बताया गया कि पिछले दो वर्षों में सात कट्टर माओवादी (एसीएम के एरिया कमेटी के सदस्य) पुलिस मुठभेड़ में मारे गए और तीन को गिरफ्तार किया गया। इससे हथियार और गोला बारूद की बरामदगी तो हुई ही, तेंदूपत्ता ठेकेदारों से जबरन वसूली की गतिविधियों पर भी अंकुश लगा है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस दौरान माओवादियों को हथियार आपूर्ति करने के आरोप में 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## स्मार्ट सिटी परियोजना: जम्मू में बनेगा साढ़े पांच किमी कोरीडोर

**जम्मू।** जम्मू स्मार्ट सिटी लिमिटेड (जेएससीएल) ने पुराने शहर के धरोहर का गौरव बरकरार रखने और जम्मू के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य को दर्शाने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना तैयार की है। विरासत निशान एवं स्थल सौंदईकरण परियोजना के तहत साढ़े पांच किलोमीटर लंबा धरोहर मार्ग बनाया जाएगा और इस पर 16.56 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। यह जानकारी शनिवार को अधिकारियों ने दी। उन्होंने कहा कि जेएससीएल ने विभिन्न पक्षों के साथ चर्चा की है ताकि परियोजना में उनसे सहयोग लिया जा सके। जेएससीएल के शहरी योजना की सहायक महा प्रबंधक दीपिका गुप्ता ने कहा कि राहगीरों के अनुकूल बनाए जाने वाले विरासत कोरीडोर में लोग खरीदारी भी कर सकेंगे और इससे पुराने शहर में व्यवसाय बढ़ेगा। परियोजना में सड़क विकास, सूचना प्रौद्योगिकी आधारित पार्किंग, सार्वजनिक साइकिल साझा प्रणाली, स्ट्रीट लाइट, पोल एवं लटकते तारों को ठीक करना एवं सार्वजनिक शौचालयों को दुरूस्त करने जैसे काम किए जाएंगे। गुप्ता ने बताया कि परियोजना के अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में रानी पार्क और पुरानी मंडी पार्क का सौंदईकरण, सड़क किनारे अत्याधुनिक सुविधाएं, कचरे का डिब्बा, बेंच, पानी के एटीएम, संचार सुविधाओं के लिए भूमिगत सेवा कोरीडोर आदि शामिल हैं।

# हर घर से अगले 7 सालों तक कूड़ा उठाएगा प्राधिकरण

## पांच हिस्सों में बांटा ग्रेटर नोएडा शहर, 9.70 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



डि-सेंट्रलाइज्ड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा के हर घर से अगले 7 वर्षों तक कूड़ा उठाने और उसका निस्तारण डिस्पोज कराने के लिए प्राधिकरण प्रयासरत है।

प्राधिकरण ने दो और क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले सेक्टरों और गांवों में डोर.टू.डोर वेस्ट कलेक्शन के लिए टेंडर निकाले हैं। इसके लिए इच्छुक कंपनियां शुक्रवार से ही डॉक्यूमेंट अपलोड कर सकती हैं। 20 दिसंबर को प्री-क्वालीफिकेशन बिड खुलेगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर डि-सेंट्रलाइज्ड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत चयनित कंपनी घरों से कूड़ा उठाएगी। उसे एमएआरएफ सेंटर तक ले जाएगी और प्रोसेस कर उसका कंपोस्ट बनाएगी।

डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा को पांच क्लस्टर में बांट रखा है। क्लस्टर एक की कंपनी को लेटर ऑफ अवार्ड दे दिया गया है। इस क्लस्टर से मिलने वाले कूड़े को निस्तारित करने के लिए बायोमेथेनेशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

क्लस्टर तीन की एरिया में डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन के लिए प्राधिकरण टेंडर प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। क्लस्टर चार के एरिया लिए प्राधिकरण कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसबिलिटी के तहत डोर कलेक्शन शुरू कराने के लिए प्रयासरत है। बहुत जल्द इसे भी अंतिम रूप दे दिया जाएगा। वहीं, अब क्लस्टर दो और पांच के एरिया वाले घरों से डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए प्राधिकरण ने टेंडर निकाल दिए हैं।

क्लस्टर दो के एरिया में अगले सात साल तक के लिए डोर-टू-डोर कलेक्शन से लेकर डिस्पोजल करने तक करीब 5.50 करोड़ रुपये और क्लस्टर पांच के लिए 4.20 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है। इच्छुक कंपनियां ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। शुक्रवार से इसके डॉक्यूमेंट अपलोड कर सकते हैं। 17 दिसंबर अंतिम तिथि है। 20 दिसंबर को प्री क्वॉलीफिकेशन बिड खुलेगी। इसके बाद फाइनेंशियल बिड होगी, जिसमें चयनित कंपनी अगले सात साल तक घरों से डोर-टू-डोर कलेक्शन करेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना एके अरोड़ा ने पांचों क्लस्टर में अगले सात साल तक घरों से कूड़ा उठाने वाली कंपनी का चयन शीघ्र कर लिए जाने की उम्मीद जताई है।

# ऑनलाइन जमा कर सकेंगे कूड़ा कलेक्शन शुल्क

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन यूजर चार्ज अब उपभोक्ता ऑनलाइन ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। इस संबंध में गाजियाबाद नगर निगम ने ऑनलाइन सुविधा शुरू कर दी है। आपको बता दें कि प्रॉपर्टी टैक्स भी पहले से ही ऑनलाइन जमा हो रहा है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव सिन्हा ने बताया कि महापौर आशा शर्मा तथा नगर आयुक्त के कुशल नेतृत्व में शहर वासियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन यूजर चार्ज जमा कराने के लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया जा चुका है तथा बाइलॉज के अनुसार निर्धारित दरें जिन पर यूजर चार्ज ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।



गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर वासियों को दी जा रही सुविधा जिसमें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन प्रत्येक जोन में मोहल्लों के अंदर वाहनों के माध्यम से कराया जा रहा है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन यूजर चार्ज को कैटेगरी अनुसार वर्गीकृत करते हुए शुल्क निर्धारित किया गया है और उसी अनुसार पूर्व से ही बिल जारी किए जाते रहे हैं। समस्त भवन स्वामी अपना यूजर चार्ज बिल संबंधित जोन में उपस्थित होकर मैनुअली जमा करते थे परंतु शहर वासियों की सुविधा को देखते हुए वर्तमान में गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत स्थित समस्त भवनों से यूजर चार्ज की वसूली हेतु ऑनलाइन सॉफ्टवेयर तैयार हो गया है। उन्होंने बताया कि शहर वासियों की सुविधाओं को और अधिक बढ़ाते हुए पेमेंट गेटवे को सार्वजनिक बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से लिंक कराया गया है जिससे समस्त भवन स्वामी अपना यूजर चार्ज बिल की धनराशि गाजियाबाद नगर निगम सिम अंतर्गत स्थित किसी भी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में उपस्थित होकर भी भुगतान कर सकते हैं।

निगम द्वारा भवन स्वामियों से यह भी अपील की गई है कि अपना-अपना डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन यूजर चार्ज बिल संबंधित जोनल कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भुगतान कर सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं ।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर क्रैश बीम बैरियर लगाने के काम में तेजी

● हाईवे पर कम होंगे हादसे, 80 किमी तक फैलाया है जाल

"दिल्ली आईआईटी ने यमुना एक्सप्रेसवे के डिवाइडर के दोनों ओर क्रेश बीम बैरियर लगाने का सुझाव दिया था। यह काम लगभग आधा पूरा हो चुका है। बचे हुए काम को भी पूरा कराया जा रहा है।"
–डॉ अरुणवीर सिंह, सीईओ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे पर सबसे ज्यादा हादसे होते है। इन हादसों को रोकने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे के डिवाइडर के दोनों और क्रैश बीम बैरियर लगाने का 50 फीसदी काम पूरा हो गया है। एक्सप्रेसवे में 80 किलोमीटर तक क्रैश बीम बैरियर लगा दिए गए हैं। इसके अलावा सुरक्षा उपाय के लिए कई और काम पूरे कर लिए गए हैं। यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसों को रोकने के लिए यमुना प्राधिकरण ने आईआईटी दिल्ली से सुरक्षा ऑडिट कराया था। यह आडिट सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में गठित सुड़क सुरक्षा समिति के आदेश पर कराई गई थी। दिल्ली आईआईटी ने एक्सप्रेसवे का सुरक्षा आडिट करके अपनी रिपोर्ट यमुना प्राधिकरण को सौंप दी थी। आईआईटी की टीम ने हादसों को रोकने के लिए कई सुझाव दिए थे।

इसमें मुख्य सुझाव एक्सप्रेसवे के डिवाइडर के दोनों ओर क्रैश बीम बैरियर लगाने का था। आईआईटी का कहना था कि तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होने के बाद दूसरी तरफ सड़क पर पहुंच जाते हैं। इससे हादसा और बड़ा हो जाता है। इसलिए क्रैश बीम बैरियर लगाने का सुझाव दिया था। इस पर करीब 250 करोड़ रुपए खर्च होने हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसी महिला की अस्पताल में मौत

**नोएडा।** थाना एक्सप्रेस वे क्षेत्र के सेक्टर 128 स्थित जेपी अस्पताल में भर्ती गंभीर रूप से झुलसी महिला की मौत हो गई। थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि महिला दिल्ली की रहने वाली थी।

थानाध्यक्ष यतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली के राजेंद्र नगर की रहने वाली सोनिया कौशिक पत्नी आशीष कौशिक अपने घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में जल गई थीं। उन्हें नोएडा के जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर उपचार के दौरान बीती रात को उनकी मौत हो गई।

## अलग-अलग घटनाओं में 2 युवकों ने की आत्महत्या

**नोएडा।** नोएडा थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 19 में रहने वाले 24 वर्षीय युवक ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, वहीं थाना बिसरख क्षेत्र से भी एक युवक द्वारा आत्महत्या की घटना सामने आई है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 19 में रहने वाले शोभित गर्ग (24) पुत्र मुकेश गर्ग ने शुक्रवार रात को कथित तौर पर मानसिक तनाव के कारण घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

# कियोस्क लीज पर देगा नोएडा प्राधिकरण



**नोएडा।** नोएडा के अंदर कम पूंजी में व्यवसाय शुरू करने के लिए प्राधिकरण ने खास योजना निकाली है। नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-18 की मार्केट में 17 कियोस्क बनाए हैं।

जिसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने कियोस्क के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह कियोस्क व्यापारियों को लीज पर दी जाएंगी। यह योजना व्यवसाय शुरू करने वालों के लिए काफी लाभदायक है। नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-18 में बनी इन कियोस्क को बेचने की वजह लीज पर का फैसला किया है।

प्राधिकरण ने इन कियोस्क का किराया कम से कम 27 हजार रुपए सुनिश्चित किया है। प्राधिकरण ने 17 कियोस्क बनाए हैं यह सभी लोगों को लीज पर दिए जाएंगे। इनके आवंटन की प्रक्रिया भी प्राधिकरण द्वारा शुरू कर दी गई है। व्यापारी को इन कोशिकाओं को लीज पर ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से दी जाएंगी। अंतिम मासिक किराया बोली के बाद ही इन 17 कियोस्क का किराया तय किया जाएगा। लेकिन फिलहाल प्राधिकरण ने इन कियोस्क का किराया 27 हजार रुपए मासिक कम से कम तय किया है। इन कियोस्क के लिए ऑनलाइन नीलामी 28 दिसंबर को होगी। पिछले एक साल से इस योजना पर प्राधिकरण द्वारा कार्य किया जा रहा है। नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार संजय ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा इस तरह की खास योजना काफी लंबे समय के बाद निकाली गई है।

## संक्षिप्त समाचार



फिल्म फेस्टिवल के अंतिम दिन समारोह में कलाकारों का सम्मान

### 14वें ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल का समापन

**नोएडा।** अपने काम के प्रति लगन, मेहनत और ईमानदारी के साथ जज्बा होना बहुत जरूरी है अगर आप एक्टिंग की फील्ड में उतरना चाहते है तो क्योंकि यह एक ऐसी फील्ड है इसमें इंसान कब अर्श पर होता है और कब कब फर्श पर नजर आता है यह पता ही नहीं चलता यह कहना था लव स्टोरी, बेताब और अर्जुन जैसी फिल्मों का निर्माण करने वाले राहुल रवैल का जो 14वें ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल के अंतिम दिन समारोह में शिरकत करने पहुंचे और छात्रों से रूबरू हुए और उनके मन में उठ रहे सवालों के जवाब दिए। इस अवसर पर एक्टर अमित बहल, प्रोड्यूसर राजीव चौधरी, एक्टर जतिन सरना, अनूप बोस, डायरेक्टर आर्यन सिंह, एक्ट्रेस शायनी दीक्षित, सिंगर अंकित सचदेवा, एक्ट्रेस पायल घोष, निर्देशक अशोक त्यागी भी उपस्थित हुए। मारवाह स्टूडियो के निदेशक डॉ संदीप मारवाह ने कहा कि इस तीन दिन के समारोह में हमे बहुत सी महान विभूतियों के साथ बैठने का और सीखने का अवसर मिला। फेस्टिवल डायरेक्टर अशोक त्यागी ने समारोह को सफल बनाया।

### भूमि विवाद मामलों को शीघ्र निस्तारण कराएं : डीएम

**हापुड़।** शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। जनता की जो भी समस्याएं व शिकायतें हैं संबंधित अधिकारी त्वरित कार्यवाही करते हुए समयसीमा के अंतर्गत उसका निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने राजस्व, भूमि विवाद संबंधित मामलों को विशेष प्राथमिकता देते हुए समुचित निस्तारण कराएं जाने के निर्देश दिए, उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि इसमें कोई भी शिथिलता या लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। एक ही शिकायत के लिए फरियादी को बार-बार न आना पड़े। इस दौरान 39 शिकायतें आई।

### हापुड़: पड़ोसी के संदूक में मिला बच्ची का शव




**हापुड़।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर रोड स्थित मोहल्ला त्रिलोकी पुरम में दो दिन से लापता एक सात वर्षीय बच्ची की शव पड़ोस में एक ताला लगे मकान से पुलिस ने बरामद की है। बच्ची के शव मिलने से घर और मोहल्ले में कोहराम मच गया। मासूम के साथ दरिंदगी के बाद हत्या किये जाने की आशंका जतायी जा रही है। आपको बता दें कि हापुड़ के बुलन्दशहर रोड़ स्थित त्रिलोकपुरम् की गली नं 5 निवासी मेहराज की सात वर्षीय पुत्री दो दिन पूर्व संदिग्ध हालत में घर से लापता थी और परिजन थाने में गुमशुदगी की सूचना देने के बाद उसकी तलाश में लगे थे। शनिवार सुबह घर के आस-पास बदबू आने पर घर के बाहर भीड़ जुट गई, जिसकी सूचना पाकर आला अधिकारियों सहित भारी पुलिस बल ने तुरंत मौके पर पहुंच कर बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर लापता बच्ची के शव को संदूक से बरामद कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक सर्वेश मिश्रा ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ही मामला स्पष्ट हो सकेगा आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 20 दिसंबर से दिल्ली-नोएडा का सफर होगा मुश्किल

● तीन स्थानों पर मरम्मत के चलते दो महीने तक चलेगा काम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



आने वाले समय में दिल्ली-नोएडा सफर करना बेहद मुश्किल होने वाला है। तीन स्थानों पर निर्माण कार्य के चलते दिल्ली-नोएडा रूट पर सफर करने वालों को जाम से जूझना पड़ेगा।

नोएडा-दिल्ली फ्लाईओवर डीएनडी पर 20 दिसंबर से मरम्मत कार्य शुरू करने की योजना है। दरअसल, रिंग रोड पर आश्रम अंडरपास के निर्माण के साथ ही आश्रम फ्लाईओवर के एक्सटेंशन का कार्य चल रहा है। वहीं, डीएनडी पर बने गड्ढे भरे जाने हैं। साथ ही अफ्रीका एवेन्यू फ्लाईओवर के ज्वाइंट एक्सपेंशन की मरम्मत का कार्य भी चल रहा है। डीएनडी की सड़क कुछ स्थानों से टूटी है, जिस पर पैच वर्क का कार्य किया जाना है।

बताया जा रहा है कि करीब 2 महीने बाद ही लोगों को राहत मिल सकती है। डीएनडी पर कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट भी खराब हैं। उनकी मरम्मत का कार्य भी किया जाना है। डीएनडी फ्लाईवे से अफ्रीकन एवेन्यू फ्लाईओवर के बीच लगभग 15 किमी की दूरी में तीन स्थानों पर होने वाले इन कार्यों की वजह से आने वाले दिनों में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

इस रूट पर व्यस्त समय में सुबह और शाम के समय लगभग साढ़े तीन लाख वाहन गुजरते हैं। पीडब्ल्यूडी की ओर से यातायात पुलिस को पत्र लिखकर मरम्मत कार्य शुरू करने की सूचना दी गई है। यातायात पुलिस की ओर से जैसे ही मरम्मत कार्य के लिए ट्रैफिक व्यवस्था की जाएगी, कार्य शुरू कर दिया जाएगा। डीएनडी पर किलोकरी से लेकर टोल बूथ तक आने और जाने वाले दोनों मार्गों पर जगह.जगह गड्ढे हो गए हैं। पूरे मार्ग पर छोटे-बड़े 200 से अधिक गड्ढे हैं। क्षतिग्रस्त सड़क के कारण वर्तमान समय में यातायात धीमी गति से चलता है। नोएडा से दिल्ली आने और जाने वाले हजारों चालकों को जाम से रोज जूझना पड़ता है। सड़क पर गड्ढों के कारण यातायात प्रभावित होता ही है, वाहनों के अनियंत्रित होने का खतरा भी बना रहता है।

# मां ने ही अपनी छह साल की बेटी को मौत के घाट उतारा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा पुलिस ने एक सनसनीखेज मामले का खुलासा किया है। नोएडा में एक महिला ने अपनी 6 साल की बच्ची की हत्या करके शव को फेंक दिया था। इस मामले में पुलिस ने बच्ची की मां को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया है।

यह घटना काफी भयानक और रिश्तों को तार-तार करने वाली है। पुलिस ने बताया कि बीते 12 नवंबर को नोएडा के सेक्टर.93 में एक बच्ची का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

जांच में पता चला कि बच्ची का नाम नेहा शर्मा था, जो केवल 6 साल की थी। पुलिस ने इस मामले में काफी गंभीरता से जांच पड़ताल की। पुलिस ने बताया कि जांच पड़ताल करने के दौरान पुलिस ने 6 साल की बच्ची नेहा शर्मा की मां अनुराधा को गिरफ्तार किया और पूछताछ शुरू की। अनुराधा ने पूछताछ में बताया कि उसके पहले से ही 5 बेटियां हैं। उसका कोई भी बेटा नहीं है। जिसकी वजह से वह काफी परेशान थी।

# जेवर एयरपोर्ट पहुंचने का एक और रास्ता खुला, एनएचएआइ बनाएगा हाईवे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर एयरपोर्ट तक पहुंचने के विकल्पों को बढ़ाने के लिए एक और कदम बढ़ गया है। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे को एयरपोर्ट से जोड़ने, यमुना एक्सप्रेसवे पर इंटरचेंज बनाने और इंटरचेंज से टर्मिनल बिल्डिंग तक एलिवेटेड सड़क बनाने का काम एनएचआई करेगा।

इस पर होने वाले खर्च को कौन-कौन वहन करेगा, इस पर जल्द फैसला हो जाएगा। इसके बनने से हरियाणा और उत्तर प्रदेश दोनों को फायदा मिलेगा। पिछले दिनों लखनऊ में जेवर एयरपोर्ट की तक पहुंच बढ़ाने के लिए कौन-कौन से काम होने हैंए इसको लेकर बैठक हुई।

बैठक में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने को लेकर भी बात हुई। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने के साथ यमुना एक्सप्रेसवे पर इंटरचेंज और इंटरचेंज से लेकर टर्मिनल बिल्डिंग तक सड़क बनाने पर सहमति बन गई है। प्रदेश सरकार ने इसकी अनुमति दे दी है। अब इसके फंडिंग मॉडल पर जल्द फैसला हो जाएगा। बताया जाता है कि बैठक में फंडिंग को लेकर चर्चा हुई है।

# हिंडन पार क्षेत्र में एक दर्जन से भी अधिक अवैध निर्माण सील

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हॉट सिटी में अवैध निर्माणों के खिलाफ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में एक दर्जन से भी अधिक भूखंडों पर अवैध निर्माण के चलते उन्हें जीडीए के सचल दस्ते ने सील कर दिया ।

यह जानकारी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव श्री त्रिपाठी ने यहां दी। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन जॉन सात में सहायक अभियंता संजय मेहरोत्रा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। राजेंद्र नगर के विभिन्न भूखंडों पर अवैध निर्माण चल रहा था। यह अवैध निर्माण अनिल गुप्ता द्वारा चिकंबरपुर, साहिबाबाद आदि इलाकों में किए जा रहे थे, जिन्हें सभी को सील बंद कर दिया गया है । इस मौके पर प्राधिकरण की पुलिस भी मौजूद थी।

जीडीए अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने आम जनता से आग्रह किया है कि जीडीए की परमिशन के बिना कोई भी अवैध निर्माण माना जाएगा। इसलिए मानचित्र पास कराकर ही निर्माण कार्य कराएं।



अवैध निर्माण को सीलबंद करते हुए जीडीए कर्मचारी।

# दूसरा आगरा बनवाएगा यमुना विकास प्राधिकरण

● राया-टप्पल में शहर बसाने की चल रही कवायद, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम भी बनाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शिलान्यास होने के बाद यमुना सिटी का विकास काफी तेजी से होने लगा है। यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे टप्पल और राया के बाद नया आगरा शहर बसाया जाएगा।

इसको लेकर यमुना प्राधिकरण ने तेजी से तैयारी करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा यमुना प्राधिकरण इलाके में एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम भी बनाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे नए शहर बनाने की योजना चल रही है।

इन शहरों की दौड़ कनेक्टिविटी पर भी जोर दिया जा रहा है। हालांकि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने के बाद एयर कनेक्टिविटी तो मिल ही जाएगी लेकिन रोड कनेक्टिविटी भी बेहतर करने की तैयारी हो रही है। यमुना प्राधिकरण यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे तीन नए शहर स्थापित करेगा। जो टप्पलए राया और आगरा है। मिली जानकारी के अनुसारए यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे आगरा जिले की सीमा के पास यमुना प्राधिकरण की नया आगरा बनाने की योजना है। आगरा में बसने वाला नया शहर पर्यटन और उद्योग के केंद्र के तौर पर विकसित होगा। आगरा में दोनों गतिविधियों के लिए अपार संभावनाएं हैं। यमुना प्राधिकरण सबसे पहले इस शहर का मास्टर प्लान बनाएगा। यह इलाका एनसीआर से बाहर है। इसलिए इसका मास्टर प्लान एनसीआर प्लानिंग बोर्ड से भी पास नहीं कराना पड़ेगा। मास्टर प्लान पर प्रदेश सरकार की मुहर के बाद इस पर काम शुरू हो जाएगा। प्राधिकरण ने आगामी वित्तीय वर्ष में इस नये शहर का मास्टर प्लान बनवाने का लक्ष्य रखा है। यमुना प्राधिकरण अभी टप्पल अलीगढ़ और राया मथुरा में नए शहर बसाने की तैयारी कर रहा है। राया में नया वृंदावन शहर बसाया जाना है। इसकी डीपीआर बनाने के लिए आरएफपी रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल निकाला हुआ है। इसके लिए आवेदन करने वाली कंपनियां अगले हफ्ते प्रजेंटेशन देंगी।

# हेल्थकेयर सेक्टर में पीपीपी मॉडल कर सकते हैं चमत्कार : डॉ. उपासना

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



यशोदा अस्पताल की चेयरपर्सन डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में पीपीपी मॉडल पर सरकारी में निजी संस्थान संयुक्त रूप से काम करके चिकित्सा जगत में नया परिवर्तन कर सकते हैं।

अरोड़ा स्वास्थ्य सेवा में डिजिटल परिवर्तन के मार्ग में चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी । अरोड़ा ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा छेत्र के वरिष्ठ प्रबंधकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम स्वास्थ्य सेवा में तकनीकी व इलेक्ट्रॉनिक विकास के बारे में बात करना चाहते हैं तो हमें ग्रामीण स्तर या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर से शुरू होने वाले आम लोगों की बहुत ही बुनियादी स्वास्थ्य आवश्यकताओं को संबोधित करना शुरू करना होगा।

स्वास्थ्य राष्ट्र की संपत्ति है, प्रशिक्षित और कुशल नर्स, पैरामेडिकल और हेल्थकेयर कर्मी समय की जरूरत है और सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए और ऐसी अनुकूल नीतियां बनानी चाहिए। अध्ययन स्तर पर ही लोग स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में काम करने के लिए आकर्षित हों । उन्होंने आगे कहा कि अगर सरकारी और निजी हेल्थकेयर प्रदाता हाथ मिलाकर पीपीपी मॉडल पर काम करते हैं तो वे चमत्कार कर सकते हैं।

# ऐजाज के 10 विकेट लेने के कारनामे को क्रिकेट जगत ने किया सलाम

एजेंसी। मुंबई



न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर ऐजाज पटेल के टेस्ट मैच की एक पारी में सभी 10 विकेट लेने के शानदार कारनामे की क्रिकेट बिरादरी ने शनिवार को सराहना करते हुए इसे अविश्वसनीय और खास प्रयास करार दिया। मुंबई में जन्में पटेल यहां भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन टेस्ट की एक पारी में 10 विकेट लेने वाले दुनिया के तीसरे गेंदबाज बने। उनसे पहले यह कारनामा इंग्लैंड के जिम लेकर और भारत के अनिल कुंबले ने किया है। अपनी झोली में सभी 10 विकेटों के साथ पटेल न्यूजीलैंड के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड दिग्गज रिचर्ड हेडली के नाम था जिन्होंने 1985 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 52 रन देकर नौ विकेट लिए थे।

पाकिस्तान के खिलाफ 1999 में दिल्ली में दूसरी पारी के दौरान सभी 10 विकेट लेने वाले अनिल कुंबले ने ट्वीट किया, ऐजाज पटेल क्लब (10 विकेट लेने वालों) में आपका स्वागत है। परफेक्ट 10, शानदार गेंदबाजी। टेस्ट मैच के पहले और दूसरे दिन ऐसा करना बेहद ही खास उपलब्धि है। उन्होंने एक वीडियो में कहा, यहां से आप से उम्मीदें बढ़ेंगी। लोग अब आपसे 10 विकेट लेने की उम्मीद करेंगे। इंग्लैंड के लेकर ने 1956 में पहली बार इस दुर्लभ उपलब्धि को अपने नाम किया था। 33 साल के पटेल इसके साथ ही भारतीय के दौरे पर आए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बन गए। उन्होंने 2017 में ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन (50 रन देकर आठ विकेट) के प्रदर्शन को पीछे छोड़ा। इस मैच में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डौल ने ट्विटर पर लिखा, मुझे अपनी 15 साल की कमेंट्री में न्यूजीलैंड की ओर से कुछ अविश्वसनीय चीजें देखने का सौभाग्य मिला है और आज भी कुछ वैसा ही है। ऐजाज पटेल यह खास उपलब्धि है। भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने ट्वीट किया, क्रिकेट के खेल में सबसे कठिन चीजों में से एक। एक पारी में पूरी टीम को आउट करना सच में बहुत खास है। यह अविश्वसनीय जैसा है। शाबाश: ऐजाज पटेल। ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवर प्रारूप के कप्तान आरोन फिंच ने कहा, यह सबसे आश्चर्यजनक चीजों में से एक है जिसे मैंने कभी देखा है। ऐजाज पटेल, क्या शानदार प्रदर्शन है। अपने दिनों में बल्लेबाजों को मुश्किल में डालने वाले अनुभवी ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा, ऐजाज पटेल 47.5-12-119-10 इस प्रदर्शन को हमेशा याद किया जाएगा, बेहद ही शानदार, मैं खड़े होकर ताली बजाना चाहता हूं।

## मेरी किस्मत में ही था कि मुंबई में यह उपलब्धि हासिल करूं: ऐजाज पटेल

**मुंबई।** न्यूजीलैंड के स्पिनर ऐजाज पटेल ने शनिवार को अपने जन्मस्थल पर ही भारत की पारी में सभी 10 विकेट चटकाने की उपलब्धि हासिल करने के बाद कहा कि उनकी किस्मत में था कि वह मुंबई में ही ऐसा करें। अपने माता-पिता के साथ 1996 में मुंबई से न्यूजीलैंड में जा बसे 33 साल के पटेल ने भारत की पहली पारी में 47-5 ओवर में 119 रन देकर दस विकेट लिए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने वाले इंग्लैंड के जिम लेकर और भारत के अनिल कुंबले जैसे दिग्गजों की बराबरी कर ली। पटेल ने इस उपलब्धि के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह सपने की तरह है और अपने कॅरियर में यह उपलब्धि हासिल करना बहुत विशेष है। मेरी किस्मत में ही था कि मैंने यह उपलब्धि मुंबई में ही हासिल की। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह काफी विशेष मौका है, सिर्फ मेरे लिए ही नहीं बल्कि मेरे परिवार के लिए भी। मेरा दुर्भाग्य है कि वे कोविड-19 के कारण यहां मेरे साथ नहीं हैं। साथ ही मैं इस शानदार उपलब्धि में कुंबले सर के साथ शामिल हो गया हूं। यह पूछने पर कि उन्होंने जो 10 विकेट हासिल किए, उनमें से कौन सा विकेट विशेष था, तो उन्होंने कहा, कोई विशेष नहीं, सिर्फ उसी तरह की गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहा था।

# ऐजाज के परफेक्ट 10 के बाद भारतीय गेंदबाजों ने कसा शिकंजा

एजेंसी। मुंबई



**62** रन पर सिमटी न्यूजीलैंड की पूरी टीम

47.5 ओवर में 119 रन देकर ऐजाज ने लिए दस विकेट

1999 में 26.3 ओवर में 74 रन देकर कुंबले ने अपने नाम किए थे दस विकेट

1956 में लेकर ने 51.2 ओवर में 53 रन देकर झटके थे 10 विकेट

दूसरी पारी में बिना नुकसान के भारतीय टीम ने बनाए 69 रन

मुंबई में जन्में न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर ऐजाज पटेल ने भारतीय पारी के सभी दस विकेट लेकर इतिहास रच दिया, लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन न्यूजीलैंड पारी को 62 रन पर समेटकर मेजबान को पहली पारी में 263 रन की विशाल बढ़त दिला दी। न्यूजीलैंड टीम फॉलोआन नहीं बचा सकी थी, लेकिन भारतीय कप्तान विराट कोहली ने दोबारा बल्लेबाजी का फैसला किया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 69 रन बना लिए थे। पहली पारी के शतकवीर मयंक अग्रवाल 38 और चेतेश्वर पुजारा 29 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत के पास अब 332 रन की विशाल बढ़त हो गई है, जबकि तीन दिन का खेल बाकी है।

इससे पहले न्यूजीलैंड की पारी सिर्फ 28-1 ओवर तक चली और भारत के खिलाफ किसी टीम का यह न्यूनतम टेस्ट स्कोर है। न्यूजीलैंड के लिए यह दिन कभी खुशी कभी गम वाला रहा जहां एक ओर पटेल ने गेंदबाजी में इतिहास रचा तो बल्लेबाजों ने भी ऐसा रिकॉर्ड टीम के नाम किया जिसे वे कभी याद नहीं रखना चाहेंगे। भारत ने मयंक अग्रवाल के 150 रन और अक्षर पटेल (52) के पहले अर्धशतक की मदद से पहली पारी में 325 रन बनाए। विकेट से मिल रही उछाल और टर्न का पूरा फायदा उठाते हुए भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन ने आठ ओवर में आठ रन देकर चार विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज को तीन, अक्षर पटेल को दो और जयंत यादव को एक विकेट मिला। न्यूजीलैंड के लिए ऐजाज ने रिकॉर्ड पुस्तिका में अपना नाम दर्ज कराते हुए 47.5 ओवर में 119 रन देकर दस विकेट लिए। किसी विदेशी गेंदबाज का भारत में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पटेल ने इंग्लैंड के जिम लेकर और भारत के अनिल कुंबले जैसे दिग्गजों की बराबरी कर ली। लेकर ने 1956 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैनचेस्टर में यह कमाल किया था। उन्होंने 51.2 ओवर में 53 रन देकर दस विकेट लिए थे। वहीं कुंबले ने पाकिस्तान के खिलाफ दिल्ली में फरवरी 1999 में 26.3 ओवर में 74 रन देकर दस विकेट लिए थे।

## अपने कॅरियर का 11वां टेस्ट खेल रहे हैं पटेल

अपने कॅरियर का 11वां टेस्ट खेल रहे पटेल ने शनिवार से पहले पारी के पांच विकेट लेने का कमाल दो बार किया था। उन्होंने मोहम्मद सिराज को आउट करके अपना दसवां विकेट लिया, जो भारतीय मूल के ही रचिन रविंद्र को कैच देकर लौटे। भारतीय ड्रेसिंग रूम में अश्विन ने खड़े होकर उनकी इस उपलब्धि का अभिवादन किया और अंपायरों ने उन्हें वह गेंद भी सौंप दी। वहीं न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत से वंचित करते हुए सिराज ने विल यंग को सीधी गेंद पर आउट किया, जबकि टॉम लैथम उनके बाउंसर पर चकमा खा गए। रोस टेलर उनका तीसरा शिकार हुए। सिराज एक समय हैट्रिक पर थे, लेकिन हेनरी निकोल्स के खिलाफ पगबाधा की उनकी जोरदार अपील खारिज हो गई। न्यूजीलैंड ने तीन विकेट 17 रन पर गंवा दिए। कीवी बल्लेबाज भारत के किसी गेंदबाज का सामना नहीं कर पा रहे थे। जयंत को चाय से ठीक पहले विकेट मिली। चाय के बाद न्यूजीलैंड ने छह विकेट 24 रन के भीतर गंवा दिए जिनमें से तीन विकेट अश्विन ने लिए। कीवी टीम के लिए सिर्फ लैथम (10) और काइल जैमीसन (17) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

# यामागुची को हराकर सिंधू बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के फाइनल में

एजेंसी। बाली



जापान की अकाने यामागुची को शनिवार को कठिन मुकाबले में हराकर भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू ने बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के फाइनल में प्रवेश कर लिया। मौजूदा विश्व चैंपियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने यह रोमांचक मुकाबला 21-15, 15-21, 21-19 से जीता। वह रविवार को फाइनल में कोरिया की एन सेयंग से भिड़ेंगी जिन्होंने थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को दूसरे सेमीफाइनल में 25-23 21-17 से हराया। वह सत्र के इस आखिरी टूर्नामेंट के फाइनल में तीसरी बार पहुंची है। उन्होंने 2018 में यह खिताब जीता था और यह उपलब्धि अपने नाम करने वाली वह अकेली भारतीय हैं।

दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू का तीसरे नंबर की जापानी खिलाड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड 12-8 का था। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद सिंधू फ्रेंच ओपन, इंडोनेशिया मास्टर्स और इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंची। वह मार्च में स्विस ओपन फाइनल हार गई थी। वह मार्च में स्विस ओपन में उप विजेता रही थीं। लेकिन सेयंग के खिलाफ फाइनल सिंधू के लिए आसान नहीं होगा क्योंकि दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी इंडोनेशिया मास्टर्स और इंडोनेशिया ओपन में लगातार खिताब जीतने के बाद सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में पहुंची हैं। सेयंग ने अक्टूबर में डेनमार्क ओपन के क्वार्टरफाइनल में भी सिंधू को हराया था। यामागुची के खिलाफ सिंधू पहले गेम में 0-4 से पिछड़ रही थीं, लेकिन वह तेजी से 4-4 से बराबरी करने और फिर इसे 9-9 करने में सफल रहीं। दोनों बराबरी पर चल रही थीं पर सिंधू ने 15-14 की बढ़त को 18-15 कर दिया। इसके बाद उन्होंने लगातार तीन अंक जुटाकर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में कड़ी टक्कर रही जिसमें दोनों खिलाड़ी 10-10 से बराबरी पर थीं। पर यामागुची ने बिना किसी परेशानी के इसे जीत लिया। निर्णायक गेम में सिंधू और यामागुची 5-5 पर बराबरी पर थी। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने लगातार सात अंक जुटा लिए। जापानी खिलाड़ी ने वापसी करने की कोशिश की और अंतर 11-13 कर दिया। पर सिंधू 17-12 से आगे हो गईं। यामागुची भी आसानी से हार मानने वाली नहीं थीं, उन्होंने स्कोर 19-19 से बराबर कर दिया। वहीं सिंधू ने अपना सर्वश्रेष्ठ अंत के लिए बचा रखा था और उन्होंने लगातार दो अंक जुटाकर तीसरा गेम जीतकर मैच जीत लिया। युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन पुरूष एकल के सेमीफाइनल में डेनमार्क के मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन से भिड़ेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जूनियर हॉकी विश्वकप में कनाडा 13वें और अमेरिका 15वें स्थान पर रहा

**भुवनेश्वर।** कनाडा ने शनिवार को यहां एफआईएच (विश्व हॉकी महासंघ) जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप के वर्गीकरण मैच में चिली को 2-1 से हराकर शनिवार को 13वां स्थान हासिल किया। कनाडा ने जॉन जैकोबी (40वें मिनट) और तनवीर कांग (52वें मिनट) के मैदानी गोल के जरिए यहां के कलिंगा स्टेडियम में 13वें-14वें स्थान के प्ले-ऑफ मैच में करीबी जीत हासिल की। चिली की ओर से एकमात्र गोल अगस्टिन अमोरेसो ने 57वें मिनट में पेनल्टी कार्नर से किया। वर्गीकरण के एक अन्य मैच में पूर्व भारतीय खिलाड़ी एवं कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में अमेरिका ने पेनल्टी शूट-आउट में मिस्र को 3-0 से हराकर अपने अभियान को 15वें स्थान पर खत्म किया। मिस्र की ओर से दोनों गोल पहले और 24वें मिनट में अब्देलरहमान एल्गनायनी ने किए। अमेरिका की टीम चौथे और आखिरी क्वार्टर में दो गोल से पिछड़ रही थी लेकिन टायमैन क्लोएन ने 53वें और 60वें मिनट में गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। जिसके बाद मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। अमेरिका के लिए यह टूर्नामेंट में पहली जीत है।

### डब्ल्यूबीसी इंडिया खिताब के लिए भिड़ेंगे आकाशदीप-सबारी

**हैदराबाद।** भारतीय मुक्केबाज आकाशदीप सिंह और सबारी जे रविवार को यहां पहली विश्व मुक्केबाजी परिषद (डब्ल्यूबीसी) भारत वेल्टरवेट खिताब के लिए एक दूसरे के सामने होंगे जो देश के पेशेवर मुक्केबाजी सर्किट के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। पटियाला में जन्में आकाशदीप दोनों में ज्यादा अनुभवी हैं जो नौ मुकाबले खेल चुके हैं। वहीं चेन्नई में जन्में सबारी सर्किट में अभी तक पांच बार ही खेले हैं। इस मुकाबले को हैल्स बे का नाम दिया गया है जिसमें डब्ल्यूबीसी एशिया रजत पदक मुकाबला भी होगा और इसके अलावा यहां गाचीबावली स्टेडियम में विभिन्न वजन वर्गों के चार अन्य मुकाबले भी खेले जाएंगे जिन्हें भारतीय मुक्केबाजी परिषद से मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय मुक्केबाजी परिषद के अध्यक्ष ब्रिगेडियर पीकेएम राजा ने कहा, दोनों मुक्केबाज पिछले दो वर्षों से पेशेवर सर्किट में हिस्सा ले रहे हैं और दोनों ने अपार क्षमता दिखाई है। यह उनके वजन वर्ग का पहला खिताबी मुकाबला होगा।

### बाबर की अर्धशतकीय पारी से पाकिस्तान की ठोस शुरुआत

**ढाका।** कप्तान बाबर आजम की 60 रन की नाबाद पारी से पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शनिवार को यहां पहले दिन का खेल खत्म होने तक 57 ओवर में दो विकेट पर 161 रन बनाकर ठोस शुरुआत की है। बारिश के कारण पहले दिन 57 ओवर को ही खेल हो सका। स्टंप्स के समय बाबर के साथ अजहर अली 36 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए अब तक 91 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। बाबर ने पारी के 50वें ओवर में मेहदी हसन मेराज (बिना किसी सफलता के 31 रन) की गेंद पर दो रन लेकर टेस्ट करियर का 19वां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 99 गेंद की अपनी नाबाद पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। अधिक सतर्कता से बल्लेबाजी कर रहे अजहर ने 112 गेंद की अब तक की पारी में चार चौके लगाए है। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद आबिद अली और अब्दुल्ला शफीक ने पहले विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी कर पाकिस्तान को अच्छी शुरुआत दिलाई। तैजुल इस्लाम ने पारी के 19वें ओवर में शफीक को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। शफीक ने 50 गेंद में 25 रन बनाए। उन्होंने इसके बाद आबिद को भी बोल्ड कर उनकी 81 गेंद में 39 रन की पारी को खत्म किया। इस्लाम ने 17 ओवर में 49 रन देकर दो विकेट लिए है। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही दो मैचों की इस श्रृंखला का पहला मैच पाकिस्तान ने आठ विकेट से अपने नाम किया था।

### आउट नहीं थे कोहली: वॉर्न

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन भले ही टीवी अंपायर ने भारतीय कप्तान विराट कोहली के खिलाफ पगबाधा के फैसले को नहीं पलटा लेकिन महान स्पिनर शेन वॉर्न का मानना है कि कोहली आउट नहीं थे। कोहली को मैदानी अंपायर ने पगबाधा आउट करार दिया था क्योंकि बल्ला और पैड गेंद के बहुत करीब लग रहे थे। वॉर्न ने ट्वीट किया, वह बिल्कुल आउट नहीं था। हम अक्सर तकनीक और उसके सटीक इस्तेमाल की बात करते हैं। समस्या तकनीक को समझने में है। यहां गेंद बल्ले को टकराकर गई थी। बाएं हाथ के स्पिनर ऐजाज पटेल की गेंद को कोहली ने आगे बढ़कर रक्षात्मक ढंग से खेलने का प्रयास किया था। अंपायर अनिल चौधरी ने उन्हें पगबाधा आउट दिया जिस पर भारतीय कप्तान ने तुरंत रिव्यू लिया। टीवी अंपायर वीरेंदर शर्मा ने भी गेंदबाज के पक्ष में फैसला लिया जिस पर कोहली काफी नाराज दिखे। उन्होंने लेग अंपायर नितिन मेनन से बात भी की और अपनी नाराजगी जाहिर करते दिखे।

# एनसीए प्रमुख के लिए वीवीएस लक्ष्मण को करना होगा आवेदन : बीसीसीआई

एजेंसी। कोलकाता



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शनिवार को यहां कहा कि भारत के पूर्व महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण को राहुल द्रविड़ की जगह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का अध्यक्ष बनने के लिए प्रक्रिया से गुजरना होगा। पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात में टीम के टी-20 विश्वकप से बाहर होने के बाद द्रविड़ के टीम इंडिया के मुख्य कोच के रूप में पदभार संभालने के बाद एनसीए का शीर्ष पद खाली हो गया था।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने यहां बोर्ड 90वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के बाद एजेंसी से कहा, हम एनसीए की नियुक्ति के लिए विज्ञापन देंगे। पहले उन्हें (वीवीएस) इस पद के लिए आवेदन करना होगा। पूर्व दिग्गज द्रविड़ को भी भारत का मुख्य कोच बनने से पहले इसी तरह की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा था। लक्ष्मण पहले हैदराबाद से बेंगलुरु जाने में दिलचस्पी नहीं ले रहे थे, लेकिन बाद में इसके लिए मान गए। वह पहले ही आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद के संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका से इस्तीफा दे चुके हैं। लक्ष्मण को इस पद पर आने से पहले हितों के टकराव से बचने के लिए अखबारों में कॉलम लिखना और कमेंट्री करना बंद करना होगा। लक्ष्मण की नियुक्ति एजीएम में चर्चा के बिंदुओं में से एक थी। अगले साल होने वाली आईपीएल 2022 की बड़ी नीलामी (खिलाड़ियों के लिए) के मुद्दे पर शाह ने कहा, आईपीएल संचालन समिति इस पर फैसला करेगी। बीसीसीआई ने सीवीसी कैपिटल की जांच के लिए एक तटस्थ पैनल का भी गठन किया है, जिसने अहमदाबाद फ्रेंचाइजी के लिए अदानी समूह को पीछे छोड़ दिया था। कंपनी ने नीलामी में 5625 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह कंपनी हालांकि भारत के बाहर कुछ सट्टेबाजी कंपनियों के साथ कथित संबंधों को लेकर सुर्खियों में है।

# भारत को महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में जीत के साथ आगाज की उम्मीद

एजेंसी। डोंगहे (दक्षिण कोरिया)

भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को थाईलैंड के खिलाफ एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में उतरेगी, तो उसका इरादा शानदार जीत के साथ अपने अभियान का आगाज करने का होगा। टोक्यो ओलंपिक में पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहने के बाद भारत का यह पहला टूर्नामेंट है। भारत ने 2016 में एसीटी खिताब जीता था, लेकिन 2018 में इसी शहर में फाइनल में मेजबान से हार गई थी।

कप्तान और गोलकीपर सविता ने कहा कि टीम चुनौती के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, टीम का फोकस इस समय अच्छी शुरुआत पर है। यह ओलंपिक के बाद हमारा पहला टूर्नामेंट है और पहले मैच से पूर्व बेचैनी रहती ही है। एक पूल की प्रतियोगिता में भारत के अलावा चीन, कोरिया, जापान और मलेशिया भी खेल रहे हैं। अपने विरोधियों के बारे में सविता ने कहा, हमें मेजबान कोरिया से कड़ी चुनौती मिलेगी। इसके अलावा चीन या एशियाई खेल स्वर्ण पदक विजेता जापान को भी हलके में नहीं ले सकते। उन्होंने कहा, यहां पहुंचने के बाद हालात के अनुरूप ढलने के लिए हमने अभ्यास किया है। यह खूबसूरत स्टेडियम है और हम इस पिच पर पहले भी खेल चुके हैं। मौसम बहुत ठंडा है और इसके अनुकूल ढलना सबसे बड़ी चुनौती है।

# 'शुभमन ने दिखा दिया कि हर क्रम पर बल्लेबाजी की तकनीक उसके पास है'

एजेंसी। मुंबई



भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि शुभमन गिल के पास भारतीय टेस्ट टीम में किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी की तकनीक और तेवर हैं, लेकिन उसे अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में बदलना होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट में 52 रन बनाने वाले गिल मुंबई टेस्ट में भी बड़ी पारी की ओर बढ रहे थे लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर ऐजाज पटेल ने उन्हें आउट कर दिया। क्या गिल के पास दक्षिण अफ्रीका में मध्यक्रम में अच्छी बल्लेबाजी करने की तकनीक है, यह पूछने पर तेंदुलकर ने एजेंसी से कहा, जहां तक तकनीक की बात है तो अलग अलग पिच पर अलग-अलग तरह की चुनौतियां होती है। मेरा मानना है कि शुभमन को फायदा है कि उसने ब्रिसबेन में 91 रन की पारी खेली है जहां हमने टेस्ट जीता था।

उन्होंने कहा, उसके पास कठोर और उछाल भरी पिचों पर खेलने का अनुभव है। तकनीक को लेकर कोई मसला नहीं है। उसने अच्छी शुरुआत की है, लेकिन अब इसे बड़ी पारियों में बदलने का समय आ गया है। तेंदुलकर ने कहा कि गिल को शतक को लेकर बहुत दबाव लेने की जरूरत नहीं है क्योंकि उसके भीतर रनों की भूख है। उन्होंने कहा, टीम में आने के बाद यह बड़े स्कोर बनाने की भूख की बात होती है जो उसके भीतर है। उसे बस अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में बदलना है और इसके लिए एकाग्रता नहीं खोनी है। कानपुर और मुंबई दोनों टेस्ट में वह अच्छी गेंद पर आउट हुआ। वह सीखने की प्रक्रिया में है और सीख रहा है। उन्होंने पदार्पण टेस्ट में शतक जमाने वाले श्रेयस अय्यर की तारीफ करते हुए कहा, उसने मौके का पूरा फायदा उठाया। एक समय तक स्कोर अधिक नहीं था जिसके बाद उसने यादगार पारी खेली और भारत को जीत के लगभग करीब पहुंचा दिया। दोनों पारियां अहम थी।

**भारत का दक्षिण अफ्रीका दौरा छोटा**

# टी-20 श्रृंखला बाद में, रवानगी एक हफ्ता टली

एजेंसी। कोलकाता



भारतीय क्रिकेट टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा होगा, लेकिन कार्यक्रम में कुछ बदलाव किए गए हैं, जिसके तहत टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच अभी नहीं खेले जाएंगे और टीम की रवानगी भी एक सप्ताह के लिए टाल दी गई है। दोनों बोर्ड ने कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के आने के बाद इस दौरे को लेकर लग रही अटकलों पर विराम देते हुए शनिवार को यह घोषणा की। भारतीय टीम अब तीन टेस्ट और तीन वनडे खेलेगी और दक्षिण अफ्रीका नए कार्यक्रम के अनुसार स्थलों की घोषणा अगले 48 घंटे में करेगा। टीम को चार टी-20 मैच भी खेलने थे जो अब बाद में खेले जाएंगे।

भारतीय टीम को पहले नौ दिसंबर को रवाना होना था, लेकिन अब यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है, जिसके मायने हैं कि पहलाा टेस्ट मूल कार्यक्रम के अनुसार 17 दिसंबर से जोहानिसबर्ग में नहीं हो सकेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों की सालाना आम सभा की बैठक के लिए हुई मुलाकात के बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह और सीएसए ने यह बयान दिया। शाह ने बयान में कहा, बीसीसीआई ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका को इसकी पुष्टि कर दी है कि भारतीय टीम तीन टेस्ट और तीन वनडे के लिए जाएगी। चार टी-20 मैच बाद में खेले जाएंगे। सीएसए ने कहा, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका इसकी पुष्टि करता है कि भारतीय टीम का दौरा मूल कार्यक्रम के अनुसार ही होगा। थोड़े बहुत बदलाव किए गए है मसलन भारतीय टीम के आने का समय। अब भारतीय टीम एक सप्ताह विलंब से आएगी। इसने आगे कहा, यह दौरा कड़े कोरोना प्रोटोकॉल के साथ होगा। सीएसए ने साफ तौर पर कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा को देखकर ही वेन्यू का चयन होगा। उन्होंने कहा, मैचों के आयोजन स्थलों का चयन जैव सुरक्षित माहौल को ध्यान में रखकर किया जाएगा। इसे लेकर फैसला खिलाड़ियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखकर ही होगा। हमारा मुख्य फोकस सुरक्षा पर रहेगा जिसके तहत प्रवेश के कड़े नियम और बायो बबल के बाहर सीमित गतिविधियां शामिल है।

## दक्षिण अफ्रीका से ही निकला है कोरोना का नया वैरिएंट

कोरोना वायरस का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन दक्षिण अफ्रीका से ही निकला है और देश में इसके मामले बढ़ते जा रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका में प्रतिदिन 200 नए मामले आ रहे हैं और शुक्रवार को कुल 16000 मामले थे। नीदरलैंड टीम ने अपना दौरा हाल ही में बीच में छोड़ दिया था। सीएसए को अपने घरेलू मैच भी स्थगित करने पड़े क्योंकि कुछ खिलाड़ी पॉजिटिव पाए गए थे। भारत ये टीम हालांकि दक्षिण अफ्रीका में ही है, जिससे सीनियर टीम का दौरा रद्द नहीं होने की उम्मीद बंधी थी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका से उड़ानें भी बंद नहीं की है हालांकि उसे जोखिम वाली श्रेणी में रखा है। भारतीय टीम का दौरा रद्द होने पर दक्षिण अफ्रीका को भारी आर्थिक नुकसान होता। सीएसए के कार्यवाहक सीईओ फोलेत्सी मोसेकी ने कठिन समय में साथ खड़े होने के लिए बीसीसीआई को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मैं क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका और भारतीय क्रिकेट बोर्ड दोनों को धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने इस दौरे को कराने के लिए अथक प्रयास किए। अनिश्चितता के इस दौर में भी दोनों बोर्ड ने उम्मीदें बनाएं रखीं और हमें आश्वस्त किया कि यह दौरा होगा।

# बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेगी भारतीय हॉकी टीमें

एजेंसी। भुवनेश्वर

भारत ने अगले साल होने वाले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की हॉकी स्पर्धाओं में टीमें नहीं भेजने का अपना फैसला वापिस ले लिया है और क्वालीफाई करने पर वह अपनी टीमें भेजेगा। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोरोना महामारी और राष्ट्रमंडल तथा एशियाई खेलों के बीच अधिक समय नहीं होने के कारण हॉकी इंडिया ने इस साल की शुरूआत में 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में टीमें नहीं भेजने का फैसला किया था।

भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा और खेलमंत्री अनुराग ठाकुर के दखल के बाद यह फैसला बदला गया। दोनों ने राष्ट्रमंडल खेलों की हॉकी स्पर्धा में भारत की भागीदारी की गारंटी दी थी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 28 जुलाई से आठ अगस्त तक होने हैं, जबकि एशियाई खेल 10 सितंबर से शुरू होंगे। सीजीएफ अधिकारी ने कहा, आईओए ने सीजीएफ अध्यक्ष से कहा है कि टीमों के क्वालीफाई करने पर वे उन्हें इन खेलने के लिए भेजेंगे। भारत के खेल मंत्री ने दखल दिया है और मैं समझता हूं कि वह काफी प्रभावशाली है। सीजीएफ अध्यक्ष आईओए अध्यक्ष से लगातार संपर्क में हैं। खेलमंत्री ठाकुर ने इससे पहले मंत्रालय से पूछे बिना खेलों से पीछे हटने के हॉकी इंडिया के फैसले की आलोचना की थी।

# कृषि कानूनों की वापसी के बाद किसान नेताओं में क्रेडिट की लड़ाई

**केंद्र सरकार द्वारा तीनों कृषि कानूनों को रद्द कर दिए जाने के बाद इस जीत को लेकर किसान संगठनों में ठन गई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों का नेतृत्व करने वाले किसान नेता राकेश टिकैत जहां इस जीत का सेहरा खुद बांधना चाहते है वहीं हरियाणा और पंजाब के किसान नेता अपने आपको इस जीत का हीरो बता रहे है।**



सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )

केंद्र सरकार द्वारा तीनों कृषि कानूनों को रद्द कर दिए जाने के बाद इस जीत को लेकर किसान संगठनों में ठन गई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों का नेतृत्व करने वाले किसान नेता राकेश टिकैत जहां इस जीत का सेहरा खुद बांधना चाहते है वहीं हरियाणा और पंजाब के किसान नेता अपने आपको इस जीत का हीरो बता रहे है। कई किसान संगठन अब आंदोलन वापसी के पक्ष में दिखाई दे रहे है। वहीं कुछ संगठन जिनमें राकेश टिकैत, गुरनाम सिंह चढूनी जैसे नेता शामिल है, एमएसपी सहित अन्य मांगों के मांगे जाने तक आंदोलन स्थल से हटना नहीं चाहते।

गौरतलब है कि पंजाब के 32 किसान संगठनों में से एक दर्जन से ज्यादा कैप्टन अमरिंदर सिंह की सलाह पर आंदोलन वापसी पर अंदरखाने सहमति हो गए है। सूत्रों का कहना है कि शनिवार को कैप्टन सिंह की भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से जो बैठक तय थी, उसमें एक फार्मूला निकाल कर ऐसे किसान नेताओं को कैप्टन की पार्टी (जो भविष्य में भाजपा के साथ गठबंधन की तैयारी कर रही है) से टिकट देकर राजनीति में लाया जाएगा। भाजपा को भी अब अकाली दल से किनारा करने के बाद कैप्टन का साथ अच्छा लग रहा है। अगर अमरिंदर सिंह और भाजपा की यह जुगलबंदी सफल हो जाती है, तो पंजाब के आधे से ज्यादा संगठन आंदोलन से पीछे हट सकते है, जबकि दूसरी ओर राकेश टिकैत और उनकी राय सह सहमति रखने वाले कुछ अन्य किसान संगठन उत्तर प्रदेश और पंजाब के चुनावों तक आंदोलन जारी रखने के पक्ष में है। इन किसान नेताओं में भी आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर दो मत है। कुछ संगठन जहां कांग्रेस, समाजवादी व वामपंथी पार्टियों के पक्ष में माहौल

मंथन



तैयार कर रहे है व उनके इशारों पर इस आंदोलन को जारी रखना चाहते है वहीं गुरनाम सिंह चढूनी व पंजाब के करीब एक दर्जन संगठन कांग्रेस को हर हालत में पंजाब में हराना चाहते है। कुछ किसान नेता तो किसानों की खुद की पार्टी बनाकर चुनाव लड़ने के पक्ष में है। कुल मिलाकर किसान संगठनों के नेता आंदोलन वापसी के मुद्दे और चुनाव लड़ने और समर्थन देने के मुद्दे पर अलग-अलग हो गए है। दूसरे शब्दों में उनमें अब फूट पड़ गई है क्योंकि मोदी सरकार ने किसी भी किसान नेता को कृषि कानूनों की वापसी के मुद्दे पर महत्व नहीं दिया और गुरु पूरब के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद ही मंच से घोषणा कर इसकी वापसी का ऐलान कर दिया।

अब रही बात अन्य मुद्दों की तो इसके लिए भी राकेश टिकैत जैसे अन्य किसान नेताओं को महत्व न देते हुए संयुक्त किसान मोर्चा से केंद्र सरकार ने बात करने के पांच प्रतिनिधियों के नाम मांग लिए यानी अब आंदोलनरत 40 किसान संगठनों में से मात्र 5 प्रतिनिधि ही केंद्र सरकार से बात करेंगे, ऐसे में 5 प्रतिनिधियों पर सहमति बनाना किसान संगठनों के लिए आसान नहीं है क्योंकि हर संगठन केंद्र सरकार से होने वाली बातचीत में भाग लेना चाहता है ताकि वो इस बात का क्रेडिट ले सके कि उनके संगठन ने किसानों की मांगें मनवाने में अहम भूमिका निभाई है, फिलहाल इस मुद्दे पर क्रेडिट लेने की किसान नेताओं में होड़ लगी है, जबकि राकेश टिकैत पूरे क्रेडिट को अकेले ही अपने नाम करना चाहते है।

## नौकरियों में घोटालों पर सरकार को घेर रहा विपक्ष

**हरियाणा** की गठबंधन सरकार नौकरियों में भर्ती घोटाले को लेकर मुश्किल में है। विपक्ष को घर बैठे मुख्यमंत्री को घेरने का अहम मुद्दा मिल गया है। गौरतलब है कि हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग में नौकरियों को लेकर हुए घोटालों पर अब विपक्ष के अलावा केंद्र सरकार भी संज्ञान ले रही है।




गौरतलब है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल अक्सर अपने संबोधनों में बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी दिए जाने का दावा करते रहे है, लेकिन उन्हीं के कार्यकाल में ऐसे कई मामले उजागर हो चुके है, जिसमें बेलगाम अफसरशाही ने अपने घोटालों से सरकार की नाक नीची करके रख दी है। विपक्षी नेताओं को कहना है कि मुख्यमंत्री केवल यह कहकर पल्ला नहीं झाड़ सकते कि वे जांच करा रहे है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री के पास प्रदेश की सीआईडी विभाग भ्रष्ट अफसरों की खबरें नहीं पहुंचा रहा और अगर कोई जानकारी पहुंच भी रही है, तो सीएम कार्यालय में तैनात करके करीबी और अधिकारी उन्हें रफा-दफा कर देते है, ताकि वो भी बहती गंगा में हाथ धो सके।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर अपनी कुर्सी बचाने के लिए जननायक पार्टी और निर्दलीय विधायकों को मैनेज करने में व्यस्त रहते है, जबकि भ्रष्ट नौकरशाही प्रदेश में इस माहौल का भरपूर फायदा उठा रहे है। भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में नौकरी भर्ती के मामले उजागर हुए थे, तब केवल भाजपा की सरकार थी, तब विपक्षी नेताओं ने सरकार की नौकरी भर्ती प्रक्रिया पर जमकर आरोप लगाए थे। कांग्रेसी नेता रणदीप सुरजेवाला का कहना है कि हरियाणा में अब तक 32 से अधिक पेपर लीक और भर्ती घोटाले उजागर हो चुके है, लेकिन मुख्यमंत्री ने किसी के खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं की।

एचपीएससी के ताजा घोटाले में डेंटल सर्जन भर्ती के लिए 25-25 लाख रुपये लिखे जा रहे है। हरियाणा सरकार के जूनियर अधिकारी किसी बड़े नेता की आड़ में इस घोटाले को अंजाम दे रहे थे। यह आरोप भी विपक्षी नेताओं द्वारा लगाए जा रहे है। हरियाणा की राजनीति पर नजर रखने वाले जानकारों का कहना है कि मुख्यमंत्री नौकरशाहों और चाटुकारों के मक्कडज़ाल में उलझ कर रह गए है। राजनीति मैनेज करने के चक्कर में उनका प्रदेश के नौकरशाहों पर कोई अकुंश नहीं रह गया है क्योंकि सारा वक्त उन्हें राजनैतिक मामलों को निपटाने में लगाना पड़ रहा है। ऐलानाबाद उपचुनाव की ताजा हार व कई और मामलों ने उन्हें एक कमजोर मुख्यमंत्री साबित किया है, जहां तक बार-बार पेपर लीक होने व नौकरियों में धांधली की बात है, इससे प्रदेश में लाखों युवाओं के दिलों में यह बात घर कर गई है कि सरकार योग्यता के आधार पर जो नौकरियां देने का प्रचार करती है, ये सरासर गलत है, यहां हर स्तर पर घोटाले हो रहे है, भले ही इन घोटालों से मुख्यमंत्री का कोई सरोकार नहीं है, लेकिन सरकार का मुखिया होने के नाते सारी बुराई का ठीकरा उनके सिर पर ही फोड़ा जा रहा है। सरकार में शामिल मंत्री भी अब नौकरियों के मुद्दे पर ईमानदारी का खुलकर दावा नहीं कर पा रहे, जबकि पहले उनके पास उनकी विधानसभा का कोई युवा नौकरी में सिफारिश करवाने की बात लेकर जाता था तो वे स्पष्ट कहते थे कि मनोहर लाल की सरकार में केवल योग्यता से नौकरी मिलती है, लेकिन प्रदेश में हुए इस ताजा घोटाले ने उनके मुंह पर ताला लगा दिया है।

# सांसारिक जीवन का समायोजन


**हमें सचेत रहने के लिए सांसारिक जीवन को छोड़ने की आवश्यकता नहीं है। नमिता पिपरैया ने सचेत रूप से इसे शामिल करने के तरीके सुझाते हुए यह बताया**

हम अक्सर अपने दैनिक जीवन में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि हम धीमा होना और वर्तमान क्षण में जीना भूल जाते हैं। माइंडफुलनेस हमारी सांसों को देखने जितना आसान हो सकता है। यह उतना ही आसान हो सकता है जितना कि कुछ क्षण अपने आस-पास देखने और अपने परिवेश के बारे में तुच्छ विवरणों को नोटिस करने के लिए। दिमागीपन धीरे-धीरे खाने में भी है, पूरे ध्यान से चलने में, एक समय में केवल एक ही काम करने में भी इसका अनुभव किया जा सकता है। तो, आप देखते हैं, दिमागीपन कोई गूढ़ चीज नहीं है जिसके लिए हमें अपने सांसारिक जीवन को त्यागने की जरूरत है। इसके बजाय, यह हमारे आधुनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बनने का हकदार है, क्योंकि यह हमारी उत्पादकता और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करता है। यहां सरल तकनीकें दी गई हैं, जिनमें हम बेहतर तनाव प्रबंधन और अच्छे स्वास्थ्य के लिए अपने माइंडफुलनेस अभ्यास का निर्माण कर सकते हैं



- **ध्यान:** अपने घर में एक जगह खोजें, अधिमानतः जहां अपना अभ्यास शुरू करने के लिए ज्यादा अव्यवस्था न हो। आप प्रकृति में बाहर भी बैठ सकते हैं, बिना किसी व्याकुलता के। कुछ गहरी सांसें लें और प्रत्येक सांस छोड़ने के साथ, धीरे से अपने शरीर को आराम दें। अब ध्यान की कोई वस्तु चुनें, जैसे कि आपकी सांस, कोई फूल, कोई देवता या कोई भी चीज जो आपको आकर्षित करती हो। प्रत्येक सांस के साथ, अपनी चुनी हुई वस्तु पर अपना ध्यान बनाए रखने का अभ्यास करें। मन का बहना स्वाभाविक है, और हर बार जब वह ऐसा करता है, तो उसे अपनी चुनी हुई वस्तु पर वापस लाएं। आप एक बार में 20-30 मिनट तक मेडिटेशन में बिता सकते हैं। कुंजी यह है कि इसे सहज रखें और अपना ध्यान बनाए रखने के लिए बहुत अधिक प्रयास न करें। नियमित अभ्यास से आपकी एकाग्रता में वृद्धि हो सकती है और यह एक शक्तिशाली तनाव निवारक भी है।

- **मन लगाकर चलना:** कोई भी कहीं भी और हर जगह मन लगाकर चलने का अभ्यास कर सकता है, चाहे वह बगीचे में हो, घर के आसपास हो, समुद्र तट पर हो, या अपनी पसंद की किसी भी जगह पर हो। सबसे पहले, अपने नीचे की जमीन को महसूस करें और प्रत्येक चरण पर ध्यान केंद्रित करें। सतह पर चलते समय आपके पैरों की ग्राउंडिंग सनसनी से सावधान रहें। अपने आस-पास की हर आवाज को नोटिस करने की कोशिश करें, चाहे वह बहती हवा की हो, पक्षियों की चहकती हो या पेड़ों की आवाज हो। हर संवेदना के प्रति सचेत रहते हुए, अपने बालों और त्वचा के खिलाफ हवा को महसूस करें। धीरे से सांस लें और सांस छोड़ें, और ताजी हवा को महसूस करें। यह दिन की एक शानदार शुरुआत हो सकती है या कोई भी अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच बस एक ब्रेक लेकर इसका अभ्यास कर सकता है।



- **योग का अभ्यास करें:** अपनी गति को धीमा करने और अपने शरीर की गतिविधियों और श्वास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए समय निकालने के लिए योग का अभ्यास करना एक अविश्वसनीय गतिविधि है। योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने से मन और शरीर के बीच एक मजबूत संबंध बनाने में मदद मिलती है। कोई भी व्यक्ति अपने जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए 10-15 मिनट का एक छोटा ब्रेक ले सकता है और कुछ हल्की मूविंग और स्ट्रेचिंग कर सकता है। जब लक्ष्य दिमागीपन में सुधार कर रहा है, तो पूरी सांस जागरूकता के साथ लंबी अवधि के लिए खिंचाव के साथ आपका अभ्यास धीमा होना चाहिए।

- **प्राणायाम:** कोई एक प्राणायाम अभ्यास चुनें और इसे लगातार करें। समान श्वास और वैकल्पिक नथुने से सांस लेना दोनों बहुत अच्छी तकनीकें हैं, जो अधिकांश लोगों के लिए उपयुक्त हैं। सचेत और गहरी सांस लेने से व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से लाभ होता है। यह अभ्यास आपको पूरे दिन ऊर्जावान बनाए रखेगा और आपके मन में अच्छे-अच्छे विचारों को उत्तेजित करेगा, जिससे आपको तनाव और चिंता को शांत करने में मदद मिलेगी।

दिमागीपन अभ्यास आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने और प्रबंधित करने दोनों में बेहद सहायक होते हैं। सबसे आसान तरीका है अपने आप को अपने आस-पास की घटनाओं और अपने आस-पास की घटनाओं के प्रति एक गहन पर्यवेक्षक के रूप में बदलना। और फिर आप प्राणायाम, योग और ध्यान जैसी गतिविधियों में प्रगति कर सकते हैं।

**( लेखक योगनामा के संस्थापक और योग और आयुर्वेद जीवनशैली विशेषज्ञ हैं। )**

